नई दिल्ली

सोमवार 6 अप्रैल 2026

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 352
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 19.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप: मीनाक्षी, जैस्मीन, लोकेश, हर्ष व आकाश सेमीफाइनल में पहुंचे

# अब भारतीय रेलवे ला रहा है नए सुपर कोच, ट्रेन में मिलेगी प्लेन जैसी फीलिंग

सफल परीक्षण के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य ट्रेनों में भी ऐसे कोच लगाए जाएंगे

रेलवे ने मौजूदा कोच को अपग्रेड कर एक 'सैंपल कोच' तैयार किया


यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुरक्षा फीचर्स जुड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

भारतीय रेलवे ने ट्रेन यात्रा को पहले से ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक बनाने की दिशा में काम तेज कर दिया गया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी कि रेलवे नए और आधुनिक डिजाइन के कोच तैयार कर रहा है। इन कोच में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे सफर का अनुभव बेहतर हो सके। इसके अलावा ट्रेनों में लगे शौचालय को भी अपग्रेड करने की





योजना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार रेलवे ने मौजूदा कोच को अपग्रेड कर एक सैंपल कोच तैयार किया है। इस सैंपल कोच के सफल परीक्षण के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य ट्रेनों में भी ऐसे कोच लगाए जाएंगे। नए डिज़ाइन के कोच में सीटों को पहले से ज्यादा आरामदायक बनाया गया है। इसके साथ ही कोच के अंदर की लाइटिंग, वेंटिलेशन और साफ सफाई पर खास ध्यान दिया गया है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुरक्षा फीचर्स भी जोड़े जा रहे हैं, ताकि आपात स्थिति में बेहतर तरीके से निपटा जा सके।

### *अमृत भारत एक्सप्रेस में होगा पहला प्रयोग*

*रेलवे के मुताबिक अमृत भारत एक्सप्रेस के कोचों को खास डिजाइन के साथ तैयार किया जा रहा है। कोच के इंटीरियर को पूरी तरह नया रूप दिया गया है। फर्श पर पीवीसी फ्लोरिंग लगाई गई है, जबकि सीट और बर्थ पर नई रैक्सीन का इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ ही फोल्डेबल स्नैक टेबल, खिड़कियों के परदे और अत्याधुनिक शौचालय जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। इन सभी बदलावों में एक समान रंग संयोजन रखा गया है, जिससे कोच का अंदरूनी हिस्सा आकर्षक नजर आता है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366





## खबर संक्षेप

### लेह हवाई अड्डे पर प्रतिदिन 18 उड़ानें




**लेह।** लद्दाख में पर्यटन को और बढ़ावा देने का जिक्र करते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को कहा कि लेह हवाई अड्डे पर उड़ानों की संख्या प्रतिदिन आठ से बढ़ाकर 18 कर दी गई है। हवाई संपर्क के मजबूत होने से पर्यटकों को क्षेत्र में आने में आसानी होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि दो और उड़ानें मिलेंगी।

### आरएसपी के नेता आर्यल नेपाल के संसद अध्यक्ष

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता डोल प्रसाद आर्यल रविवार को संसद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने रविवार दोपहर अपने कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आर्यल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। आरएसपी के उपाध्यक्ष आर्यल संघीय संसद के निचले सदन की बैठक में निर्विरोध चुने गए।

### काला जादू के आधार पर 1.66 करोड़ की धोखाधड़ी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक परिवार के काले जादू के डर का फायदा उठाकर एक व्यक्ति ने उससे कथित तौर पर 1.66 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की। आरोपी ने परिवार के काले जादू के डर का फायदा उठाया और उन्हें व्यापक अनुष्ठानों और तीर्थयात्राओं के माध्यम से दैवीय उपचार का वादा किया।

'नेशनल मेरीटाइम डे' के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

# लोगों की मेहनत व समर्पण को सराहा, देश के समुद्री क्षेत्र की अपार क्षमता का उपयोग करेंगे

*21वीं सदी में भारत में बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई*



एजेंसी ▶▶ कूचबिहार

पीएम मोदी 'नेशनल मेरीटाइम डे' के अवसर पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्रियों ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों के योगदान को सराहा।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि यह दिन भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को याद करने और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर है। समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों की मेहनत और समर्पण देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और कनेक्टिविटी को मजबूत बनाता है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत अपने समुद्री क्षेत्र की अपार संभावनाओं का उपयोग कर एक समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ता रहेगा।

भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को याद किया

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों ने भी दी शुभकामनाएं



पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश भी साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में, भारत का समुद्री क्षेत्र तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हमने सदियों पुराने औपनिवेशिक शिपिंग कानूनों की जगह 21वीं सदी के आधुनिक और भविष्योन्मुखी कानून लागू किए हैं। ये नए कानून राज्य समुद्री बोर्डों को सशक्त बनाते हैं, सुरक्षा और स्थिरता को मज़बूत करते हैं

### नाविकों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को सलाम



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश के नाविकों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को सलाम किया। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट के जरिए कहा कि भारत की समुद्री विरासत हमारी ताकत है और यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार को आगे बढ़ाने के साथ-साथ देश के तटीय इलाकों की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाता है।

अमित शाह ने कहा

### देश के विकास को आगे बढ़ाने में रहे अहम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर भारत के समुद्री क्षेत्र के कर्मियों को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि शांति के समय हो या मुश्किलों भरे दौर में, देश के विकास को आगे बढ़ाने में आपके पेशेवरपन और साहस ने अहम भूमिका निभाई है। देश आपकी निष्ठा को सलाम करता है।

### दिलेर नाविकों को बधाई: पुरी



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, सदियों से भारत की समुद्री मार्गों के ज़रिए दुनिया से जुड़ने की एक गौरवशाली परंपरा रही है। राष्ट्रीय समुद्री दिवस के मौके पर मैं साहसी और दिलेर नाविकों को बधाई देता हूं।

### राष्ट्रीय समुद्री दिवस की अहमियत

राष्ट्रीय समुद्री दिवस हर साल 5 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन 1919 में भारत के पहले स्वामित्व वाले जहाज 'एसएस लॉयल्टी' की मुंबई से लंदन तक की पहली यात्रा की याद में मनाया जाता है। उस समय भारतीय शिपिंग ने ब्रिटिश एकाधिकार को चुनौती दी थी।

इस दिन का पहला आयोजन 1964 में किया गया था। भारत के विजन 2047 के तहत समुद्री क्षेत्र को और मजबूत बनाने की योजना है। वर्तमान में यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 4 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसे 2047 तक बढ़ाकर दो अंकों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और 1 करोड़ से ज्यादा नई नौकरियां पैदा करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया। है।

# खरगे बोले-केरलम में चल रही बदलाव की हवा, कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार का बनना तय



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि केरलम में बदलाव की हवा चल रही है और कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार का बनना तय है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रगतिशील विचारधारा और सामाजिक न्याय के प्रतीक केरलम को एलडीएफ शासन ने भ्रष्टाचार, आर्थिक कुप्रबंधन व बेरोजगारी में धकेल दिया है। केरलम में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान इडुक्की की विशाल जनसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में एलडीएफ केवल घोटालों और भ्रष्टाचार की सरकार बनकर रह गई है। उन्होंने लाइफ मिशन हाउसिंग घोटाला, सबरीमाला मंदिर से सोना चोरी जैसे मामलों का जिक्र करते हुए सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा। खरगे ने जनसभा को संबिधित करते हुए कहा कि केरलम के मुख्यमंत्री विजयन स्वतंत्र नहीं हैं, बल्कि मोदी उन्हें नियंत्रित कर रहे हैं। विजयन मोदी के रास्ते पर चल रहे हैं। बस फर्क इतना है कि एक का झंडा केसरिया है और दूसरे का लाल, लेकिन दोनों की कार्यशैली एक जैसी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा एक भी सीट नहीं जीतने वाली है। कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार के एफसीआरए संशोधन बिल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ ईसाई संस्थाओं, बल्कि सिविल सोसाइटी, स्वयंसेवी संगठनों और गरीब कल्याण कार्य करने वाली संस्थाओं पर हमला है। जिस तरह वक्फ संशोधन विधेयक से मुस्लिम समाज के बीच डर पैदा हुआ, उसी तरह यह एफसीआरए विधेयक ईसाई समुदाय के बीच भय पैदा करेगा। यह शासन नहीं, बल्कि चुनिंदा तौर पर निशाना बनाने की राजनीति है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक संस्थाओं को कमजोर करने की कोई भी कोशिश संविधान का अपमान है और केरलम की जनता भाजपा-आरएसएस के खेल को समझ गई है। उन्होंने पूछा कि केरलम के मुख्यमंत्री यह क्यों नहीं बताते कि दिल्ली में उनके दोस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा क्यों किया? उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा और मोदी द्वारा किए जाने वाले ऐसे किसी भी अन्याय के खिलाफ दीवार की तरह खड़ी रहेगी। खरगे ने राज्य की बदहाल आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि 2016 में केरलम पर 1.57 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, जो आज बढ़कर ▶▶ शेष पेज 5 पर

# तो पंजाब, हरियाणा नॉर्थ ईस्ट के छोटे राज्यों का होगा नुकसान, परिसीमन पर पीएम मोदी के दावे पर जयराम ने लगाए आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश में लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सह महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव को "भ्रामक" और जनता को गुमराह करने की कोशिश वाला बताया। चुनावी सभाओं के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कहा कि यदि लोकसभा की सीटों की संख्या में 50 फीसदी की वृद्धि की जाती है और सभी राज्यों की सीटें समान अनुपात में बढ़ाई जाती हैं, तो किसी भी राज्य खासकर दक्षिण भारत को नुकसान नहीं होगा। जबकि जयराम ने इसे न केवल वास्तविकता से परे बताया बल्कि ऐसा करने पर राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व का संतुलन बिगड़ने के खतरे से सावधान करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, वर्तमान में उप्र और केरलम के बीच लोकसभा सीटों का अंतर लगभग 60 का है। यदि 50 फीसदी वृद्धि विधानसभा में लागू होती है, तो यह अंतर बढ़कर 90 सीटों तक पहुंच जाएगा। इसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

फिल्मी अंदाज में दिया घटना को अंजाम

# बिहार में 25 करोड़ की लूट ले भागे '17 किलो' सोना

एजेंसी ▶▶ पटना



यहां अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। दानापुर के खगौल थाना क्षेत्र में कस्टम अधिकारी बनकर बदमाशों ने स्वर्ण व्यवसायी के स्टाफ से करीब 17 किलो सोना लूट लिया, जिसकी कीमत लगभग 25 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गुजरात के राजकोट निवासी महेश मामतोरा और प्रिंस रामपरिया का स्टाफ अहमदाबाद से सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन से दानापुर पहुंचा था। उन्हें बाकरगंज स्थित केवीएस एंड सन्स जाना था। दानापुर जंक्शन से उन्होंने ऑटो लिया, लेकिन कुछ दूरी पर ओवरब्रिज ▶▶ शेष पेज 5 पर

अब बाबा विश्वनाथ के धाम में भी गूंजेगी भारतीय कालगणना

# सीएम की पहल पर काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थापित हुई विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकाल के केंद्र उज्जैन से निकली भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा अब बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में भी जीवंत हो उठी है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष पहल पर भारतीय कालगणना पर आधारित विश्व की प्रथम 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' को उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ ▶▶ शेष पेज 5 पर






धुंआधार प्रचार करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाए आरोप

# राहुल गांधी ने कहा- हिमंत बिस्वा सरमा के भ्रष्टाचार को असम की जनता माफ नहीं करेगी, सजा तय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ कानून के तहत सजा तय है और प्रदेश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में धुंआधार प्रचार करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को विश्वनाथ और गोलाघाट की जनसभाओं में कहा कि असम शंकरदेव और जुबिन गर्ग की जमीन है, जिन्होंने प्रदेश को जोड़ने का काम किया। लेकिन आज प्रदेश के मुख्यमंत्री 24 घंटे नफरत फैलाने और उल्टी-सीधी बातें करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डर की वजह से रात को सो भी नहीं पाते हैं और उल्टी- सीधी बात कर रहे हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि कांग्रेस के बब्बर शेर उन्हें जेल भेजने वाले हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को चेतावनी दी कि वे जितना जंप लगाना है लगा लें, लेकिन उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। असम की जनता और कांग्रेस मुख्यमंत्री को छोड़ने वाली नहीं है। भारी भीड़ से गदगद राहुल गांधी ने भाजपा सरकार द्वारा उद्योगपतियों को जमीन देने का हवाला देते हुए कहा कि असम दिल्ली में बैठी केंद्र सरकार के लिए एटीएम बन गया है।



उन्होंने कहा कि भ्रष्ट मुख्यमंत्री ने जनता की हजारों बीघा जमीन अडानी, अंबानी जैसे उद्योगपतियों और बाबा रामदेव को दे दी है। उन्होंने कहा कि यह जमीन मुफ्त में नहीं दी जा रही है, इसके बदले भाजपा और मुख्यमंत्री को पैसा, समर्थन व मीडिया में समय मिलता है। भाजपा सरकार के खिलाफ जनता के नारों के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने अमेरिका के दबाव में आकर भारत के हितों की अनदेखी करने को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुरजोर तरीके से घेरा। उन्होंने याद दिलाया कि अमेरिका ने अभी एपस्टीन की लाखों फाइलें सार्वजनिक नहीं की हैं, उन फाइलों में प्रधानमंत्री मोदी के चरित्र की पूरी जानकारी है। यही कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जैसे ही ट्वीट करते हैं, मोदी कांपने लगते हैं कि वह फाइल जारी न कर दें। उन्होंने मोदी के दबाव में होने का दूसरा कारण अडानी पर अमेरिका में दर्ज केस को बताया। उन्होंने कहा कि ट्रंप को मोडानी (मोदी और अडानी) के बीच के रिश्ते की सच्चाई पता चल गई है, इसी कारण यह केस दर्ज किया गया है। ट्रंप जानते हैं कि अडानी भाजपा का वित्तीय सिस्टम है। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, सरमा, अडानी सभी बिजनेस पार्टनर हैं, जो मिलकर असम को लूटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरमा ने अपने भ्रष्टाचार में पूरे परिवार को शामिल ▶▶ शेष पेज 5 पर

# निवेश से जुड़े साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट का सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बेहद संगठित साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। यह गैंग बड़े पैमाने पर ऑनलाइन निवेश घोटालों में शामिल था। इस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें मुख्य सरगना करण कजारिया भी शामिल है। इसने नेटवर्क को चलाने में केंद्रीय भूमिका निभाई थी।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार इस मामले की शुरुआत नई दिल्ली के रहने वाले सुल्तान द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत से हुई थी, जिसके साथ एक फर्जी निवेश योजना के जरिए 31 लाख 45 हजार की धोखाधड़ी की गई थी। इस योजना में ऊंचे रिटर्न का वादा किया गया था। पीड़ित को पहले एक व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए लुभाया गया और बाद में उससे सीवेंचर नाम का एक फर्जी ट्रेडिंग एप्लिकेशन इंस्टॉल करवाया गया था। इसके बाद पैसे कई बैंक खातों में ट्रांसफर करवाये गये थे। जब पीड़ित ने अपने मुनाफे को निकालने की कोशिश की, तो एप्लिकेशन ने काम करना बंद कर दिया और वह ग्रुप भी गायब हो गया। केस की जांच क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल को सौंपी गई थी।

### करण कजारिया की भूमिका

करण कजारिया इस सिंडिकेट के मुख्य संचालक और सरगना के रूप में सामने आया। उसके अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क के साथ सीधे संपर्क थे, विशेष रूप से उन नेटवर्कों के साथ जो कंबोडिया से संचालित होते थे। कजारिया भारतीय ऑपरेटिव्स और विदेश में बैठे साइबर फ्रॉड सिंडिकेट के बीच मुख्य कोऑर्डिनेटर के तौर पर काम करता था। अपने साथियों के जरिए म्यूल बैंक अकाउंट हासिल करना और उन्हें बांटना उसका मुख्य कार्य था। क्रिप्टोकरेंसी चैनलों के जरिए पैसों के लेन देन और कमीशन में भी वह मदद करता था। कजारिया ने विदेश में रहकर और झूठा दावा करके कि वह बैंकॉक में है, गिरफ्तारी से बचने की कोशिश की। उसके खिलाफ एक 'लुक आउट सर्कुलर' भी जारी किया गया था, जिसके चलते कोलकाता एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उसे गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया। जब कजारिया को ठोस डिजिटल और तकनीकी सबूत दिखाए गए, तो उसने सिंडिकेट में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। जांच में पता चला कि उसके नेटवर्क से जुड़े बैंक खाते नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज दो हजार से ज्यादा शिकायतों से जुड़े थे। इनमें अनुमानित धोखाधड़ी की रकम 300 करोड़ से ज्यादा बताई गई है।

# पड़ोसियों के बीच झड़प में दुकानदार की हुई मौत, दो अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिमी जिले के शकूरपुर इलाके में पड़ोसियों के बीच हुई झड़प में एक दुकानदार की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। इस संबंध में सुभाष प्लेस थाने में मामला दर्ज किया गया है और तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर अन्य की पहचान की जा रही है।

पुलिस के अनुसार चार अप्रैल की रात लगभग 9:10 बजे, संजय पार्क, के ब्लॉक, शकूरपुर में दुकानदार राजकुमार (50) पुत्र हरि शंकर गुप्ता और उसके पड़ोसियों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद यह घटना हुई। विवाद के दौरान आरोपियों ने पीड़ितों पर लाठी, सरिया और चाकुओं से हमला किया। हमले में घायल राजकुमार को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया जबकि अन्य दो घायलों का इलाज जारी है। क्राइम टीम और एफएसएल टीमों ने भी घटनास्थल का मुआयना किया।

- उत्तर पश्चिमी जिले के शकूरपुर इलाके की घटना

सुभाष प्लेस थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। घायल व्यक्तियों के नाम सुमित गुप्ता (25) पुत्र राजकुमार गुप्ता और किशन गुप्ता (45) पुत्र हरि शंकर गुप्ता बताये गये हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें नाम सुमित उर्फ सुम्मा (25–30) पुत्र नंद किशोर, आशीष उर्फ आशु और चेतन हैं। सुमित और उसका पिता नंद किशोर अभी अस्पताल में भर्ती और उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया है। दिल्ली पुलिस ने जनता से अनुरोध है कि वे गुस्से में अपना आपा न खोएं और हर समय शांति बनाए रखें। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे अपने पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से रहें। आपसी सम्मान और सद्भावना बनाए रखें और हिंसा का सहारा लेने के बजाय विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाएं।

# सुरेंद्र फौजी गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, पिस्तौल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने सुरेंद्र फौजी गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद हुये हैं। गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम राकेश बंजारा बताया गया है। वह गुरुग्राम का रहने वाला है तथा उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और लूट समेत 25 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार तीन अप्रैल को सूचना मिली थी कि बंजारा अपने परिजनों से मिलने हैदरपुर गांव आएगा। इस दौरान उसके पास अवैध हथियार होगा। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने एक होटल के पास जाल बिछाया। करीब साढ़े तीन बजे एक कार को रोककर तलाशी ली गई और उसमें मौजूद शख्स की पहचान राकेश के रूप में हुई। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बंजारा ने पुलिस को बताया कि वह गुरुग्राम और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय एक गैंगस्टर है एवं लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। आरोपी ने यह भी बताया कि उसने करीब तीन वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति से अवैध रूप से यह हथियार लिया था और गैंग प्रतिद्वंद्विता तथा निजी दुश्मनी के कारण इसे अपने पास रखा था। आगे पूछताछ में पता चला कि वह हैदरपुर गांव में अपने ससुराल पक्ष के लोगों से मिलने आया था।

## आजादपुर में डीटीसी बस से कुचलकर युवक की मौत

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर थाना इलाके आजादपुर में डीटीसी बस से कुचलकर एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक युवक का नाम आकाश बताया गया है। वह परिवार के साथ शालीमार बाग के साहिपुर गांव का रहने वाला था। शव को मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार रविवार शाम लगभग 05:30 बजे आदर्श नगर थाने में मॉडल टाउन थाने से कॉल ट्रांसफर हुई, जिसमें एक जानलेवा सड़क दुर्घटना के बारे में बताया गया। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आकाश पुत्र जुगल किशोर, निवासी मकान नंबर 37, गली नंबर 4/6, साहिपुर गांव, शालीमार बाग को एक डीटीसी बस ने बुरी तरह टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। जांच के लिए क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। मृतक के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। शव को सुरक्षित रखने और पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल के मुर्दाघर भेजा गया है। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसकी पहचान की जा रही है।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नई दिल्ली।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, गलत खानपान और लगातार बैठकर काम करने की आदतों के कारण सर्वाइकल, सायटिका, जोड़ों का दर्द, माइग्रेन और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं आम होती जा रही हैं। ऐसे में राजधानी के शहरी जीवन में तेजी से बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याओं के बीच मयूर विहार स्थित नीलम माता मंदिर के सामने निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसने आमजन को बड़ी राहत दी। यह शिविर सिर्फ एक सामान्य स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की बीमारियों को समझकर उनके समग्र उपचार पर केंद्रित रहा। ऐसे में इस शिविर में न्यूरोथेरेपी और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से मरीजों को बिना दुष्प्रभाव के राहत देने का प्रयास किया गया। शिविर में एक्युरेथेपिस्ट ,योगाचार्य गायत्री वशिष्ठ, न्यूरोथेरेपीस्ट नीरज कुमार, डॉ. रंजीत,विष्णु बघेल और अमित,राजेश वर्मा सहित विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों की गहन जांच की। एक्युरेथेपिस्ट गायत्री वशिष्ठ के अनुसार, लकवा, माइग्रेन और पेट संबंधी समस्याओं के कई मरीजों में शुरुआती स्तर पर ही सुधार संभव है, यदि समय रहते सही इलाज और जीवनशैली में बदलाव किया जाए। स्थानीय निगम पार्षद देवेंद्र कुमार ने भी शिविर का निरीक्षण किया और कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल इलाज उपलब्ध कराते हैं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करते हैं। न्यूरोथेरेपीस्ट नीरज कुमार ने कहा कि यह शिविर इस बात का उदाहरण बना कि यदि चिकित्सा सेवाएं जनसामान्य के करीब लाई जाएं और बीमारियों को जड़ से समझकर इलाज किया जाए, तो समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है।

## किराये के घर में दो भाई मृत मिलें

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में शनिवार शाम दो भाई मृत पाये गये। पुलिस को दोनों के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी की है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट से मौत की वजह साफ होगी। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम लगभग 6:55 बजे उत्तम नगर थाने में प्राप्त एक पीसीआर कॉल के माध्यम से कॉलर ने सूचित किया कि मोहन गार्डन में मेट्रो पिलर नंबर 743 के पास स्थित एक घर में दो शव मिले हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और देवेंद्र (50) निवासी मोहन गार्डन और अमित कुमार (48) निवासी जेजे कॉलोनी, हस्तसाल के शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाये। जांच में पता चला कि दोनों भाई थे और 65 वर्षीय नरेश नामक व्यक्ति के किराए के मकान में रह रहे थे। आवश्यकतानुसार क्राइम और एफएसएल विशेषज्ञों की टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शवों पर कोई भी बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। बीएनएसएस की धारा 194 के तहत जांच शुरू की गई है।

# वीडियो वायरल होने के बाद दूध दही चोर गिरोह के दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बाहरी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्कवायड ने कुछ दिन पहले उत्तम नगर इलाके में दुध और दही की क्रेट चोरी का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और दूध चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी दूध की आपूर्ति करने वाले वाहनों का पीछा करते थे और डिलीवरी के दौरान बिना निगरानी के छोड़े गए क्रेट चुरा लेते थे। इस काम में चोरी के वाहनों का इस्तेमाल किया जाता था।

बाहरी जिले के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि एक टीम ने 300 से अधिक सीसीटीवी क्लिप का विश्लेषण किया और स्थानीय खुफिया जानकारी की मदद से सुराग जुटाए। इसके परिणामस्वरूप दो संदिग्धों मोहित उर्फ पाठा (27) और आयुष मान पांडे उर्फ पंडित (19) की पहचान हुई। दोनों रनहौला के रहने वाले हैं। डीसीपी के मुताबिक 26 मार्च का यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा था, जिसके बाद दूध के क्रेट और डेयरी उत्पादों की चोरी में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया। तीन अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि दोनों विकास नगर के एक गिरजाघर के पास पहुंचेंगे। एक जाल बिछाया गया और दोनों को एक तिपहिया वाहन से जाते समय पकड़ लिया गया। इनकी गिरफ्तारी से वाहन चोरी और दुध चोरी सहित कुल पांच मामले सुलझा लिए गए हैं।

## अकाली दल बादल को बड़ा झटका रियात साथियों सहित शिरोमणि अकाली दल दिल्ली में शामिल

**नई दिल्ली।** राजधानी की सिख राजनीति में गुरुद्वारा चुनावों से ठीक पहले शिरोमणी अकाली दल बादल को दिल्ली में उनके ही नेताओं ने बड़ा झटका दे दिया है। पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह रियात ने रविवार को अपने साथियों सहित शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट का दामन थाम लिया। इस अवसर पर मौजूद दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों और पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सरदार एम.पी.एस. चड्ढा ने सरदार रियात और उनके साथियों को पार्टी में शामिल होने पर सिरोपा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बोलते हुए कालका ने कहा कि दिल्ली कमेटी के आने वाले चुनावों में शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट भारी बहुमत से जीतेगी। क्योंकि अकाली दल बादल में 25 वर्षों से भी अधिक समय से वरिष्ठ नेता अब हमारे साथ है। रयात केवल नेता नहीं है, उन्होंने पार्टी से जुड़े रहकर अहम सेवाएं निभाई है। अब रामगढ़िया ऑल इंडिया विश्वकर्मा फेडरेशन के प्रधान सरदार सुखदेव सिंह रियात आज अपने सैकड़ों साथियों सहित शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल हो गए जो दर्शाता है कि हमारी नियत और नीति दोनों साफ हैं। कालका ने घोषणा की कि पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सरदार रियात को पार्टी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। उन्होंने इस मौके पर बीबी रणजीत कौर और सरदार सुखदेव सिंह बब्बर का विशेष धन्यवाद किया, उन्होंने सरदार रियात को पार्टी में शामिल करवाने में अहम भूमिका निभाई।

# दिल्ली को हरा-भरा बनाने के लिए 17 प्रमुख विभागों को धनराशि आवंटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- यमुना सफाई और ई-बसों पर सबसे ज्यादा जोर

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली को हरा-भरा बनाने की जिम्मेदारी अब अलग-अलग विभागों को सुनियोजित तरीके से सौंप दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुल 17 प्रमुख विभागों को चरणबद्ध रूप में धनराशि आवंटित की गई है ताकि हर क्षेत्र में समन्वित तरीके से काम हो सके। गौरतलब है कि राजधानी की आबोहवा सुधारने और आने वाली पीढ़ियों को प्रदूषण-मुक्त भविष्य देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए हाल में 'ग्रीन बजट' का व्यापक और संतुलित खाका प्रस्तुत किया था। इस बजट में कुल 1 लाख 3 हजार 700 करोड़ रुपये के राज्य बजट में से 22 हजार 236 करोड़ रुपये (21.44 प्रतिशत) विशेष रूप से हरित योजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं, जो सरकार की पर्यावरणीय प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। मुख्यमंत्री के अनुसार ग्रीन बजट का सबसे बड़ा हिस्सा लगभग 6 हजार 485 करोड़ रुपये दिल्ली जल बोर्ड को दिया गया है, जिसका उपयोग यमुना की सफाई और जल उपचार परियोजनाओं में किया जाएगा। इसके बाद परिवहन विभाग को 4 हजार 758 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनका लक्ष्य ई-बसों को बढ़ावा देना और स्वच्छ परिवहन प्रणाली को मजबूत करना है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को 3 हजार 350 करोड़ रुपये दिए गए हैं, जिनसे धूल नियंत्रण और हरित बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। वहीं योजना विभाग को 2 हजार 350 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं ताकि विभिन्न हरित परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की जा सके। शहरी विकास विभाग और डूसिब को मिलाकर 2 हजार 273 करोड़ रुपये दिए गए हैं, जिनका उपयोग विशेष पर्यावरणीय अभियानों में होगा। वहीं, बिजली विभाग को 1 हजार 410 करोड़ रुपये सौर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य विभागों को भी 'हरित कोष' के तहत महत्वपूर्ण राशि दी गई है। पर्यावरण विभाग को प्रदूषण नियंत्रण की प्रमुख योजनाओं के लिए 558 करोड़ रुपये, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को जल संरक्षण कार्यों के लिए 305 करोड़ रुपये, और विकास विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए 258 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

# कश्मीरी गेट आईएसबीटी में बंद स्टॉलों से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं



दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित अंतरराज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी) परिसर में खाने-पीने के स्टॉल बंद होने से यहां रोजाना आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद्य सामग्री संबंधी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यात्रियों को मजबूरी में बाहर से महंगे और असुरक्षित खाद्य पदार्थ खरीदने पड़ रहे हैं। आईएसबीटी से अन्य जगहों जाने वाले यात्रियों ने बताया कि पहले यहां परिसर के अंदर खाद्य पदार्थों, पुस्तकों सहित अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं के स्टॉल खुले थे लेकिन अब ये स्टॉल बंद हो गए हैं। जिसके कारण दिल्ली सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं, डीटीआईडीसी के विशेष आयुक्त (परिवहन) सह प्रबंध निदेशक आईएएस विश्वेन्द्र का कहना है कि इस संबंध में बोर्ड बैठक में निर्णय लिया जाएगा। यात्री बताते हैं कि दुकानें बंद होने से अवैध रूप से फेरी लगाकर खाद्य सामग्री बेचने वालों को भी आसानी से देखा जा सकता है और यात्रियों को समय अभाव के चलते उन्हें मनमानी कीमतें भी देनी पड़ती है। यह अवैध अतिक्रमण न केवल यहां की व्यवस्था को बिगाड़ रहा है, बल्कि इसके पीछे भ्रष्टाचार के पनपने की आशंकाएं भी गहरा रही हैं।

### गिरफ्तारी ने किया भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को उजागर

हाल ही में एक गंभीर मामला सामने आया, जिसमें पानी की बोतल बेचने वाले एक व्यक्ति से पुलिस द्वारा हजारों रुपये की रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगा। शिकायत के आधार पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कार्रवाई करते हुए संबंधित पुलिसकर्मी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इस घटना ने आईएसबीटी परिसर और आसपास में फैले भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को उजागर कर दिया है।

### बंद पड़े स्टॉलों को दोबारा शुरू करना चाहिए

जागरूक यात्रियों का कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द बंद पड़े स्टॉलों को दोबारा शुरू करना चाहिए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। साथ ही, पूरे परिसर में निगरानी बढ़ाने और भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की भी मांग की जा रही है।

- अवैध वेंडिंग और भ्रष्टाचार को मिल रहा बढ़ावा
- दिल्ली सरकार को हो रहा राजस्व का नुकसान

## दो करोड़ की दवाईयां जब्त, फर्जी जीएसटी फर्म नेक्सस का भी पर्दाफाश

# नकली दवा बनाने वाले अंतर्राज्यीय रैकेट का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने नकली दवाओं के अंतर्राज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ किया है। अवैध निर्माण इकाई का पता लगाकर करीब दो करोड़ रुपये कीमत की दवाईयां जब्त की गई। इसके साथ ही नकली जीएसटी फर्मों के गठजोड़ का भी खुलासा किया गया है। पुलिस के अनुसार इस कार्रवाई में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया गया है। 1.2 लाख से अधिक नकली टैबलेट, कैप्सूल जब्त किए गए। एक अवैध दवा निर्माण इकाई का भंडाफोड़ हुआ और 50 करोड़ रुपये के नकली जीएसटी बिलिंग नेटवर्क का पता चला।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार एक जानकारी पर कार्रवाई करते हुए 11 मार्च को शाहदरा स्थित बिहारी कॉलोनी में एक छापा मारा गया था। इस छापे के दौरान निखिल अरोड़ा उर्फ सनी को गिरफ्तार किया गया था। वह भागीरथी पैलेस में बाबा श्याम मेडिकोस नाम से एक थोक दवा की दुकान चलाता था। कुल 1,20,535 नकली टैबलेट कैप्सूल बरामद किए गए थे। ये दवाएं आमतौर पर मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन), संक्रमण, लिवर संबंधी विकारों और सूजन के इलाज के लिए लिखी जाती हैं।

### फर्जी जीएसटी कंपनियां और उनके काम करने का तरीका

इस मामले की एक अहम बात यह है कि एक बहुत ही सुनियोजित फर्जी जीएसटी कंपनी रैकेट का पर्दाफाश हुआ है, जिसने गैर-कानूनी दवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। फर्जी **GST** कंपनियों के जरिए बनाए गए नकली इनवॉइस का इस्तेमाल करके नकली दवाओं की सप्लाई की जाती थी। ये कंपनियां सिर्फ कागजों पर मौजूद थीं और इन्हें असली कारोबारी गतिविधियों को छिपाने, टैक्स और सरकारी जांच से बचने, गैर-कानूनी लेन-देन को कानूनी जामा पहनाने, नकली दवाओं के स्रोत और मंजिल को छिपाने के लिए बनाई जाती थी। पेमेंट और सप्लाई चेन इन्हीं कंपनियों के जरिए चलाई जाती थीं। दो आरोपी शाहरुख और राहुल इस नेटवर्क को टेलीग्राम और व्हाट्सएप के जरिए चला रहे थे। वे बनी-बनाई फर्जी जीएसटी कंपनियां और नकली बिलिंग सेवाएं मुहैया कराते थे। उनके मोबाइल फोन की जांच से कई फर्जी जीएसटी कंपनियों की जानकारी, लगभग 50 करोड़ के नकली इनवॉइस और कई राज्यों में मौजूद अलग-अलग लोगों से तार जुड़े होने की जानकारी मिली। यह जीएसटी रैकेट नकली दवाओं के नेटवर्क की आर्थिक रीढ़ की तरह काम कर रहा था। जांच के दौरान जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है उनके नाम निखिल अरोड़ा (थोक विक्रेता), निवासी बिहारी कॉलोनी, शाहदरा, शिवम त्यागी (सप्लायर), निवासी सिहानी, गाजियाबाद, मयंक अग्रवाल (सप्लायर), निवासी बाग कॉलोनी, मोदीनगर, यूपी, मोहित कुमार शर्मा (उत्तराखंड का मुख्य सप्लायर), निवासी रुड़की, हरिद्वार, शाहरुख निवासी मलिक नगर, मुरादनगर, यूपी और राहुल (दोनों फर्जी जीएसटी कंपनियां मुहैया कराने वाले), निवासी स्वरूप नगर, दौलतपुर, दिल्ली पता चले हैं। आरोपी मोहित शर्मा की निशानदेही पर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक अवैध दवा निर्माण इकाई पर छापा मारा गया। इस इकाई को मोहम्मद अकदस सिद्दीकी (फरार) चला रहा था। लगभग 1000 वर्ग गज में फैली यह इकाई बड़े पैमाने पर नकली दवाओं के उत्पादन में लिप्त थी।

# सरकारी दवाओं की हेराफेरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- डीडीयू अस्पताल में फार्मासिस्ट समेत पांच गिरफ्तार
- 70 लाख की दवाएं बरामद

क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे संगठित गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है, जो सरकारी अस्पतालों में मुफ्त वितरण के लिए दी जाने वाली सरकारी दवाओं की अवैध हेराफेरी और बिक्री में शामिल था। पहले तीन आरोपियों नीरज कुमार, सुशील कुमार और लक्ष्मण मुखिया को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे एक टेम्पो और एक कार में दवाओं की एक बड़ी खेप ले जा रहे थे। कारों पर सरकारी आपूर्ति, बिक्री के लिए नहीं) का निशान लगा हुआ था। वाहनों के साथ-साथ, एंटीबायोटिक्स और क्रिटिकल केयर इंजेक्शन सहित आवश्यक दवाओं की एक बड़ी मात्रा बरामद की गई। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि आरोपी पिछले 1 से 1.5 साल से दलालों की एक श्रृंखला के माध्यम से इस अवैध आपूर्ति नेटवर्क को चला रहे थे। इनकी निशानदेही पर डीडीयू अस्पताल में फार्मासिस्ट और एक हेल्पर को भी पकड़ा गया है। रैकेट में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार 2 अप्रैल को टीम जय भारत ट्रांसपोर्ट, राजेंद्र मार्केट, तीस हजारी, दिल्ली पहुंची। मौके पर तीनों आरोपियों को एक महिंद्रा चैंपियन टेम्पो और एक बलेनो कार में दवाओं की एक बड़ी खेप ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। सरकारी अस्पतालों में विशेष रूप से मुफ्त वितरण के लिए निर्धारित दवाओं की एक बड़ी मात्रा बरामद की गई। जब्त किए गए स्टॉक में ज्यादा कीमत वाले एंटीबायोटिक्स और गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल थीं। बरामद की गई सभी दवाएं और गाड़ियां, कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए केस प्रॉपर्टी के तौर पर जब्त कर ली गई और क्राइम ब्रांच थाने में एक मामला दर्ज किया गया। इनकी निशानदेही पर दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें बिनेश कुमार डीडीयू अस्पताल में फार्मासिस्ट/स्टोर कीपर और अस्पताल में कांट्रैक्ट पर कार्यरत हेल्पर प्रकाश महतो शामिल है। ये दोनों अस्पताल के स्टॉक से दवाएं निकालकर उन्हें अवैध रूप से बेचने के काम में सक्रिय रूप से शामिल थे। इसके लिए वे अस्पताल के रिकॉर्ड में हेर-फेर करते थे। इनके अन्य साथियों की पहचान करने, पैसों के लेन-देन का पता लगाने और इस पूरे रैकेट का पर्दाफाश करने की कोशिशें जारी हैं।

## खबर संक्षेप

### ड्रेन नंबर-6 की डीसिल्टिंग शुरू, जलभराव से राहत की तैयारी

नई दिल्ली। नरेला विधानसभा क्षेत्र में आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। क्षेत्र के विधायक राजकरण खत्री के अनुसार, हर वर्ष की तरह इस बार भी ड्रेन नंबर-6 की नियमित डीसिल्टिंग (सफाई) का कार्य शुरू कर दिया गया है, ताकि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे और जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। विधायक खत्री ने बताया कि संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यह कार्य तय समयसीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में अक्सर जलभराव के कारण स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिसे देखते हुए इस बार पहले से ही ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को मिला जनसमर्थन : चहल

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को नई दिल्ली के लक्ष्मीबाई नगर मार्केट (सेंट्रल गवर्नमेंट ऑफिसर्स) तिकोना पार्क में 'एक पेड़ माँ के नाम ऑन संडे' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। यहां चहल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से यह अभियान जारी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे और उन्होंने भी वृक्षारोपण में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपाध्यक्ष चहल ने स्थानीय निवासियों के साथ पौधे लगाए और कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रारंभ किया गया एक भावनात्मक एवं सामाजिक जन-अभियान है, जिसके माध्यम से लोगों को अपनी माँ के सम्मान में एक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### अधिकारी भर रहे है अपनी तिजोरी : यादव


नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम भ्रष्टाचार की काली कमाई के बड़े अड्डे में तब्दील हो चुका है, जिसमें उच्च अधिकारियों, जे.ई., सिविक सेंटर में बैठे लोग और बेलदार जैसे छोटे कर्मचारी तक नेताओं की मिलीभगत से अपनी अपनी तिजोरी भरने में लगे हैं। उन्होंने शाहदरा उत्तरी जोन के उपायुक्त, प्रशासनिक अधिकारी और बेलदार की गिरफ्तारी पर बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि निगम सरकार में भ्रष्टाचार को उजागर हो रहे है जो भाजपा की कथनी और करनी को खोलकर रखता है। यादव ने कहा कि भाजपा की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ बखान और बयान तक ही सीमित रह गई है।

नरेला और नजफगढ़ अनाज मंडी में किसान कम दाम पर गेहूं की उपज बेचने पर मजबूर

# दिल्ली में एमएसपी पर गेहूं खरीद ठप किसान बोले- हमारे साथ हो रहा अन्याय

आनंद राणा/दया राम ⏭ नई दिल्ली









राजधानी दिल्ली के किसान आजकल बहुत परेशान हैं। गेंहू उत्पादक किसानों को समझ ही नहीं आ रहा है कि वे अपना दुखड़ा किसके सामने रोयें। असमय हुई बारिश के बीच जैसे तैसे अपनी गेहूं की फसल निकाल कर नरेला और नजफगढ़ अनाज मंडी पहुंच रहे किसानों की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीदने की बजाय औने पौने दामों पर आढ़ती खरीद रहे हैं। गेहूं का एमएसपी यानि सरकारी भाव 2585 रूपये प्रति क्विंटल है पर किसानों को अपनी फसल कम दाम पर बेचने पर मजबूर किया जा रहा है।

किसान की इस परेशानी में दिल्ली सरकार आंख बंद किये बैठी है। मंडी प्रशासन कभी सरकार तो कभी भारतीय खाद्य निगम को गुहार लगाकर अपनी ड्यूटी पूरी समझ रहा है। इस बीच अपने गांव से चलकर कई किलोमीटर दूर नरेला या नजफगढ़ मंडी गेंहू लेकर पहुंचे किसानों के सामने सिर्फ और सिर्फ कम दाम पर अपनी उपज बेचने का ही रास्ता बच पाता है। मोटा परिवहन खर्च उठाकर मंडी पहुंचा किसान अपनी उपज को वापस घर तो ले जा नहीं सकता इस बात का फायदा आढ़ती जमकर उठा रहे हैं। गेहूं में नमी की बात कहकर वे पहले तो किसानों की फसल खरीदने से आना कानी करते हैं और फिर एमएसपी से दो सौ अढ़ाई सौ कम दाम पर बोली लगाकर फसल खरीद लेते हैं। इस बीच किसान इस व्यवस्था के बीच खुद को ठगा हुआ पाता है। उसके सामने न चाहते कम दाम पर अपनी फसल बेचकर बेबसी के साथ घर लौट आना ही एकमात्र रास्ता बचता है।

कुतुब गढ़ के किसान अत्तर सिंह राणा ने कहा कि कमरतोड़ लागत के बीच खेती बहुत मुश्किल होती जा रही है, ऐसे में जब एमएसपी का भाव भी मंडी में नहीं मिलता तो किसान क्या करें? उन्होंने बताया कि नरेला मंडी में एमएसपी नहीं मिलने की वजह से प्रति एकड़ पांच छह हजार रूपये का घाटा किसान को उठाना पड़ रहा है। सच तो ये है कि किसान को इतनी ही बचत होनी होती है।

किसान मुकेश भारद्वाज ने कहा कि असमय हुई बारिश ने कटाई के लिए गेहूं की तैयार खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया है। बावजूद इसके किसान अपनी फसल को निकालकर मंडी पहुंचता है तो उसे सरकार द्वारा तय किया गया एमएसपी ही नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आढ़ती नमी की बात कहकर उपज के कम दाम लगाते हैं। दिल्ली सरकार को किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर एक्शन लेना चाहिए।

हरेवली के किसान योगेश ने बताया कि नमी को आधार बनाकर आढ़ती मनमाने दाम तय कर रहे हैं और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। परिवहन की समस्या और फसल के खराब होने के डर के कारण किसान विरोध के बावजूद अपनी उपज औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर हैं।

### दिल्ली में खेती का दर्जा नहीं होना भी बड़ा खामियाजा

स्थानीय किसानों ने अपना पुराना अनुभव साझा करते हुए कहा कि दिल्ली को खेती का दर्जा न मिलने के कारण यहां के किसानों को पहले भी सरकारी नीतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा है। किसानों का कहना है कि राजनीतिक दल विपक्ष में रहते हुए किसानों के हित की बातें करते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही उनके मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। मंडी में मौजूद कई किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि आढ़ती नमी की आड़ में खरीद प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे एमएसपी का लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

### फसल में 14 से 15 प्रतिशत तक नमी बता रहे आढ़ती

दिल्ली के नरेला अनाज मंडी में इन दिनों गेहूं खरीद को लेकर गंभीर स्थिति बनी हुई है। मौजूदा मौसम और कटाई के समय को देखते हुए किसानों की फसल में 14 से 15 प्रतिशत तक नमी पाई जा रही है, जिसके चलते मंडी के आढ़ती न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीदने से असमर्थता जता रहे हैं। नरेला अनाज मंडी में आढ़ती सुरेश कुमार, वीरेंद्र देशवाल, बाल किशन दास राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि नमी होने के कारण गेहूं 2350 से 2450 के आसपास खरीदारी हो रही है। इन दिनों मंडी आने वाले गेहूं में करीब 14 से 15 प्रतिशत नमी की मात्रा है जबकि मात्रा करीब 12 प्रतिशत होनी चाहिए। नमी अधिक होने से प्रति क्विंटल करीब तीन किलो वजन बढ़ जाता है।

### मंडी प्रशासन बोला, कई पत्र लिख चुके

वहीं, इस पूरे मामले पर नरेला मंडी सचिव एम एल सैनी का कहना है कि मंडी में गेहूं खरीदारी के लिए एफसीआई (एफसीआई) को कई बार पत्र भेजा जा चुका है और इस विषय पर सरकार के साथ उच्च स्तरीय बैठक भी हो चुकी है। प्रशासन को उम्मीद है कि जल्द ही एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद शुरू हो सकेगी। इसके अलावा, 2 अप्रैल को मंडी प्रशासन और आढ़तियों के बीच एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें आढ़तियों को एसएसपी या उससे अधिक दर पर गेहूं खरीदने की सलाह दी गई।

### दिल्ली सरकार पर टिकी आस

अब बड़ा सवाल यह है कि दिल्ली सरकार कब तक इस मुद्दे का ठोस समाधान निकालती है और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने में कितनी तत्परता दिखाती है। फिलहाल, नरेला मंडी के किसान एमएसपी के इंतजार में हैं और उनकी नजरें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं।

# बुराड़ी की बदहाली के विरोध में लोगों ने निकाला मार्च, किया रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



करीब पांच साल से सीवर व विकास के नाम पर बदहाल हालात के विरोध में स्थानीय लोगों ने रविवार 5 अप्रैल 2026 को बुराड़ी बंद किया और मार्च निकालते हुए रोड जाम किया। भारी भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई, जिसने बेरिकेडिंग करके भीड़ को आगे जाने से रोका। लोगों ने एक महीने का समय देते हुए कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे तो एक महीने बाद बुराड़ी बाईपास को जाम कर दिया जाएगा।

विधायक, सांसद के घरों का भी घेराव किया जाएगा। सड़क में दो से तीन फुट तक गड्ढों की वजह से आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते है जिससे दर्जनों लोग घायल होते रहे है। तत्कालीन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना तक ने अपने दौरे के समय कहा था कि बुराड़ी से बहदाल शायद ही कोई और कॉलोनी हो। एलजी सक्सेना ने उस समय सख्त निर्देश दिए थे कि बुराड़ी की बदहाली जल्द से जल्द समाप्त करें। लेकिन दो साल बाद आखिरकार सक्सेना ही दिल्ली से विदा हो गए, लेकिन बुराड़ी की बदहाली आज भी घटने की बजाए बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में इस विरोध प्रदर्शन में उमड़ी भीड़ ने बता दिया कि सालों से तमाम मुसीबतें झेलने को उनके सब्र का पैमाना अब भर चुका है। लोगों ने चार बार से जीतते आ रहे आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी की और बुराड़ी मुख्य मार्ग को जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की। वहीं लोगों ने स्थानीय भाजपा के सांसद मनोज तिवारी के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की और उनसे गत 11 सालों में बुराड़ी में किए एक भी विकास कार्य बताने को कहा। लोगों का आरोप है कि गत करीब पांच साल से बुराड़ी के 100 फूटा मुख्य मार्ग पर सीवर लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन आज तक यह कार्य आधा भी नहीं हुआ। स्थानीय विधायक संजीव झा के खिलाफ जमकर लोगों ने अपना गुस्सा निकाला। दुकानदारों ने आरोप लगाए कि विधायक की मिलीभगत के चलते ही ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य कर रहा है। सुबह बुराड़ी मोड़ से प्रारंभ हुआ विरोध मार्च बाबा कॉलोनी, क्रास रोड, लेबर चौक, संत नगर मेन मार्केट होते हुए पेप्सी कालोनी रोड पर पुलिस द्वारा की गई बैरिकेडिंग पर जाकर रूका। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को जबरन रोका और उन्हें बुराड़ी मेट्रो स्टेशन तक नहीं जाने दिया गया जबकि वहां तक जाना पहले से ही तय था। लेकिन सुरक्षा कारणों का हवाला देकर पुलिस ने मार्च को थाने से आगे जाने नहीं दिया। कोगगगे नहीं जाने दिया। भारी भीड़ द्वारा मार्च को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने बुराड़ी मोड़ से रिंग रोड आने वाली सड़क मार्ग पर यातायात को बंद डायवर्ट कर दिया गया। बुराड़ी की बदहाली के हालात यह है कि यहां की मुख्य 100 फुटा सड़क से लेकर बुराड़ी गांव में अंदर जाने वाली सड़क लगभग 10 महीनों से बंद पड़ी है। स्वरूप नगर रोड़ को भी खोद दिया गया जिससे लोगों का वहां से आना जाना भी मुश्किल हो गया।

# रेलवे ट्रैकों के किनारे चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





देश की राजधानी दिल्ली में शहर में प्रवेश के प्रमुख द्वारों की सफाई भी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की प्राथमिकता रही है, और अब तक प्राप्त प्रगति उत्साहजनक है। निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह समन्वित अभियान दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था को परिवर्तित करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम न केवल पुराने कचरे को हटा रहे हैं, बल्कि बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और जन-जागरूकता के माध्यम से इसके दोबारा जमा होने से रोकने की व्यवस्था भी कर रहे हैं। एमसीडी नागरिकों और आगंतुकों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर शहरी वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह समन्वित प्रयास रेलवे कॉरिडोर के किनारे स्पष्ट परिवर्तन लाने में सफल रहा है और एक स्वच्छ, स्वस्थ तथा स्वागत योग्य दिल्ली के निर्माण के प्रति एमसीडी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।

## बदरपुर में विकास कार्यों पर खर्च किए जा रहे हैं 120 करोड़ : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में जैतपुर पार्ट-2 में रविवार को जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने यहां बांध रोड पर सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत के बाद यह जानकारी मीडिया से साझा की। बांध रोड के निर्माण कार्य पर कुल 10 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बिधूड़ी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के हर क्षेत्र में जनता को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सरकार कृत संकल्प है। बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में इन सुविधाओं के लिए 120 करोड़ रुपए की योजनाएं मंजूर की गई है। इनमें से 40 करोड़ रुपए के विकास कार्य तो शुरू भी हो गए हैं। बाकी कार्य भी शीघ्र ही आरंभ होने वाले हैं। सांसद बिधूड़ी ने बताया कि इस राशि से विभिन्न क्षेत्रों में विकास किया जाएगा और जनता को सड़कें, सीवर, गलियां, नालियां, पार्क, पीने का पानी, कम्युनिटी सेंटर और जन सुविधा काम्पलैक्स उपलब्ध कराए जाएंगे।

वैध पहचान पत्र दिखाकर गैस एजेंसियों से प्राप्त किए जा सकते है छोटे सिलेंडर

# गोदामों से एलपीजी सिलेंडर की बिक्री पर लगी रोक, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली सरकार ने एलपीजी वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुचारू बनाने के लिए सख्त कदम उठाते हुए गोदामों से सिलेंडरों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने सभी वितरकों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि गोदाम से सीधे सिलेंडर बेचना अवैध है और इस प्रकार की किसी भी गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर में 5 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता में उल्लेखनीय विस्तार किया है। अब ये छोटे सिलेंडर वैध पहचान पत्र दिखाकर गैस एजेंसियों से आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं, इसके लिए पते के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। प्रवासी श्रमिकों को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से एचपीसीएल के चयनित आउटलेट्स पर 11 समर्पित हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं, जहां उन्हें नजदीकी एलपीजी वितरकों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि एलपीजी आपूर्ति की निरंतर निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की बाधा न आए और सभी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो सके। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे गैस एजेंसियों या भंडारण स्थलों पर जाने या भीड़ लगाने से बचें, क्योंकि बुक किए गए सभी एलपीजी सिलेंडर निर्धारित समय के भीतर सीधे घर तक पहुंचाए जा रहे हैं। चार अप्रैल के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में कुल 1 लाख 14 हजार 679 एलपीजी बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा 1 लाख 31 हजार 335 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। डिलीवरी की संख्या बुकिंग से अधिक होना इस बात का संकेत है कि लंबित मांग को तेजी से पूरा किया जा रहा है और पूरी प्रणाली प्रभावी ढंग से काम कर रही है। वर्तमान में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की औसत डिलीवरी समय 4.24 दिन है, जिससे उपभोक्ताओं को समयबद्ध और विश्वसनीय सेवा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि अवैध गतिविधियों जैसे जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सरकार ने एक समर्पित कंट्रोल रूम (हेल्पलाइनः 011-23379836 / 8383824659) भी संचालित किया है। प्रवर्तन गतिविधियों को और तेज करते हुए हाल ही में दिल्ली पुलिस द्वारा 17 स्थानों पर छापेमारी की गई, जबकि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने 76 गैस एजेंसियों और भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों को पुनः आश्वस्त किया है कि दिल्ली में एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सुव्यवस्थित और नियंत्रण में है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे शांति बनाए रखें, किसी भी प्रकार की अफवाह से बचें और स्थापित डिलीवरी व्यवस्था पर भरोसा करते हुए प्रशासन के साथ सहयोग करें।

# बवाना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य शुरू : इंद्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सड़कें व नालियों का होगा निर्माण

कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रविवार को अपनी विधानसभा बवाना क्षेत्र के रोहिणी सेक्टर-24 के पॉकेट 6, 8, 9, 17, 18, 20 एवं 22 में मुख्यमंत्री विकास फंड (सीएमडीएफ) के तहत नाली एवं सड़क निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। एक साथ सात विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए उन्होंने इसे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ये सभी कार्य दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा कराए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना और नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है। इस अवसर पर मंत्री इंद्राज ने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी में विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सीएम विकास फंड के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिससे सड़कों, नालियों, जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, पार्कों के विकास सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिल रही है।

**खबर संक्षेप**

### हत्या की साजिश में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बीते अक्टूबर 2025 के अपहरण व हत्या के एक मामले में साजिश में शामिल एक आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने कैली गांव से गिरफ्तार किया है। पहचान अब्दुल निवासी गांव कैली फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस नवीन निवासी इंद्रा नगर फरीदाबाद ने को थाना सेक्टर-8 में दी अपनी शिकायत में बताया था कि 7 अक्टूबर को उसका बेटा किसी कार्य से घर से गया था।



### ठगी के मामले में खाताधारक को किया काबू

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 54,85,000 रुपए की ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुये 4 अप्रैल को साइबर थाना एनआईटी की टीम ने नवीन कुमार निवासी शाहबाद कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एसजीएम नगर वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि जनवरी 2026 में उसकी फेसबुक आईडी पर एक मैसेज आया।



### एक सप्ताह में 24 साइबर अपराधी धराएं

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 28 मार्च से 3 अप्रैल के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने एक सप्ताह में 24 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 98,20,014 रुपए बरामद किये हैं। पुलिस अनुसार फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 8 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 24 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।




**उपकरणों का वितरण कार्यक्रम आयोजित**

# महर्षि कश्यप जयंती पर उपमुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को वितरित किये सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर रविवार को रामलीला मैदान, घंटाघर में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि माननीय नरेन्द्र कश्यप ,राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग रहे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरणों का वितरण किया गया, जिनमें ट्राईसाइकिल/बैसाखी 80, व्हीलचेयर 40, कान की मशीन 74, सेंसर स्टिक 40, स्मार्ट केन 40, टीएलएम किट 20 तथा कृत्रिम हाथ/पैर 25 शामिल रहे। कुल मिलाकर 319 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा दिव्यांगजनों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं-भागीरथ सेवा संस्थान, इंस्टीट्यूट ऑफ रिहैबिलिटेशन सेंटर, आनंदा ट्रेनिंग सेंटर, अद्वैत संस्थान आदि द्वारा दिव्यांग बच्चों की बनाई गई हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

*हस्तनिर्मित वस्तुओं की पदर्शनी का अवलोकन किया*

*80 व्हीलचेयर, 40 कान की मशीन, 74 सेंसर स्टिक आदि वितरण किए*



**बच्चों ने दी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति**

उन्होंने इन बच्चों के कौशल एवं सृजनात्मकता की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नीव शक्ति संस्थान के मूक-बधिर बच्चों द्वारा "सारे जहाँ से अच्छा" गीत की सांकेतिक भाषा में प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह एवं अतिथियों ने सराहा। इसके अतिरिक्त भागीरथ सेवा संस्थान के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी गई। राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**विधायक ने कहा मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है**

# विधायक मूलचंद शर्मा ने वार्ड नम्बर-3 व वार्ड नम्बर-41 में लाखों रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने आज वार्ड नम्बर-3 व वार्ड नम्बर-41 में लाखों रूपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड नम्बर-3 के पार्षद रवि भगत व वार्ड नम्बर-41 के पार्षद महेश गोयल सहित दोनों वार्ड वासी मौजूद रहे।

विधायक मूलचंद शर्मा ने वार्ड-3 स्थित चद्रिका प्रसाद सामुदायिक भवन मुजेसर में लगभग 14 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान आजाद नगर से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। लोगों की मांग पर विधायक ने आजाद नगर में एक सामुदायिक भवन तथा प्राथमिक विद्यालय के निर्माण की घोषणा की, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भी सरकार द्वारा विकास कार्यों का पिटारा खोला गया है। लगातार विकास के कार्य चले हुए हैं । उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा के किसी भी एरिया में पीने के पानी की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसके अलावा विधायक मूलचंद शर्मा ने आज पूर्वी चावला कॉलोनी में 11 गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत मुहूर्त कराया। इस अवसर पर वार्ड 41 से पार्षद महेश गोयल एवं स्थानीय निवासियों के हाथों नारियल फुड़वाकर कार्य का शुभारंभ किया गया। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने बताया कि इन 11 गलियों के निर्माण पर लगभग 75 लाख रुपये की लागत आएगी और यह कार्य नगर निगम के फंड से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान पूर्वी चावला कॉलोनी के निवासियों ने विधायक पं. मूलचंद शर्मा का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। वहीं मास्टर गिरीश शर्मा ने मंच से कॉलोनी की ओर से विधायक का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बल्लभगढ़ मार्केट कमेटी के चेयरमैन संजीव बैंसला, दीपक, योगेश चौहान, सुदर्शन, नगर निगम के पीआरओ जोगेंद्र रावत, सफाई निरीक्षक बृजमोहन शर्मा, योगेश मंगला,अशोक शर्मा, मुकेश एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष कुलदीप मथारू, पूर्व पार्षद जगत भूरा सहित गांव मुजेसर और आजाद नगर के अनेक गणमान्य लोग व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# एसीबी की टीम ने निगम इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्रवाही करते हुए साल 2025 में दर्ज किए गए 7 करोड़ रुपए के फर्जीवाड़े के मामले में नगर निगम के इंस्पेक्टर नवीन रतरा को गिरफ्तार कर लिया है। निगम में बिना काम के 200 करोड़ रूपये के भुगतान करने का घोटाला हुआ था और 7 करोड़ का फर्जीवाड़ा इसी का हिस्सा था। जिसमें इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया गया है। अब इस मामले से जुड़े दूसरे लोगों की भी गिरफ्तारियां जल्द हो सकती है।

एसीबी की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम फरीदाबाद की तरफ से साल 2018 में विकास कार्यों के लिए 8 वर्क आर्डर निकाले गए थे। जिनकी राशि करीब 40 लाख रूपये निर्धारित की गई थी। लेकिन बाद में ठेकेदार सतबीर के साथ मिली भगत करके अधिकारियों और कर्मचारियों ने इन वर्क आर्डर में बदलाव कर दिया। इनके द्वारा वर्क ऑर्डर की राशि को रिवाइज कर 40 लाख रुपये से बढ़ाकर 7 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया था।

जिसके बाद अगस्त 2025 में मामले को लेकर एसीबी की ओर से केस दर्ज किया। मामला दर्ज होने के बाद तत्कालीन लिपिक व मौजूदा निरीक्षक नवीन रतरा समेत अन्य आरोपियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत से इन्हें राहत नहीं मिली। एसीबी की टीम ने नवीन रतरा को गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी की तरफ से जानकारी दी गई है कि आरोपी निगम के कई भ्रष्टाचार के मामलों में शामिल रहा है। उसका नाम पांच एफआईआर में दर्ज है। ये पांच एफआईआर साल 2022, 2023 व 2025 में दर्ज की गई है। आरोपी ने एसीबी की जांच कबूल किया है कि बल्लभगढ़ इलाके के कई विकास कार्यों को लेकर साल 2018 में जारी वर्क ऑर्डर की राशि बढ़ाई गई।

वर्क आर्डर 1433 के तहत वार्ड नंबर 38 में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य जो 4.92 लाख से होना था, इसकी राशि बढ़ाकर 9,38,2362 रुपये की गई। वर्क ऑर्डर 1442 के तहत मोहना रोड पर यादव डेयरी से साई अस्पताल तक वार्ड नंबर 36 में इंटरलॉकिंग टाइल लगनी थी। इसके 5.83 लाख रुपये के वर्क आर्डर को बढ़ाकर 9,89,5837 रुपये किया गया।

**दमकल ने पाया काबू, 3 माह पहले खरीदा था**

# फरीदाबाद में चलती कार में लगी आग, गाड़ी जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



छांयसा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होत-होते टल गया। बता दे कि केजीपी एक्सप्रेसवे पर एक चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई। यह कार डायल 112 की आपातकालीन सेवा पर तैनात एक पुलिसकर्मी की थी। गनीमत यह रही कि पुलिसकर्मी ने समय रहते स्थिति को भांप लिया और तुरंत कार से बाहर निकल गया जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि कुछ ही मिनटों में पूरी कार आग की लपटों में घिर गई और जलकर पूरी तरह खाक हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार छांयसा थाना क्षेत्र में डायल 112 की आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन सेवा पर तैनात सहायक मुख्य हेड कांस्टेबल कर्मवीर रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे अपनी टाटा कर्व कार से ड्यूटी के लिए थाने जा रहे थे। जब वह केजीपी से गुजर रहे थे और उस फ्लाईओवर के नीचे पहुंचे जो जेवर एयरपोर्ट के लिए बनाए जा रहे रास्ते का हिस्सा है, तभी अचानक उनकी कार के इंजन की तरफ से तेज धुआं निकलना शुरू हो गया। कर्मवीर ने बताया कि जैसे ही उन्होंने इंजन की तरफ से धुआं निकलते देखा, उन्होंने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए अपनी कार को सड़क किनारे रोक दिया। वह तुरंत कार से बाहर निकल आए। कुछ ही सेकंड के अंदर इंजन में तेज आग लग गई जो तेजी से फैलते हुए स्टीयरिंग की तरफ पहुंच गई। देखते ही देखते पूरी कार आग की लपटों में घिर गई और कुछ ही पलों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिसकर्मी ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें कार के अंदर रखे अपने जरूरी कागजात तक निकालने का मौका नहीं मिला। कुछ ही देर में कार पूरी तरह आग का गोला बन गई। लेकिन गनीमत रही कि दोनों समय रहते कार से बाहर निकल आए और सुरक्षित बच गए।

घटना के तुरंत बाद कर्मवीर ने इसकी सूचना थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। हालांकि दमकल की गाड़ी के पहुंचने से पहले ही कार का करीब आधे से ज्यादा हिस्सा जल चुका था। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और उसमें कुछ भी नहीं बच पाया। कर्मवीर ने बताया कि उन्होंने यह डीजल कार करीब तीन महीने पहले ही खरीदी थी। अभी तक कार पर अस्थायी नंबर ही लगा हुआ था और उसकी पहली सर्विस भी नहीं हुई थी। पुलिसकर्मी ने कहा कि उन्हें अभी तक यह समझ नहीं आ रहा कि आखिर नई कार में अचानक इतनी भयानक आग कैसे लग गई। उन्होंने यह भी कहा कि अक्सर पेट्रोल या सीएनजी गैस से चलने वाली गाड़ियों में आग लगने की घटनाएं सुनने को मिलती है।

**31 करोड़ रुपए की लागत से ऑडिटोरियम का निर्माण होगा**

# मेयर ने नखड़ौला को दी सौगात, ढ़ाई करोड़ रुपए से होगा सीवर लाइन, सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



नगर निगम मानेसर क्षेत्र के वार्ड 15 के गांव नखड़ौला में मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने सीवर लाइन और सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। 2.5 करोड़ रुपए की लागत से निगम द्वारा कराए जाने वाले इस काम से गांव में जल निकासी और यातायात सुगम होगा। इस मौके पर मेयर ने कहा कि गांव नखड़ौला के विकास में पार्षद पिंकी पूरी मेहनत कर रही हैं। उनकी सक्रियता से ही यहां 31 करोड़ रुपये की लागत से ऑडिटोरियम का निर्माण होगा। यह निर्माण गांव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

मेयर ने कहा कि पूरे निगम क्षेत्र का समान विकास करना मेरी प्राथमिकता है। निगम के प्रत्येक गांव में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर हो यही मेरा संकल्प है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल का हाल ही में एक वर्ष पूरा हुआ है। एक वर्ष की निरंतर मेहनत का नतीजा धरातल पर दिखने लगा है। अगले चार सालों में निगम को प्रदेश के अन्य निगमों से बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए उन्होंने आमजन का सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने घरों से ही स्वच्छता की शुरूआत करनी है। घरों से नियमित निकलने वाले कूड़े को कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ही डालें। इसके अलावा उन्होंने अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने में निगम का साथ दें।

**पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष की मुहिम रंग लाई**

# जीवन विहार आवासीय कालोनी की संपत्ति होगी फ्री होल्ड, शासन ने यूपीसीडा को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

शास्त्री नगर से सटी जीवन विहार आवासीय कॉलोनी के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। बहुत जल्द उनकी संपत्ति फ्री होल्ड होने की संभावना प्रबल हो गई है । इस संबंध में शासन ने उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर दिशा निर्देश दिए हैं । साथ कहा है कि कॉलोनी को फ्री होल्ड करने के लिए तमाम प्रक्रियाएं पूरी की जाए। इससे पहले जीवन विहार आवासीय कालोनी आरडब्ल्यूए के पूर्व अध्यक्ष धनीराम ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग समेत तमाम जनप्रतिनिधियों के यहां गुहार लगाई थी और जीवन विहार कॉलोनी को फ्री होल्ड करने की मांग की थी साथ ही उन्होंने शासन को भी इस मांग से संबंधित पत्र लिखा था।



जिसको शासन ने गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को इस संबंध में पत्र लिखा और फिर फ्री होल्ड की कार्रवाई अमल में लाने के लिए औपचारिकताएं पूर्ण करने को कहा। इस संबंध में अब एक बार फिर शासन ने उपसिडा के मुख्य पार्क का कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखा है । धनीराम का कहना है कि उम्मीद है ।

**अवैध कब्जों के संगठित नेटवर्क पर करारा प्रहार**

# भूमि माफियाओं पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक अवैध कब्जे ध्वस्त, सरकारी जमीन मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



क्राइम ब्रांच की टीमों ने रविवार को भूमि माफियाओं पर सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए उनके अवैध कब्जे ध्वस्त करते हुए सरकारी जमीन को मुक्त कराया। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस ने भूमि माफियाओं और आदतन अपराधियों के खिलाफ एक सटीक एवं सशक्त अभियान चलाते हुए शहर में अवैध कब्जों के संगठित नेटवर्क पर करारा प्रहार किया।

सेक्टर-17, सेक्टर-39 व सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच की टीमों ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट आरएस बाठ के साथ कार्रवाई की गई। जिसमें भारी पुलिस बल के साथ गांव कन्हई (सेक्टर-44) एवं वजीराबाद स्थित एचएसवीपपी की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों की पहचान कर भारी मशीनरी की सहायता से पूरी तरह ध्वस्त किया गया। जिससे सरकारी भूमि को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया गया। इस कार्रवाई में कुख्यात अपराधी जगबंधु पुरई (निवासी जिला नादिया, पश्चिम बंगाल), नरेश (निवासी वजीराबाद) तथा उमेद उर्फ सोनू महलावत, हिमांशु और नितिन कौशिक (निवासी झाड़सा, गुरुग्राम) को टारगेट किया गया। इन सभी की क्राइम हिस्ट्री रही है। जिनमें हिंसक अपराध, चोरी, मादक पदार्थ तस्करी और रंगदारी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं, तथा ये कई बार जेल जा चुके हैं।

**उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दीं**

# जनता को गुमराह कर रहे हैं अखिलेश यादव, राहुल गांधी अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी : केशव प्रसाद

*डिप्टी सीएम ने कहा-महर्षि कश्यप का जीवन समाज को एकता, समरसता एवं परिश्रम का संदेश देता है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को यहां कहा कि कि महर्षि कश्यप का जीवन समाज को एकता, समरसता एवं परिश्रम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीब, पिछड़े, वंचित और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में कश्यप निषाद संगठन के तत्वावधान में आयोजित महर्षि कश्यप जयंती महाकुंभ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी जैसे नेता केवल जनता को भ्रमित करने का कार्य करते हैं, जबकि भाजपा सरकार धरातल पर विकास और जनकल्याण की राजनीति करती है। उन्होंने सपा-बसपा पर भी तंज कसते हुए कहा कि इन दलों ने वर्षों तक केवल समाज को बांटने का काम किया, जबकि भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य किया है। मौर्य ने कहा कि वर्ष 2027 में पुनः उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सब मिलकर कमल खिलाएं और प्रदेश में एक बार फिर प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मोबाइल ऑडियो कॉल के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कश्यप निषाद समाज निरंतर सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं संगठन की मजबूती के लिए कार्य करता रहेगा। नरेंद्र कश्यप ने अपने वक्तव्य में कश्यप निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया और समाज के समग्र उत्थान हेतु सरकार से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने कहा कि संगठन की एकजुटता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है और ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए सरकार एवं संगठन मिलकर कार्य कर रहे हैं और आने वाले समय में और अधिक विकास कार्य होंगे। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यक्रम की भव्यता की सराहना करते हुए इसे समाज की जागरूकता का प्रतीक बताया। विधायक संजीव शर्मा एवं अजीत पाल त्यागी ने कहा कि महर्षि कश्यप के आदर्शों पर चलकर समाज को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता एवं जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सागर कश्यप द्वारा किया गया। प्रमुख रूप से पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमेंद्र कश्यप, पूर्व महामंत्री पप्पू पहलवान, महामंत्री प्रदीप चौहान, पंकज भारद्वाज आदि।



### बाबू जगजीवन राम जी की देश के प्रति सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता: सतीश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसजनों ने पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी ने उप प्रधानमंत्री रहते हुए रक्षा मंत्री और श्रम मंत्री के पदों की जिम्मेदारी का निर्वाह बहुत ही अच्छे ढंग से किया। 1971 के युद्ध में रक्षामंत्री के रूप में भी उनकी भूमिका बेहतरीन रही थी जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि बाबू जी का जन्म 05 अप्रैल 1908 को बिहार के भोजपुर जिले के गांव चंदवा में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्हें प्यार से बाबू जी कहा जाता था। उनकी पुत्री मीरा कुमार लोकसभा की अध्यक्ष रहीं थीं । उनके पिता का नाम शोभा राम और माता का नाम बसंती देवी था। शर्मा ने कहा कि बाबू जी की देश के प्रति सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ये देश उन्हें हमेशा याद करता रहेगा। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, हाजी खुर्शीद, जयवीर सिंह, राज कुमार शर्मा, तरुण शर्मा, महफूज अली, विनोद धामा, बाबू राम आर्य, रूबी मलिक, इरफान, एसपी त्यागी, केबी श्रीवास्तव, रविन्द्र शर्मा, अश्विनी त्यागी, बी सांभर सिंह नेगी, हकीकत अली, राजू भाई, शिव प्रकाश दुबे, सीमा नाजमीन, उदय सिंह , राजा राम आदि।

## खबर संक्षेप

### निजी स्कूलों की नहीं चलेगी मनमानी, चलेगा अभियान




**लखनऊ।** यूपी में निजी स्कूलों की मनमानी नहीं चलेगी। 15 तक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग विशेष अभियान चलाने जा रहा है। विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए सभी माध्यमिक विद्यालयों में अनधिकृत पाठ्यपुस्तकों के प्रयोग पर सख्ती दिखाते हुए निर्देश जारी किए हैं। परिषद ने कहा है कि केवल अधिकृत प्रकाशकों की किताबें ही विद्यालयों में पढ़ाई जाएंगी।

### दरभंगा से बेंगलुरु के लिए सीधी उड़ान शुरू



**दरभंगा।** रविवार से बिहार के दरभंगा एयरपोर्ट से देश के 'आईटी हब' बेंगलुरु के लिए सीधी हवाई सेवा की शुरू हो गई है। अब यात्रियों को बेंगलुरु जाने के लिए पटना या कोलकाता के चक्कर नहीं काटने होंगे। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक संजय सरावगी ने क्षेत्र के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पूरे मिथिलांचल और बिहार के लिए गर्व की बात है।

### धनबाद में सिलेंडर ब्लास्ट में 3 लोगों की मौत



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां गैस कटर का सिलेंडर फटने से 3 लोगों की मौत हो गई और इस हादसे में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे के वक्त घटनास्थल पर 8-10 लोग मौजूद थे। ब्लास्ट के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

## ई-रिक्शा चलाने वाली महिलाओं की मिलेंगी कई सुविधाएं

# एसएचजी से जुड़ी महिलाओं को दिए जा रहे 1000 ई-रिक्शा

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए ‘सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम’ की शुरुआत की है। इस खास पहल से प्रदेश में महिलाओं की एक ऐसी टीम तैयार की जा रही है जो ई-रिक्शा चलाएंगी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार ने यूपी में महिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए ‘सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम’ की शुरुआत की है। इस खास पहल से प्रदेश में महिलाओं की एक ऐसी टीम तैयार की जा रही है जो ई-रिक्शा चलाएंगी। इससे छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक सफर की सुविधा मिलेगी।

योजना के पहले चरण में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को 1000 ई-रिक्शा दिए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में यह कार्यक्रम शुरू हो चुका है। जल्द ही लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जैसे जिलों में भी महिलाएं ई-रिक्शा की कमान संभालती नजर आएंगी। योगी सरकार की यह पहल सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब ग्रामीण इलाकों की महिलाओं और बेटियों को महिला चालकों के साथ यात्रा करने का भरोसा मिल रहा है। महिला ड्राइवरों द्वारा संचालित यह ई-रिक्शा सेवा न केवल आवाजाही को आसान बना रही है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से एक ठोस समाधान के रूप में भी सामने आई है।




**स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी**

‘सेफ मोबिलिटी’ अभियान का प्रभाव सड़कों से आगे बढ़कर समाज के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है। इससे बेटियों के लिए स्कूल जाना अब पहले से कहीं अधिक सुलभ और सुरक्षित होगा। दफ्तर या कार्यस्थल आने-जाने वाली महिलाओं को एक सुरक्षित और भरोसेमंद परिवहन विकल्प मिलेगा। यह पहल गांवों में रोजगार के नए द्वार खोल रही है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

### महिलाओं की सालाना औसत आय 3 लाख रुपए से अधिक

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और 'डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स' के साझा प्रयासों से यह कार्यक्रम महिलाओं की किस्मत बदल रहा है। अब तक 5 जिलों की 119 महिलाओं को ई-रिक्शा देकर उन्हें सफल उद्यमी बनाया जा चुका है। 629 महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने की ट्रेनिंग दी गई है, जिनमें से 244 महिलाओं के पास अब अपना ड्राइविंग लाइसेंस भी है। यह पहल केवल परिवहन तक सीमित नहीं है; इससे जुड़ी महिलाओं की सालाना औसत आय 3 लाख रुपये से अधिक हो गई है। घर की आर्थिक धुरी बनकर ये महिलाएं अब स्वावलंबन की एक नई मिसाल पेश कर रही हैं।

## लखनऊ में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# ‘जो माफिया मिट्टी में मिले, उन्हीं का एक रूप था सालार मसूद’, महाराज सुहेलदेव ने उन्हें मारकर संस्कृति बचाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में महाराजा सुहेलदेव को याद किया। उन्होंने कहा कि समाज ने उन्हें भुला दिया था, लेकिन अब पीएम की प्रेरणा से उनकी स्मृति में स्मारक बना है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि हमारे समाज ने महाराजा सुहेलदेव को भुला दिया। एक हजार वर्ष के बाद पीएम की प्रेरणा से हमारी सरकार को ये गौरव प्राप्त हुआ कि हम उनका स्मारक उस स्थान पर बना सके, जिस स्थान पर महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को मारा था। वहां सालार का मेला लगता था, सुहेलदेव का नहीं।

उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति को बचाने के लिए सुहेल देव ने योगदान दिया, उन्हें कोई याद नहीं करता था। अब भीड़ उल्टा महाराज सुहेलदेव के मेले में जा रही। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और महाराजा सुहेलदेव जैसे नायकों को स्कूल कॉलेजों में नाटक शृंखला के माध्यम से प्रस्तुत करें। योगी ने इससे पहले अकादमी के 15 पूर्व विद्यार्थियों व रंगकर्मियों को सम्मानित भी किया।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री योगी ने भारतेंदु नाट्य अकादमी समारोह में हिस्सा लिया
- रानी लक्ष्मीबाई और महाराजा सुहेलदेव पर नाटक बनाने का आह्वान



### सालार मसूद भारत को लूटने के लिए आया था

मुख्यमंत्री ने कहा कि सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था। ये जो माफिया मिट्टी में मिले हैं, उन्हीं का एक रूप था। सालार मसूद भारत को लूटने के लिए आया था। इसने सोमनाथ मंदिर को ही नहीं तोड़ा था, अयोध्या में पहली बार राम मंदिर को भी क्षतिग्रस्त किया था। महराज सुहेलदेव उसे उस मौत मारा जो इस्लाम में सबसे खराब मानी जाती है। गर्म लोहे के तवे में बांध जलाया था उसको। इस्लाम में माना जाता है कि इस प्रकार की मौत जहन्नुम में जाने की गारंटी होती है। जब तक अत्याचारी के साथ इस प्रकार का व्यवहार नहीं करेंगे तब तक वह भारत की संस्कृति पर इसी प्रकार का प्रहार करता रहेगा।

### 64.5 करोड़ से बनेंगे दो बड़े पुल; निर्माण के लिए जारी किए 2227 लाख

**हरदोई।** शाहाबाद क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दो महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण को प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय जनता को आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस उपलब्धि पर मंत्री रजनी तिवारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। मंत्री रजनी तिवारी ने बताया कि गर्रा नदी पर परियल घाट (शाहाबाद) से इटोरा (शाहजहांपुर) के मध्य सेतु निर्माण के लिए 47 करोड़ 99 लाख 49 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है।

**15 करोड़ 64 लाख की स्वीकृति**

इसके अलावा शाहाबाद-सांडी मुख्य मार्ग पर कस्बा शिरोमननगर में सुखेता नदी पर पुल निर्माण हेतु 15 करोड़ 64 लाख 40 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना के लिए 547.54 लाख रुपये की धनराशि भी सेतु निगम को जारी की गई है।

## पटना के गांधी मैदान में खोला मोर्चा

# काली पट्टी बांधकर महिलाओं ने कहा-नीतीश नहीं तो निशांत




एजेंसी ▶▶ पटना

यहां गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के नीचे महिलाओं का एक बड़ा हुजूम उमड़ा। हाथों में तख्तियां, बैनर व माथे पर काली पट्टी बांधकर बैठी इन महिलाओं ने साफ़ संदेश दिया कि अगर नीतीश कुमार कुर्सी छोड़ते हैं, तो उनका उत्तराधिकारी उनके पुत्र निशांत कुमार को होना चाहिए। 'सुधार वाहिनी' के बैनर तले आयोजित इस सत्याग्रह में बिहार के हर कोनों से आई महिलाओं ने नीतीश कुमार के शासनकाल में हुए महिला सशक्तिकरण की जमकर तारीफ की। आंदोलन का नेतृत्व कर रही प्रतिभा सिंह ने कहा-मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, शराबबंदी जैसे बड़े फैसले लिए और हमें समाज में बराबरी का हक दिलाया।

### विरासत को पुत्र ही आगे बढ़ा सकता है

महिलाओं ने साफ कहा कि नीतीश कुमार की विरासत को उनका पुत्र ही सही तरीके से आगे बढ़ा सकता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया, तो यह आंदोलन और बड़ा रूप लेगा। आमतौर पर राजनीति से दूर रहने वाले निशांत कुमार के समर्थन में इस तरह का प्रदर्शन बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है।

## पेज एक का शेष....

### खरगे बोले-केरलम ...

लगभग 6 लाख करोड़ रुपये हो गया है। किसानों और मछुआरों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। बेरोजगारी के मुद्दे पर बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केरलम में शिक्षित होने के बावजूद युवाओं के पास रोजगार नहीं है। उन्होंने कहा कि 15-29 आयु वर्ग में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से तीन गुना अधिक लगभग 30 प्रतिशत है, जिसके कारण प्रदेश की प्रतिभा को बाहर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था, लेकिन 12 साल बाद भी परिणाम शून्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कल्याणकारी योजनाएं या तो देर से चल रही हैं या ठीक से लागू नहीं हो रही हैं। बढ़ता कर्ज, बिना सोचे-समझे किया गया शासन और घटते अवसरों ने राज्य को अनिश्चितता और निराशा में धकेल दिया है।

चाय और इलायची बागान श्रमिकों की दुर्दशा पर बोलते हुए खरगे ने बेहतर मजदूरी सुनिश्चित करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि कई चाय बागान मालिक अपना व्यापार बंद कर रहे हैं। एलडीएफ सरकार ने चाय बागान मालिकों को वित्तीय मदद का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद वह इसे भूल गई। साथ ही, नए शोषणकारी श्रम कानूनों की वजह से मजदूरों को बागान मालिकों से कोई सुविधा नहीं मिल रही। खरगे ने जंगली जानवरों के हमलों से किसानों की सुरक्षा और पर्यटन क्षेत्र के विकास पर भी जोर दिया। उन्होंने यूडीएफ गठबंधन की गारंटियां भी गिनाईं। वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार का बनना तय है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रगतिशील विचारधारा और सामाजिक न्याय के प्रतीक केरलम को एलडीएफ शासन ने भ्रष्टाचार, आर्थिक कुप्रबंधन व बेरोजगारी में धकेल दिया है। केरलम में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान इडुक्की की विशाल जनसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में एलडीएफ केवल घोटालों और भ्रष्टाचार की सरकार बनकर रह गई है। उन्होंने लाइफ मिशन हाउसिंग घोटाला, सबरीमाला मंदिर से सोना चोरी जैसे मामलों का जिक्र करते हुए सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा।

### तो पंजाब, हरियाणा ...

तरह उप्र और तमिलनाडु के बीच मौजूदा अंतर 41 सीटों का है, जो बढ़कर 60 से अधिक हो सकता है। जयराम का कहना है कि इससे बड़े और अधिक जनसंख्या वाले राज्यों का प्रभाव और बढ़ेगा, जबकि छोटे राज्यों का सापेक्ष प्रभाव घट जाएगा। जयराम नं दावा किया करते हुए कहा कि यह मुद्दा केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं है। पंजाब, हरियाणा, पूर्वोत्तर के कई राज्यों की राष्ट्रीय राजनीति में हिस्सेदारी कमजोर हो सकती है। जयराम रमेश ने इस प्रस्ताव को “विपन ऑफ मास डिस्ट्रक्शन” करार दिया। उनका आरोप है कि देश इस समय आर्थिक और विदेश नीति से जुड़े गंभीर संकटों का सामना कर रहा है, लेकिन सरकार इन मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस तरह के प्रस्ताव आगे बढ़ा रही है।

### बिहार में 25 ....

के पास एक वाहन और दो बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। करीब सात बदमाश, जो खाकी पैंट और सफेद शर्ट में थे, खुद को कस्टम अधिकारी बताकर जांच के नाम पर 3 बैग अपने कब्जे में ले लिए। घटना के बाद पीड़ितों ने अपने मालिक को सूचना दी और फिर थाने जाने की बात कही गई। महेश मामतोरा के अनुसार अपराधियों ने उन्हें सुनसान जगह पर छोड़ दिया और फरार हो गए। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### सीएम की पहल पर..

मंदिर प्रांगण में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 3 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बाबा काशी विश्वनाथ को अर्पित यह घड़ी भेंट की थी। यह मध्यप्रदेश सरकार के उस संकल्प की ओर एक बड़ा कदम है, जिसके तहत देश के सभी ज्योतिर्लिंग और अयोध्या के श्रीराम मंदिर में भी वैदिक घड़ी की स्थापना की जानी है। उज्जैन के महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा विकसित यह घड़ी केवल समय बताने वाला यंत्र नहीं, बल्कि भारत के प्राचीन वैज्ञानिक ज्ञान का डिजिटल पुनर्जागरण है। यह घड़ी सूर्योदय से परिचालित होती है और एक पूर्ण दिवस को 30 मुहूर्तों में विभाजित करती है।

### राहुल गांधी ने ...

कर लिया है, जिस वजह से अब वो भी फंसेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने याद दिलाया कि भाजपा ने पिछले चुनाव में कहा था कि वह प्रदेश के छह समुदायों को एसटी (अनुसूचित जनजाति) का दर्जा, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, खाते में 15 लाख रुपये और चाय बागान मजदूरों को 350 रुपये दिहाड़ी देगी, लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा झूठ बोलती है,जबकि कांग्रेस अपने वादे पूरे करती है।

राहुल गांधी ने गारंटी दी कि कांग्रेस की सरकार बनने पर असम के छह समुदायों को एसटी का दर्जा दिया जाएगा। चाय बागान मजदूरों को प्रतिदिन 450 रुपये मिलेंगे। राहुल गांधी ने कांग्रेस की गारंटियां गिनाते हुए अंत में जनता से कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताने की अपील की। जनसभाओं में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई, बंधु तिर्की समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## संवेदनशील स्थानों के वीडियो हैंडलर्स को भेज रहे थे

# एटीएस से इनपुट पर अलीगढ़ में सख्ती 100 से ज्यादा सियासी चेहरे रडार पर




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ में पाकिस्तानी हैंडलर्स के इशारे पर काम करने वाले मॉड्यूल के चार संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद अलीगढ़ में पुलिस और खुफिया एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं। पूछताछ में हुए खुलासों के आधार पर अलीगढ़ में 100 से अधिक सियासी लोगों और संदिग्धों की निगरानी बढ़ा दी है। इनमें विवादित बयान देने वाले नेता, पक्ष-विपक्ष के जनप्रतिनिधि और पूर्व में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहे लोग शामिल हैं। अब तक की जांच में पता चला है कि गिरफ्तार संदिग्ध अलीगढ़, लखनऊ और गाजियाबाद में नेताओं की रेकी कर रहे थे। ये लोग धार्मिक द्वेष फैलाकर माहौल बिगाड़ने की साजिश में जुटे थे और लंबे समय से संवेदनशील स्थानों के वीडियो बनाकर अपने हैंडलर्स को भेज रहे थे। इस पर खूफिया विभाग ने यह जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है कि अलीगढ़ आए संदिग्धों का स्थानीय कनेक्शन क्या है?

**अलीगढ़, लखनऊ व गाजियाबाद में नेताओं की रेकी करते रहे**

जिन नेताओं के पास सुरक्षा है, उनके सुरक्षाकर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि अन्य की निगरानी स्थानीय पुलिस और खुफिया इकाइयों के जरिए कराई जा रही है। इसके अलावा, पिछले दस वर्षों में जिले में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहे लोगों का रिकॉर्ड खंगालकर उनकी मौजूदा गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी संभावित कनेक्शन को समय रहते पकड़ा जा सके।

## स्मार्ट मीटर को लेकर अखिलेश ने साधा निशाना

# भाजपा सरकार में उपभोक्ता से उपभुगता बन गई जनता

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर के एकाउंट में पैसे होने के बावजूद बत्ती गुल होने को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। कहा कि सरकार की नीतियों के कारण यूपी में 'प्रीपेड पीड़ित' नाम की नई श्रेणी पैदा हो गई है। रविवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले से ही बिजली के लिए भुगतान कर दिया है, वे भी स्मार्ट मीटर की खामियों के चलते बिजली कटौती और तकनीकी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बिजली कंपनियों को पहले ही पैसा मिल जाता है, तो फिर आम जनता को परेशान क्यों किया जा रहा है।

## मोतिहारी के मदरसे में पुलिस का छापा

# पिस्टल मिलने पर मदरसा सील, तीन हिरासत में

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

देश विरोधी गतिविधियों को लेकर बिहार का पूर्वी चम्पारण जिला एक बार फिर सुर्खियों में है। जिले का चकिया और मेहसी थाना क्षेत्र, जो पिछले कई वर्षों से सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर है। रविवार को पुलिस ने चकिया क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने चकिया थाना के गवंदरा गांव के एक मदरसा में छापेमार की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अत्याधुनिक पिस्टल बरामद की है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है।



### कोर्ट से घर तक बजवाए ढोल, बोले- मेरी लड़की है, कोई सामान नहीं

**मेरठ ।** यूपी के मेरठ से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने समाज में बेटियों को लेकर सोच पर नई बहस छेड़ दी है। उत्तराखंड कैडर के सेवानिवृत्त जिला जज डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने अपनी बेटी प्रणिता वशिष्ठ के तलाक को दुख नहीं, बल्कि स्वाभिमान की जीत के रूप में मनाया।

कोर्ट से घर तक ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ लेकर आए तलाक की कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद डॉ. शर्मा अपनी बेटी को कोर्ट से घर तक ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ लेकर आए। इस दौरान नाच-गाना हुआ, फूल-मालाओं से बेटी का स्वागत किया गया और पूरे रास्ते यह संदेश दिया गया कि बेटी का सम्मान किसी रिश्ते से बड़ा होता है।

Photocopier
ct2-moder-64
SALE
8 tons megatherm steel making furnace for sale with transformer in best working condition in Chennai
Shri Balaji Steel Industries
CHENNAI, Tamilnadu
9840039742

MAX Healthcare

**मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट लिमिटेड**

**सार्वजनिक सूचना - पर्यावरण मंजूरी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (क्रॉसले रेमेडीज लिमिटेड की एक इकाई), प्लॉट नंबर W-2, सेक्टर-1, वैशाली, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश को प्रस्तावित अस्पताल विस्तार के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), उत्तर प्रदेश द्वारा जारी) से पर्यावरण मंजूरी प्रदान की गई है, जिसकी ईसी पहचान संख्या EC25C3804UP5605206N दिनांक 30.03.2026 है।

पर्यावरण मंजूरी की प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिवेश पोर्टल तथा मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

लिंक नीचे संलग्न हैं:

1. https://parivesh.nic.in/newupgrade/#/trackYourProposal/proposal-details?proposalId=SIA%2FUP%2FINFRA2%2F559816%2F2025&proposal=638371578
2. https://www.maxhealthcare.in/environmental-clearances?report_type=&hospital=12

इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित से भी संपर्क कर सकते हैं;

**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (क्रॉसले रेमेडीज लिमिटेड की एक इकाई), प्लॉट नंबर W-2, सेक्टर-1, वैशाली, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश**

फोन नंबर: 88604 44888
ईमेल आईडी: Sustainability@maxhealthcare.com



# ममूटी और मोहनलाल 17 साल बाद एक साथ

**मुंबई।** फिल्म 'पैट्रियट' में 17 साल बाद ममूटी और मोहनलाल एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। यह जासूसी थ्रिलर 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कहानी एक विवादास्पद खुफिया मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है। ममूटी डेनियल जेम्स की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मोहनलाल उनके पुराने दोस्त और सैनिक का किरदार निभा रहे हैं। ये दोनों एक गुप्त अभियान शुरू करते हैं ताकि साजिश का पर्दाफाश कर सकें और देश की रक्षा कर सकें। पैट्रियट का निर्माण एंटो जोसेफ और केजी अनिल कुमार ने एंटो जोसेफ प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है और इसे किचाप्पस एंटरटेनमेंट्स ने प्रस्तुत किया है।

लाइफ Style

# जाह्नवी डीपफेक्स का हुई शिकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने डीपफेक्स को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने अपने साथ स्कूल में हुई एक डिस्टर्बिंग घटना के बारे में भी बताया।*

जाह्नवी ने कहा, मुझे नहीं पता इसे टेक्निकली डीपफेक कहेंगे, लेकिन ये कुछ ऐसा ही था. मैंने अपनी फोटोज अश्लील साइट पर देखी थी। हमारी आईटी क्लास थी स्कूल में। लड़के उन साइट्स पर जाते थे फन के लिए और मेरी फोटोज वहां थीं। मैं उस वक्त 15 साल की थीं। ये बहुत खराब एक्सपीरियंस था। आगे जाह्नवी ने कहा, एक प्वॉइंट पर, मुझे लगा क्यो? क्या ये वो कीमत है, जो आपको चुकानी पड़ती है? जैसे कि इन चीज़ों में कोई नैतिकता ही न हो। सोशल मीडिया पर सब अपनी बातें रख रहे हैं। अब नैतिकता के मामले में बिहेवियर थोड़ा-बहुत सुधरा है लेकिन बड़े पैमाने पर ये अभी भी समस्या है। बहुत से लोगों को ये नॉर्मल लगता है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए ऐसा होगा ही। जाह्नवी ने एआई जेनरेटेड फोटोज को लेकर भी कहा, इससे मैं शांति में नहीं हूं। मेरे कई ऐसे विजुअल्स हैं, यहां तक कि ऑफिशियल न्यूज पेजेस पर भी सर्कुलेट हुए हैं, जो पूरी तरह से एआई से बने हैं। मैंने कभी वो चीजें नहीं पहनी, मैंने कभी वैसे फोटोज नहीं क्लिक करवाए। लेकिन वो ऐसे सर्कुलेट हुए जैसे वो रियल हैं। जाह्नवी ने फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।



हॉलीवुड मसाला



# इतिहास के पन्नों को पलटा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप आइकन टेलर स्विफ्ट ने एक बार फिर अपने संगीत के जरिए इतिहास के पन्नों को पलटा है। अपने हालिया एल्बम 'द लाइफ़ ऑफ़ अ शोगर्ल' के तीसरे सिंगल 'एलिज़ाबेथ टेलर' के लिए स्विफ्ट ने एक भावुक म्यूज़िक वीडियो जारी किया है, जो हॉलीवुड की अभिनेत्री एलिज़ाबेथ टेलर को भव्य श्रद्धांजलि है। गायिका ने अपने प्रशंसकों को तब चौंका दिया, जब उन्होंने इस वीडियो को विशेष रूप से स्पॉटिफाई और एप्पल म्यूजिक के सब्सक्राइबर्स के लिए जारी किया।



# 'मैड अबाउट यू' छोड़ने पर दुविधा में थीं लिसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार लिसा कुड्रो को आज भी लोग फीबी बुफे के रोल में याद करते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस शो ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई, उसी को लेकर शुरुआत में वह पूरी तरह आश्वस्त नहीं थीं। दरअसल, जब उन्हें 'फ्रेंड्स' में कास्ट किया गया, तब वह पहले से ही एक दूसरे शो 'मैड अबाउट यू' में काम कर रही थीं और उसे छोड़ने को लेकर असमंजस में थीं। लिसा कुड्रो ने कहा, मैं 'मैड अबाउट यू' में अपने रोल को लेकर काफी गर्व महसूस करती हूं। इस शो में मेरा किरदार एक वेट्रेस का था। बेशक वह छोटा रोल था, लेकिन मेरे करियर के लिए काफी अहम था। ऐसे में जब मुझे 'फ्रेंड्स' का ऑफर मिला, तो मैं असमंजस में थी। मुझे यह डर था कि नया शो सफल होगा या नहीं, क्योंकि टीवी इंडस्ट्री में कई बार अच्छे शो भी ज्यादा समय तक नहीं चल पाते।




# मृणाल की 'डकैत' 10 को होगी रिलीज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की अपकमिंग फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म की कहानी एक धोखा खाए आशिक की कहानी है, जो अपनी प्रेमिका से बदला लेता है। मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष, जो शादी और बच्चे का सपना एक साथ देख रहे हैं, लेकिन एक पल में दोनों की जिंदगी बदल जाती है। हरि (अदिवि शेष) जेल के अंदर होता है और मृणाल ठाकुर उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दे रही है। हरि बेगुनाह होने के बाद भी जेल में जिंदगी काटता है और मृणाल से बदला लेने का प्लान करता है। कहानी में बड़ा ट्विस्ट भी दिखाया गया है। कहानी में मृणाल ठाकुर एक बच्ची की मां बन चुकी है और हरि को इस बारे में नहीं पता।





# 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर आउट...

**मुंबई।** विजय सेतुपति ने फिल्म 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर लुक जारी किया है। फिल्म 'डोंट स्लीप' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर शमदत ने पहली बार किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका इंद्रराम निभा रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट में रविंद्र विजय, ताबा रीमा, ज्योती बनर्जी, सुनील थापा और आदुकलम नरेंद्र जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म के पहले पोस्टर में बर्फ से ढके पहाड़ों पर एक डरावना सीन दिखाया गया है। इंद्र राम की आंखें बंद हैं और उनके माथे पर पट्टी बंधी हुई है, जबकि रवींद्र विजय हाथ में बंदूक लेकर उनका पीछा कर रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म की कहानी को दर्शाता है। शमदत ने 'उप्पेना', 'विरुपाक्षा' और 'थंडेल' जैसी फिल्मों में शानदार कैमरा वर्क किया है।

टीवी मसाला

# मानसिक रूप से परेशान दीपिका, बयां

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों कैंसर के बाद हुए सिस्ट के दर्द से जूझ रही हैं। उन्होंने हाल में ही अपने ब्लॉग में अपने दर्द को बयां किया है। उन्होंने ये भी बताया कि ये दौर उनके लिए काफी मुश्किल है। पिछले कुछ महीनों से लीवर कैंसर स्टेज 2 जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहीं दीपिका ने हाल ही में अपने यूट्यूब ब्लॉग के जरिए प्रशंसकों के साथ एक भावुक अपडेट साझा किया है। जून 2025 में ट्यूमर रिमूवल सर्जरी और उसके बाद चले लंबे इलाज के बाद, अब एक नई स्वास्थ्य संबंधी रुकावट ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। दीपिका ने अपने नए वीडियो में खुलासा किया कि कैंसर के इलाज के कुछ महीनों बाद उन्हें री-अकरेंस का सामना करना पड़ा है। उनके शरीर में 1.3 सेंटीमीटर का एक छोटा सिस्ट दोबारा पाया गया है, जिसने उन्हें अंदर से झकझोर दिया है। सर्जरी के बाद दीपिका ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि इस खबर ने उन्हें डरा दिया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इस दोबारा हुई समस्या और सिस्ट की खबर ने मुझे हिला दिया है। मैं थोड़ी घबरा गई हूं कि आखिर ऐसा क्यों हुआ और आगे मेरे लिए क्या चुनौतियां आने वाली हैं।' उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह इसी सोच में डूबी थीं, जिसके कारण वह अपना ब्लॉग भी पूरा नहीं कर पा रही थीं। बीमारी ने दीपिका की जीवनशैली और



# मायसा का फर्स्ट लुक रिलीज

*रश्मिका मंदाना स्टारर 'मायसा' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फैंस को इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। अपनी वर्सटैलिटी और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली रश्मिका ने अपनी परफॉरमेंस से हमेशा दर्शकों को सरप्राइज किया है, 'मायसा' में उनका लुक देख कर फैंस फिल्म के बारे में*



**मुंबई।** मेकर्स ने एक कमाल का नया पोस्टर रिलीज किया है जिसमें टैलेंटेड स्टार पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रही हैं। यह मोनोक्रोम पोस्टर उनके इंटेंस लुक को कैप्चर करता है, जहां उनके चेहरे पर धूल और खून लगा है। जो उनकी रॉ पावर और इमोशन्स को साफ दिखाता है। यह दिलचस्प पोस्टर एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करता है जो बोल्ड और रफ है, जिसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को तुरंत बढ़ा दिया है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उसने अपनी चमक से राज किया। अपनी ग्रेस से दिल जीते। अब वो आ रही है अपनी बेमिसाल रफ़्तार और गुस्से के साथ। तैयार हो जाइए उनकी अब तक की सबसे धमाकेदार परफॉरमेंस के

# अक्षय ने की ट्विंकल संग पुरानी यादें साझा

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में जहां रिश्ते अक्सर चर्चा और सुर्खियों में बने रहते हैं, वहीं कुछ जोड़ियां ऐसी भी होती हैं जो अपने सादगी भरे और मजबूत रिश्ते से लोगों का दिल जीत लेती हैं। ऐसी ही एक जोड़ी है अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना की, अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके रिश्ते की मस्ती और दोस्ती भी साफ दिखाई देती है। अक्षय कुमार के साझा किया गया यह



वीडियो उनकी मालदीव ट्रिप की पुरानी यादों से जुड़ा हुआ है। इस वीडियो में दोनों एक खूबसूरत जगह पर साथ चलते हुए नजर आते हैं, जहां चारों ओर साफ नीला पानी और शांत माहौल दिखाई दे रहा है। दोनों हाथ में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय कुमार ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मैं हर दिन अपनी पत्नी पर फिदा हो जाता हूं, लेकिन कभी-कभी कोहनी लदने के बाद।

# 50 किलो का लहंगा पहनकर रैंप पर छाईं

*बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने एक टाइम में अपनी अदाओं से सबको दीवाना बना रखा था। वहीं एक्ट्रेस शादी और मां बनने के बाद एक्टिंग से दूर हो गईं। हालांकि, वो सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपने लुक्स से सबका ध्यान खींच लिया।*




**मुंबई।** फैशन वीक में बिपाशा ने दुल्हन के गेटअप में रैंप पर एंट्री ली और जैसे ही उनका लुक सामने आया, सभी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का 50 किलो का लहंगा पहना था, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने गोल्डन एक्सेसरीज पहनी थी और उनका मेकअप भी कमाल का था। इवेंट से उनके कई वीडियोज समाने आए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कोई उनके गॉर्जियस कह रहा है, तो कोई ब्यूटीफुल बता रहा हैं।

बिपाशा बसु ने काम को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब फिर से काम शुरू करने का समय है और मैं बहुत खुश हूं। आप जानते हैं, यह मेरा पुराना प्यार है। मैंने सबसे पहले मॉडलिंग की थी, फिर एक्टिंग की. लोगों का प्यार मुझे हमेशा मिलता रहा है और आज भी मुझे वही प्यार मिला, जिससे मैं बहुत खुश हूं।

# 'धुरंधर 2' में छाया 41 साल पुराना गाना, दर्शकों में मचा रहा धूम

**मुंबई।** 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार कमाई कर रही है। इसकी सफलता के पीछे दमदार एक्शन, कहानी, निर्देशन और कलाकारों के साथ-साथ इसका बैकग्राउंड म्यूजिक और गाने भी हैं, जो हर तरफ छाए हुए हैं। फिल्म के दोनों भागों में कई पुराने गानों को रीमेक किया गया है, लेकिन 'धुरंधरः द रिवेंज' में एक ऐसा गाना है, जो लोगों के लिए काफी सरप्राइजिंग था। जैसे ही थिएटर में ये गाना बजा, हर तरफ सीटियां और तालियां गूंजने लगीं।

## फिल्म में कई पुराने गाने शामिल

धुरंधर 2 में म्यूजिक के तौर पर कई पुराने गाने शामिल किए गए हैं और जब ये गाने बजते हैं तो दर्शक भी इसकी वाइब से खुद को जोड़ पाते हैं। ये गाने नॉस्टैल्जिक टच भी देते हैं और पूरी फिल्म के दौरान ये वाइब बनी रहती है। लेकिन जैसे ही 41 साल पुराना राजेश खन्ना की फिल्म का गाना बजता है तो कान खड़े हो जाते हैं। ये गाना आपने टीवी, रेडियो पर जरूर सुना होगा, जिसके बोल हैं 'कभी बेखुदी ने मारा', जिसे 41 साल पहले किशोर दा ने आवाज दी थी।



**कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल :** धुरंधरः द रिवेंज में किशोर कुमार के 'कभी बेखुदी ने मारा' के अलावा और भी कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल किया गया है। धुरंधर 2 में तम्मा तम्मा लोगे, ओए ओए... तिरछी टोपी वाले, हम प्यार करने वाले जैसे गाने शामिल हैं। इससे पहले दिसंबर 2025 में रिलीज हुए पहले भाग 'धुरंधर' में भी कई पुराने गाने सुनने को मिले थे, जिन्हें दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में अरमान (1981) का 'रंभा हो' और 'दस मैं की प्यार विचों खटिया' जैसे गाने सुनने को मिले थे।

**सुरों के सरताज किशोर कुमार ने दी थी आवाज :** हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना पर फिल्माया गया गाना 'कभी बेखुदी ने मारा' 1985 में रिलीज हुई फिल्म 'अलग-अलग' का है, जिसे सुरों के सरताज किशोर दा ने आवाज दी थी और संगीतकार की जिम्मेदारी आरडी बर्मन ने निभाई थी। धुरंधरः द रिवेंज में ये गाना तब सुनाई देता है जब हमजा (रणवीर सिंह) आलम (गौरव गेरा) को अपनी एक स्पाई बनने से पहले की दास्तान सुनाता है। जैसे ही थिएटर में ये धुन बजती है, देखते ही दर्शकों के सरप्राइजिंग रिएक्शन आने लगते हैं।

### प्रोजेक्ट पर 4000 करोड़ से ज्यादा खर्च होने का अनुमान

# पीएमएवाय-2 के तहत भोपाल में जल्द बनेंगे 40 हजार ईडब्ल्यूएस एलआईजी आवास, अच्छी लोकेशन वाली जमीन की तलाश जारी

*वर्ष 2017 में शुरू हुए पीएमएवाय के पहले चरण के कई प्रोजेक्ट अभी भी अधूरे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम के हाउसिंग फॉर आल सेक्शन द्वारा वर्ष 2017 में शुरू किए गए प्रोजेक्ट अभी भले ही पूरे न हुए हों, लेकिन निगम प्रशासन ने उक्त योजना के दूसरे चरण के लिए शहर में 40 हजार नए आवासों के निर्माण के लिए जगह की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए ग्रामीण इलाकों से लगी नगर निगम की सीमा के भीतर निगम के अधिकारी जमीन देख रहे हैं। करीब 4000 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट के लिए निगम प्रशासन ऐसी जगह चिन्हित करना चाहता है जहां का वातावरण शांत, स्वच्छ और आवागमन की दृष्टि से बेहतर हो और शहर से सीधी कनेक्टिविटी हो। नगर निगम का हाउसिंग फॉर ऑल सेक्शन इस प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश में जुट गया है। इसके लिए निगम के अधिकारी शहर की सीमा से लगे ग्रामीण और विकसित होते क्षेत्रों का लगातार सर्वे कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में शुरू हुए पीएमएवाय के पहले चरण के कई प्रोजेक्ट अभी भी अधूरे हैं। निगम प्रशासन का मानना है कि शहर में तेजी से बढ़ती आबादी और आवास की मांग को देखते हुए इस योजना का विस्तार जरूरी है।

*निगम प्रशासन ऐसी जगह चिन्हित करना चाहता है जहां का वातावरण शांत, स्वच्छ और आवागमन की दृष्टि से बेहतर हो और शहर से सीधे तौर पर कनेक्टिविटी मौजूद हो*

*» शहर की सीमा से सटे इलाकों में भूमि देखने अधिकारी लगातार कर रहे हैं विजिट*

*» आवास की मांग को देखते हुए इस योजना का विस्तार जरूरी*



**जगह देखी जा रही है, जल्द ही चिन्हित करेंगे**

नगर निगम में हाउसिंग फॉर ऑल के प्रभारी नगर यंत्री आरके गोयल का कहना है कि पीएमएवाय-2 के तहत शहर में भूमि की तलाश की जा रही है। यह काम जल्द शुरू होना है। इसलिए लगातार जगह देखने का काम हो रहा है। इसके बाद अन्य आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**संभावित स्थानों का कर चुके हैं निरीक्षण, मंजूरी बाकी**

निगम के अधिकारी होशंगाबाद रोड, बावडिया कला, रातीबढ़, कोलार, गांधी नगर क्षेत्र, संत नगर, रायसेन रोड से लगे ग्रामीण इलाकों से सटी नगर निगम की सीमा के भीतर संभावित स्थानों का निरीक्षण कर चुके हैं। कुछ क्षेत्रों को प्राथमिक तौर पर चिन्हित भी किया गया है। जल्द ही जमीन का अंतिम चयन कर परियोजना को औपचारिक मंजूरी के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इस योजना के पूरा होने पर शहर के हजारों जरूरतमंद परिवारों को सस्ते और सुरक्षित आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

---

### मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जींद और महम में रैलियों को संबोधित किया

# आपदा के समय में भी राजनीति कर रहा विपक्ष

## जींद : 253 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद\रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष के लोगों के पास कोई मुद्दा व नीति नहीं बची है। जब भी कोई आपदा आती है तो कांग्रेस के लोग राजनीति करना शुरू कर देते हैं। वैश्विक संकट में भी वो अपनी राजनीति कर रहे हैं और लोगों में भ्रम फैला कर गुमराह फैलाने का काम करते हैं। वो जनता को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि हरियाणा प्रदेश में पेट्रोल, डीजल की कमी नही आने देंगे। जो कालाबाजारी करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को जींद और रोहतक के महम में धन्यवाद और विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली संयोजक हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण कुमार मिड्ढा ने जींद पहुंचने पर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 253 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। रैली में उपस्थित भारी भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जींद की यह भूमि परिश्रम और प्रगति का संगम है। यह हरियाणा की वह धड़कन है।

**जींद को ये मिला**

मुख्यमंत्री ने 35 करोड़ 76 लाख 25 हजार की लागत से पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें जलालपुरा कलां, इंटल कलां व इंटल खुर्द में 3 नहर आधारित परियोजनाओं का निर्माण कार्य तथा 2 मौजूदा कार्यों का विस्तार का शामिल है। इसके तहत संगतपुरा, जाजवान व ढांडा खेड़ी गांवों को कॉमन पंपिंग स्टेशन के माध्यम से पानी की आपूर्ति एवं डीआई पाइपलाइन बिछाने के कार्य होंगे।

**महम की बदलेगी तस्वीर**

76.11 लाख रुपये से महम के वार्ड-2 में सैनी सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य शामिल हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने सिंचाई व जल संसाधन विभाग द्वारा 8947 लाख रुपये की लागत से भिवानी सब-ब्रांच की रीमॉडलिंग, महम में बाढ़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए कई परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। उनमें 496 लाख रुपये की लागत से महम ड्रेन पर रिटेनिंग वॉल, 1238 लाख रुपये की लागत से भूमिगत पाइपलाइन भैणी सुरजन, भैणी चंद्रपाल, सैमाण में बनाए जाने, 267 लाख रुपये की लागत से भैणी मातो से जुई फीडर पाइपलाइन, 106 लाख रुपये की लागत से बहलबा लिंक ड्रेन पाइपलाइन, 237 लाख रुपये की लागत से समैण से जुई फीडर पाइपलाइन, 319 लाख रुपये की लागत से मोखरा खेड़ी आरसीसी सुरक्षा दीवार, 139 लाख रुपये की लागत से समैण सोलर सबमर्सिबल पंप, 135 लाख रुपये की लागत से फरमाणा खास से करसोल माइनर पाइपलाइन के निर्माण कार्य शामिल है।

## महम : 202.77 करोड़ के विकास कार्यों की मिली सौगातें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महम में विकास रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 202.77 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 231.25 लाख रुपये की 2 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 118.84 करोड़ रुपये की सिंचाई विभाग की, 80 करोड़ 88 लाख 14 हजार रुपये की जनस्वास्थ्य विभाग की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने गांव सुंदरपुर में 74.04 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए स्कूल भवन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और महम में इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर जीवनयापन और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उदघाटन किया है, उनमें 155.14 लाख रुपये की लागत से महम शहर के टाउन पार्क का नवीनीकरण शामिल है।

---

### संत दादा गुरु और मंत्री प्रह्लाद का श्रमदान जनसेवा का बना संदेश

*बुदनी गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर श्रमदान करने पहुंचे*

# नर्मदा तट पर मंत्री पटेल, संत और आमजन ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नर्मदा तट पर पूजा-अर्चना करते मंत्री पटेल।

बुदनी गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर शनिवार को जनप्रतिनिधि, संत और आमजन एक साथ श्रमदान किया। इस अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने श्रमदान कर यह स्पष्ट किया कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो अपने आचरण से प्रेरणा देता है।

उनके द्वारा किया गया श्रमदान जनसामान्य के लिए एक सशक्त संदेश बनकर उभरा। मंत्री पटेल ने भी स्पष्ट रूप से कहा कि नदियों का संरक्षण केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज की चेतना का दर्पण है। उन्होंने स्वच्छता को अभियान से आगे बढ़ाकर जीवन का संस्कार बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके अनुसार, जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करेगा, तभी स्थायी परिवर्तन संभव हो सकेगा। इस अवसर पर नर्मदा परिक्रमा के तपस्वी, दादा गुरु महाराज की उपस्थिति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। पटेल ने संगम स्थल पर चल रहे स्वच्छता एवं संरक्षण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि इस पावन स्थल का विकास निरंतर और सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ता रहे।

**साधना, आत्मशुद्धि और आंतरिक जागरण का केंद्रः दादा गुरु**

दादा गुरु महाराज ने संगम के समग्र विकास पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इसे केवल एक भौतिक स्थल नहीं, बल्कि साधना, आत्मशुद्धि और आंतरिक जागरण का केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि जीवन की आधारशिला हैं, जिनकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी का धर्म है। साथ ही उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

**मंत्री पटेल ने किया श्रमदान**



---

### बांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलगी सुराकछार मुख्य मार्ग का मामला

# ट्राले की चपेट में आने से युवक की मौत नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन-चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलगी सुराकछार मुख्य मार्ग पर हाइवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। इस घटना के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और मुख्य रोड पर लोगों ने चक्काजाम कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची बाकी मोगरा थाना पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया।

बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान 36 वर्षीय रामेश्वर सिंह कमर के रूप में हुई है, जो बाकी मोंगरा थाना के सलियाभांठा गांव का रहने वाला था। जो अपने बाइक पर सवार होकर बलगी किसी काम से जा रहा था। इस दौरान ओवरटेक और रफ्तार के चक्कर में भारी वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

*» ओवरटेक और रफ्तार के कारण हुई दर्दनाक घटना, जांच जारी*



**तत्काल प्रदान की गई सहायता राशि**

वहीं, मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुआवजा की मांग करने लगे। वहीं, आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्का जाम कर दिया और लोगों की आवाज ही बंद कर दी गई। सूचना मिलते ही बाकी मोगरा थाना प्रभारी चमन लाल सिन्हा मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। उन्हें शासन से मिलने वाली सहायता राशि तत्काल प्रदान की गई और आगे की कार्रवाई करने का आश्वासन पर चक्का जाम समाप्त हुआ। बताया जा रहा है कि मृतक रामेश्वर सिंह कंवर निजी कंपनी में काम करता था। घर पर पत्नी बच्चे भाई और माता-पिता की जिम्मेदारी उसपर थी। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

---

### यूपी फिल्म कॉन्क्लेव में एसजीटीयू को दो पुरस्कार

# "द सर्वाइवल"को संपादन श्रेणी में पहला व 'उम्मीद' को फिल्म श्रेणी में दूसरा स्थान




गुरुग्राम। श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राईसेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) के स्कूल ऑफ इमर्जिंग मीडिया, कम्युनिकेशन एवं फिल्म स्टडीज (एसएमसीएफ) के विद्यार्थियों ने संगीत नाटक अकादमी में आयोजित यूपी फिल्म कॉन्क्लेव 2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया।राष्ट्रीय स्तर के इस कॉन्क्लेव में देशभर के 12 राज्यों, 16 शहरों और 20 विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से 100 से अधिक लघु फिल्मों की प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। इनमें से केवल 23 फिल्मों को छात्र श्रेणी में आधिकारिक रूप से नामांकित किया गया। कहानी कहने की कला और तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एसएमसीएफ के छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष सम्मान प्राप्त किए और कॉन्क्लेव में सबसे अधिक सराहे जाने वाले समूहों में से एक बनकर उभरे। हमारे छात्रों की प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार रहीं:द्वितीय पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी) – "उम्मीद"लेखन एवं निर्देशन – संदीप कौरसर्वश्रेष्ठ संपादन पुरस्कार – "द सर्वाइवल"लेखन – इशिता होतानिर्देशन – रोहन शिवन एवं अंशित कथूरियालघु फिल्म "उम्मीद" विश्वविद्यालय के एक छात्र के जीवन की भावनात्मक कहानी प्रस्तुत करती है, जो शैक्षणिक और व्यक्तिगत चुनौतियों से जूझते हुए छोटी-छोटी घटनाओं के माध्यम से आशा व उम्मीद को पुनः खोजता है।

---

### छग में खनिज क्षेत्र से होने वाली आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज

*यह राशि तय लक्ष्य के करीब 98 फीसदी है*

# 16 हजार 625 करोड़ का खनिज राजस्व अर्जित, 14 फीसदी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज क्षेत्र से होने वाली आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।



राज्य ने कुल 16 हजार 625 करोड़ रुपये का खनिज राजस्व अर्जित किया है। यह राशि तय लक्ष्य के करीब 98 फीसदी है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

खनिज विभाग के अनुसार, इस साल राजस्व में 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह वृद्धि पिछले पांच वर्षों की औसत वृद्धि दर से भी अधिक है। खनिज विभाग के सचिव पी दयानंद ने इस वृद्धि के कई कारण बताए हैं। इनमें एनएमडीसी व अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के परिवहन मार्गों का बेहतर प्रबंधन शामिल है। इससे खनिज परिवहन की दक्षता बढ़ी और राजस्व संग्रह में सुधार आया। 'खनिज 2.0' जैसे अंकीय प्लेटफॉर्म ने भी अहम भूमिका निभाई है। इस प्लेटफॉर्म ने खनन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया है। पारदर्शिता बढ़ने से अवैध खनन पर रोक लगी और राजस्व रिसाव कम हुआ।

***बेहतर प्रबंधन से सुगम हुई खनिज ढुलाई***

*परिवहन मार्गों के बेहतर प्रबंधन से खनिज ढुलाई सुगम हुई है। एनएमडीसी जैसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों को इसका सीधा लाभ मिला। 'खनिज 2.0' ने खनन लाइसेंसिंग और निगरानी को सरल बनाया। यह अंकीय प्लेटफॉर्म खनन गतिविधियों को व्यवस्थित करने में सहायक रहा। इन प्रयासों से राजस्व संग्रह में दक्षता और पारदर्शिता आई है। सरकार अब गौण खनिजों को भी अंकीय प्रणाली से जोड़ने की योजना बना रही है। इसका उद्देश्य पूरी खनन व्यवस्था को एकीकृत और अधिक प्रभावी बनाना है। खनिज परिवहन पर निगरानी बढ़ाने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल होगा। वीटीएस, आई-चेक गेट्स और ड्रोन तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा। ये कदम भविष्य में राजस्व वृद्धि और पारदर्शिता को और मजबूत करेंगे।*

---

# अजाक्स ने आदेश संशोधन की मांग को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 2 अप्रैल 2026 को जारी पत्र में संशोधन की मांग की है।

संघ का कहना है कि जारी पत्र में मुकेश मौर्य को प्रांतीय अध्यक्ष संबोधित किया गया है, जबकि इस संबंध में मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए यह तथ्यात्मक रूप से त्रुटिपूर्ण बताया गया है। संघ के अनुसार प्रांतीय अध्यक्ष पद से संबंधित अपील प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के समक्ष लंबित है। साथ ही मुकेश मौर्य द्वारा स्वयं को प्रांतीय अध्यक्ष घोषित किए जाने के विरुद्ध जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल में दो प्रकरण भी विचाराधीन हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 20 मार्च 2026 को अजाक्स भवन में अनाधिकृत प्रवेश के मामले में थाना टीटी नगर में आवेदन दिए गए हैं तथा पुलिस आयुक्त को भी शिकायत प्रस्तुत की गई है। अजाक्स संघ ने अतिरिक्त मुख्य सचिव से प्रकरण का परीक्षण कर संशोधित आदेश जारी करने की मांग की है।

---

## कृषि और किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस ने सत्ता पक्ष पर साधा निशाना

# खाद्यान्न उपार्जन, भंडारण व लॉजिस्टिक्स में 150 करोड़ रुपए का घोटाला: पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*फर्जी बिलिंग, घटिया सामग्री और अधिकारियों-ठेकेदारों की मिलीभगत का परिणाम: जीतू*

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में खाद्यान्न उपार्जन, भंडारण एवं लॉजिस्टिक्स व्यवस्था में व्याप्त



व्यापक भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विफलता और राजनीतिक संरक्षण का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि यह केवल कुप्रबंधन नहीं, बल्कि संगठित लूट का एक बड़ा तंत्र है, जिसने किसानों के अधिकारों और गरीबों की खाद्य सुरक्षा दोनों को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि रायसेन जिले के वेयरहाउसों में 35 करोड़ रुपए की लागत से खरीदा गया लगभग 20,000 मीट्रिक टन गेहूं, रखरखाव और कीटनाशक के नाम पर 150 करोड़ रुपए का बोझ बनाकर सड़ने के लिए छोड़ दिया गया। 34 बार कीटनाशक छिड़काव के बावजूद अनाज का 'जहर' बन जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह पूरा मामला फर्जी बिलिंग, घटिया सामग्री और अधिकारियों-ठेकेदारों की मिलीभगत का परिणाम है। पटवारी ने कहा कि यह एक अकेला मामला नहीं है। पिछले चार वर्षों में प्रदेश में 10 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं सड़ चुका है, जिसमें से लाखों टन अनाज पूरी तरह नष्ट हो गया। इस सड़े हुए अनाज की नीलामी से भी सरकार को लगभग 200 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, जो सीधे तौर पर जनता के पैसे की बर्बादी है।

# गेहूं खरीदी में हो रही देरी दुर्भाग्यपूर्ण, किसानों के घाव पर नमक छिड़कने जैसा: अजय सिंह

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने प्रदेश में गेहूं खरीदी में लगातार हो रही देरी को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, किसान-



विरोधी और असंवेदनशील बताया है। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही प्राकृतिक जोखिम, बढ़ती लागत, कर्ज के बोझ और मंडी की अनिश्चितताओं से जूझ रहा है।

ऐसे में सरकार द्वारा गेहूं खरीदी को टालते रहना किसानों के घाव पर नमक छिड़कने जैसा है। सिंह ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि जब किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने की उम्मीद लगाए बैठा है, तब उसे मजबूरी में व्यापारियों को बहुत कम दाम पर गेहूं बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है और बैंक से कर्ज लेकर खेती करने वाले अनेक किसान डिफाल्टर होने की कगार पर पहुंच गए हैं। बारदाने का बहाना लेकर खरीदी में विलंब अजय सिंह ने कहा कि सरकार बारदाने की कमी का बहाना बनाकर खरीदी में विलंब कर रही है, जबकि खुले बाजार में और व्यापारियों के पास पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है। यदि व्यापारी बड़े पैमाने पर खरीदी कर सकते हैं, तो सरकार किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं क्यों नहीं खरीद सकती? उन्होंने कहा कि राजस्थान सहित कई राज्यों में गेहूं खरीदी पहले ही शुरू हो चुकी है, लेकिन मध्य प्रदेश में किसानों को लगातार इंतजार कराया जा रहा है। इससे यह आशंका मजबूत होती है कि व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए ही सरकार खरीदी में देर कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि वह तत्काल गेहूं खरीदी शुरू करे। किसानों से एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए।

## चिंतन

# विकास चौपट कर रही 'राजनीतिक रेवड़ियां'

देश की राजनीति में 'फ्रीबीज' या 'रेवड़ी संस्कृति' अब चुनावी रणनीति का सबसे आसान और लोकप्रिय हथियार बन चुकी है। चुनाव आते ही मुफ्त राशन, नकद सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी और तमाम तरह की घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है। पहली नजर में ये योजनाएं आम जनता को राहत देने वाली लगती हैं, लेकिन गहराई से देखें तो यही रेवड़ियां राज्यों के आर्थिक ढांचे को भीतर से खोखला कर विकास को चौपट कर रही हैं। असल समस्या यह है कि घोषणाएं तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन राज्यों की कमाई उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। नतीजा बजट का संतुलन बिगड़ रहा है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। कई राज्यों में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि विकास कार्यों के लिए पैसा ही नहीं बच रहा। सड़कों, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों पर खर्च घटाया जा रहा है, ताकि चुनावी वादों को किसी तरह निभाया जा सके। हिमाचल प्रदेश इसका ताजा उदाहरण है, जहां नकदी संकट इतना गहरा गया कि सरकार को वेतन और पेंशन तक टालनी पड़ी। यह केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि आने वाले समय का संकेत है। अगर यही रुझान जारी रहा, तो अन्य राज्य भी इसी राह पर चल पड़ेंगे। तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है। चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल करीब एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कई योजनाएं अधर में लटकी हैं। मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना और अन्य सब्सिडी योजनाओं के चलते कर्ज का अनुपात तेजी से बढ़ा है। महाराष्ट्र जैसे अपेक्षाकृत मजबूत राज्य को भी दबाव में आकर कुछ योजनाएं बंद करनी पड़ीं। पंजाब जैसे राज्यों में तो हालात और भी गंभीर हैं। यहां चुनावी घोषणाओं का बोझ कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। जब किसी राज्य की कमाई का इतना बड़ा हिस्सा केवल मुफ्त योजनाओं में खर्च हो जाए, तो विकास कार्यों के लिए पैसा कहां से आएगा? यही वजह है कि कई राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स धीमे पड़ रहे हैं या रुक गए हैं। यह भी समझना जरूरी है कि मुफ्त योजनाएं पूरी तरह गलत नहीं हैं। समाज के कमजोर वर्गों को सहारा देना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब ये योजनाएं आर्थिक मजबूती के बजाय केवल चुनावी लाभ के लिए बनाई जाती हैं। बिना दीर्घकालिक योजना और वित्तीय अनुशासन के चलाई गई योजनाएं अंततः राज्य की अर्थव्यवस्था पर बोझ बन जाती हैं। कैश ट्रांसफर योजनाएं विशेष रूप से चिंता का विषय हैं। ये योजनाएं तुरंत राहत तो देती हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हैं। इनसे न तो रोजगार पैदा होता है और न ही उत्पादन बढ़ता है। उल्टा, ये सरकार की वित्तीय स्थिति को कमजोर कर देती हैं। अगर यही स्थिति बनी रही, तो भविष्य में कुछ राज्यों के डिफॉल्ट होने का खतरा भी पैदा हो सकता है। इसके समाधान के लिए सबसे पहले, सरकारों को लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय दीर्घकालिक विकास पर ध्यान देना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश ही असली विकास का आधार है। इसके साथ ही, वित्तीय अनुशासन को सख्ती से लागू करना होगा और हर योजना के लिए स्पष्ट संसाधन सुनिश्चित करने होंगे। जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। केवल मुफ्त सुविधाओं के लालच में वोट देने के बजाय, उन्हें यह देखना होगा कि कौन सी नीतियां उनके भविष्य को सुरक्षित बनाती हैं। अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो राज्यों की आर्थिक सेहत पर इसका गंभीर असर पड़ेगा और विकास केवल कागजों तक सिमटकर रह जाएगा।



दिवस विशेष
शिवप्रकाश

# भारत की आकांक्षा पर खरी उतरी भाजपा

> मुंबई में 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भारत के पश्चिमी तट पर खड़े होकर देश के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की जनता के सम्मुख विश्वास व्यक्त करते हुए कहा था कि "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा"। तानाशाही के विरोध में विकल्प बनी जनता पार्टी की सरकार के टूटने का यह समय था। देश में घोर निराशा थी, उस समय भारतीय जनता पार्टी का गठन होना राजनीतिक क्षितिज पर एक ऐतिहासिक घटना थी। हास्य एवं उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाले तत्कालीन भाजपा विरोधियों के लिए 46 वर्षों में भाजपा अपना विस्तार कर विश्व का सबसे बड़ा दल बनी, यह आश्चर्यचकित करने वाला दृश्य है।

मुंबई में 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भारत के पश्चिमी तट पर खड़े होकर देश के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की जनता के सम्मुख विश्वास व्यक्त करते हुए कहा था कि "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा"। तानाशाही के विरोध में विकल्प बनी जनता पार्टी की सरकार के टूटने का यह समय था। देश में घोर निराशा थी, उस समय भारतीय जनता पार्टी का गठन होना राजनीतिक क्षितिज पर एक ऐतिहासिक घटना थी। हास्य एवं उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाले तत्कालीन भाजपा विरोधियों के लिए 46 वर्षों में भाजपा अपना विस्तार कर विश्व का सबसे बड़ा दल बनी, यह आश्चर्यचकित करने वाला दृश्य होगा।

14 करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्यों, सर्वाधिक सांसदों- विधायको एवं पंचायत-स्थानीय निकायों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों वाली पार्टी, देश के बड़े हिस्से पर सत्ता के माध्यम से देश की सेवा कर रही है। राष्ट्र प्रथम के भाव से प्रेरित असंख्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, कुशल एवं लोकप्रिय नेतृत्व, गरीब कल्याण की योजनाओं एवं स्पष्ट नीति के कारण भाजपा 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षा पूर्ति का माध्यम बनी है। प्रथम संस्थापक अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी से प्रारंभ होकर 11 अध्यक्षों ने भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व किया है । 12वें अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन वर्तमान में पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का परिणाम है कि उसने प्रदेशों एवं देश को ऐसा नेतृत्व प्रदान किया, जो राजनीतिक आकाश में नक्षत्र के समान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता स्थापित हुए हैं। स्वतंत्रता के पश्चात राजनीतिक क्षेत्र में विचारधारा के आधार पर अनेक राजनीतिक दल सक्रिय हुए थे। आज के परिदृश्य में विचार की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले दलों का येन-केन-प्रकारेण सत्ता प्राप्ति ही केवल एक विचार रह गया है। कांग्रेस सहित अनेक दल अब वामपंथी विचार पोषित अर्बन नक्सलवाद के शिकंजे में ही फंस गए हैं। कुछ राजनीतिक दल एवं नेता जहां वैचारिक दिवालियापन का शिकार है, वहीं भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अदम्य साहस एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्थापित एवं भारतीय जनसंघ के समय से स्वीकृत विचार को लेकर सक्रिय है। यह विचार भारत सहित संपूर्ण विश्व में अंगीकृत हो रहा है। भाजपा के इस वैशिष्ट्य के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि "हम राजनीतिक क्षेत्र में संगठन आधारित दल, हमारा संगठन कार्यकर्ता आधारित एवं कार्यकर्ता विचार आधारित है।"अपने व्यवहार में लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने वाली भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है, जिसने अपने संगठन में महिलाओं, युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों को उचित स्थान प्रदान किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में विचार, व्यवहार में सेवा, समाज के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने के प्रशिक्षण महाभियान चला रही है। आपातकाल के विरोध के समय इसी लोकतांत्रिक आदर्श को चरितार्थ करने का कार्य इसी दल के नेतृत्व द्वारा हुआ था। इसके विपरीत अन्य दल परिवारवादी समूह बनते जा रहे हैं। हम राजनीतिक क्षेत्र में केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं वरन् समाज की सेवा के लिए है, यह केवल नारा नहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने व्यवहार



में चरितार्थ किया है। कोरोना महामारी में पार्टी के कार्यकर्ता अपने प्राणों की बाजी लगाकर पीड़ितों की सेवा के लिए सक्रिय हो गए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 10 करोड़ लोगों को राशन, मास्क, दवाइयां वितरित कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने आदर्श वाक्य "सबका साथ-सबका विकास" के आधार पर सभी की सेवा एवं न्याय दिलाने के लिए भाजपा सदैव सक्रिय रहती हैं। महिला सम्मान के लिए शाह बानो केस के समय सक्रियता, तीन तलाक के विरोध में कानून, महिलाओं को लोकतन्त्र में यथोचित प्रतिनिधित्व, सभी के कल्याण की योजनाएं इसके जीवंत प्रमाण हैं। संविधान की भावना एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए भाजपा नेतृत्व वाले अनेक प्रदेश सक्रिय हैं। देश की आवश्यकता पड़ने पर रचनात्मक विपक्ष का व्यवहार यह भाजपा नेतृत्व से सीखा जा सकता है । आज का विपक्ष सत्ताधारी दल का विरोध करते-करते देश विरोधी जैसा व्यवहार करने लगा है। 1971 का युद्ध, जेनेवा मिशन (1994) एवं आर्थिक सुधार आदि देशहित के मुद्दों पर आदर्श विपक्ष का व्यवहार भाजपा नेतृत्व ने करके दिखाया है। अपनी सीमाओं एवं आंतरिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भाजपा सदैव सजग रही है। परमाणु बम का विस्फोट, स्वदेशी रक्षा उत्पाद, सेना का आधुनिकीकरण आदि की दृष्टि से भाजपा ने अपना प्रभावी पक्ष सदैव समाज के सम्मुख रखा है। इसी संकल्प पूर्ति हेतु मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में विश्वसनीय पहल की है । आतंक पर जीरो टोलरेंस एवं नक्सलवाद से मुक्ति ने देश की जनता में यह विश्वास जगाया है कि भारत सुरक्षित हाथों में है।भारतीय जनसंघ के काल से ही भाजपा राष्ट्रीय एकात्मता एवं सीमाओं की सुरक्षा के व्यापक परिदृश्य को सुदृढ़ करने का कार्य करती आ रही है। धारा 370 के विरुद्ध आंदोलन, चीनी विस्तारवाद का विरोध, गोवा व दमन-दीव मुक्ति, बेरुबाड़ी हस्तांतरण के विरोध से लेकर 1975 के आपातकाल विरोधी आंदोलन तक-इन सभी में भाजपा की विचारधारा का लोकतांत्रिक इतिहास में अतुलनीय योगदान है। छद्म धर्मनिरपेक्षता का विरोध करते हुए सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के आंदोलन में सहभागिता एवं निर्मिति की पूर्ति ने भारतीय जनता पार्टी को जन-जन की पार्टी बना दिया है। भ्रष्टाचार मुक्त विकास, गरीब कल्याण (अंत्योदय) आदि भाजपा के सिद्धांत मूल्य आधारित राजनीति का प्रकटीकरण है। भाजपा ने संविधान दिवस मनाकर देश में संविधान के प्रति निष्ठा एवं डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा निर्देशित मूल्यों का समाज में प्रचार किया है।"एक भारत-श्रेष्ठ भारत",सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं देश की एकात्मता का पोषण करने वाला अभियान है। जहां अन्य दल धर्म निरपेक्षता के नाम पर भारतीय संस्कृति, विचार एवं गौरव को लांछित करने का कार्य कर रहे हैं, वहां भाजपा नेतृत्व ने सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन कि "हम चुनाव जीतने के लिए केवल घोषणा नहीं करते, देश के विकास के लिए आवश्यक नीतियां बनाते हैं।" इस आदर्श वाक्य ने भाजपा नेतृत्व की कथनी-करनी की एकरूपता को प्रकट किया है। भारत माता की जय का उद्घोष, संपूर्ण वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का गायन भाजपा की पहचान ही बन गया है। भाजपा के लिए गौरव का विषय है कि उसे देश की भावनाओं एवं आकांक्षाओं को पूर्ण करने का अवसर मिल रहा है। लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि स्थापना दिवस के अवसर पर देश के करोड़ों नागरिकों के सहयोग से अपने लक्ष्य वैभव पूर्ण विकसित भारत बनाने में सक्रिय हो।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

चुनौतियां
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# भारत आर्थिक व उन्नत परमाणु शक्ति बने

यकीनन इस समय पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया में बढ़ते हुए युद्ध के दौर के बीच भारत की सीमाएं बढ़ती भूराजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक संवेदनशील हो गई हैं। हाल ही में अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड के द्वारा प्रस्तुत 'एनुअल थ्रेट असेसमेंट' रिपोर्ट 2026 में कहा गया है कि इस समय पाकिस्तान के द्वारा किया जा रहा परमाणु और पारंपरिक हथियारों का विस्तार भारत सहित दक्षिण एशिया और अमेरिका के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। ऐसे में भारत के लिए आर्थिक शक्ति के साथ उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित मजबूत सैन्य शक्ति बनने की आवश्यकता उभरकर दिखाई दे रही है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत तेज रफ्तार से विकास करते हुए वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, वहीं संसदीय रक्षा समिति की रिपोर्ट में भविष्य के युद्धों में भारत की निर्णायक भूमिका के मद्देनज़र देश को स्वदेशी ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों का हब बनाए जाने की जरूरत बताई गई है। गौरतलब है कि भारत के पड़ोस में पाकिस्तान के द्वारा आधुनिक चीनी हथियारों से आतंक और घुसपैठ को प्रश्रय और चीन की ओर से सीमा पर आपत्तिजनक गतिविधियां भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। जहां लद्दाख में चीन ने भारतीय क्षेत्र के कुछ भागों पर कब्जा कर रखा है, वहीं अब चीन की नजर काराकोरम दर्रे पर भी है। जहां चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पकड़ मजबूत करने की राह पर आगे बढ़ा है, वहीं वह हिंद महासागर में 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' के जरिए भारत को घेरते हुए दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष 2025 में भारत के पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के मद्देनजर जब 7 मई से ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, तब पाकिस्तान का साथ देने के लिए चीन, तुर्किये और अजरबैजान का खतरनाक गठजोड़ सामने आया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन ने पाकिस्तान को साइबर सपोर्ट, उपग्रह के जरिए खुफिया जानकारी उपलब्ध कराई थी। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौता भी किया है। यह पूरा परिदृश्य भारत के लिए दशकों से चली आ रही शांतिप्रियता की नीति में आमूलचूल बदलाव की जरूरत बता रहा है। निसंदेह कई दशकों से भारत पंचशील के वाहक देश के रूप में विदेशी आतंक और विदेशी अतिक्रमणों को भी धैर्यपूर्वक सहन करने की मानसिकता के साथ आगे बढ़ता रहा है, लेकिन हाल ही के वर्षों में ऐसी मानसिकता में बहुत कुछ बदलाव आया है। निसंदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक पिछले 12 वर्षों में सरकार ने एक ओर आर्थिक तो दूसरी ओर सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया था। अब भारत को यह दृढ़ता से स्वीकार करना होगा कि भारत के साथ पड़ोसियों के टकराव की स्थिति और बढ़ सकती हैं। ऐसे में भारत के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ युद्ध के लिए अर्थव्यवस्था को तैयार करने, मजबूत सैन्य शक्ति व उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनने के लिए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना जरूरी दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच भी भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से अर्थव्यवस्था को तेज गिरावट से बचाए हुए है। अभी भी भारत की अर्थव्यवस्था दूसरे देशों के मुकाबले तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियाँ चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर के 6.5 फीसदी होने संबंधी अनुमान प्रस्तुत कर रही हैं। भारत का मजबूत घरेलू बाजार, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और विदेशी मुद्रा भंडार में 680 अरब डॉलर से अधिक का संचय युद्ध की मुश्किलों के बीच भारत का सहारा है। साथ ही भारत को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूत स्थिति में बनाए हुए है। अभी देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी व आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रफ्तार से बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि भारत की सीमाओं पर बढ़ती भू राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर सरकार भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति के साथ-साथ उन्नत परमाणु शक्ति बनाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इस अभियान में देश के वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रेम क्या है?



संकलित
दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

# एक सत्संग ऐसी भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रंप और ईरान की जिद दुनिया को ले डूबेगी

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि वो उसे पाषाण युग में पहुंचा देंगे। पाषाण युग वो समय था जब मनुष्य पत्थर के हथियारों का प्रयोग करता था। यह युग लगभग 25 लाख वर्ष पहले का युग माना जा सकता है। पत्थरों के हथियारों से उतना नुकसान नहीं होता था जितना आज के आधुनिक हथियारों से हो सकता है। आज के हथियार तो संपूर्ण प्राणी जाति को नष्ट करने वाले हैं। अगर अमरीका और ईरान अपनी ईगो के कारण युद्ध समाप्त नहीं करते हैं, तो यह किसी एक ही देश के लिए नुकसानदायक नहीं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है, और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि परमाणु हथियार बहुत ही हानिकारक हैं।

*- चेतन साहू, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# ऑक्सफोर्ड विवि 'शिक्षापत्री' का द्विशताब्दी समारोह मना रहा



ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक 'शिक्षापत्री' की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000-30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें। गुजरात के वडताल में सहजानंद स्वामी-भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में रचित 'शिक्षापत्री' नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। बोडलियन में एशियाई और मध्य पूर्वी संग्रह की क्यूरेटर डॉ. गिलियन एविसन ने कहा, ''ब्रिटेन भर के मंदिरों और समुदायों के साथ इस ऐतिहासिक पांडुलिपि को साझा करके, बोडलियन पुस्तकालयों को उम्मीद है कि वे इसके सांस्कृतिक महत्व और इसके स्थायी संदेश दोनों का सम्मान करेंगे।' उन्होंने कहा, 'रचना के दो शताब्दी बाद भी, 'शिक्षापत्री' में करुणा, नैतिक जीवन और सामाजिक सद्भाव का आह्वान जटिल होती दुनिया में प्रासंगिक है।'

## ऑफ बीट

# जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवत: इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

## ट्रेंड

### असम में शांति



10 साल पहले बम, बंदूक, भ्रष्टाचार और आतंकवादियों की सरकार होती थी। जहां दंगों और कर्फ्यू की खबरें आती थी। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में असम स्थायी और शांति के साथ आगे बढ़ रहा है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### राष्ट्रीय पुनर्निर्माण



हम सत्ता के स्वर्ण शिखर पर बैठने के लिए राजनीति नहीं करते। हमारी राजनीति राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए, जनता के कल्याण के लिए, बहनों के सशक्तिकरण के लिए और दरिद्र नारायण की सेवा के लिए है।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री



हिमंता सरमा देश के सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं। हिमंता सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है - इसका सबूत जनता के सामने है। असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी, उनको सजा मिलनी तय है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### लागत पर दबाव



भू- राजनीतिक तनावों के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत में उत्पादकों की लागत पर दबाव पड़ रहा है और यदि यह स्थिति मध्यम अवधि तक बनी रहती है, तो इसका असर उपभोक्ताओं पर भी पड़ने की संभावना है।

-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

कूचबिहार में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी राज्य सरकार पर किया सबसे बड़ा प्रहार

# कट, कमीशन और करप्शन से पश्चिम बंगाल बेहाल, आप सभी कानून पर भरोसा रखिए, हम बदलेंगे हाल, भाजपा की सरकार में होगा पापों का हिसाब

पीएम मोदी ने कहा कि कूचबिहार में उमड़ा यह जनसैलाब नए बंगाल और भाजपा सरकार के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया और महिलाओं के लिए अपनी सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया

एजेंसी ▶▶ कूचबिहार

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कूचबिहार में उमड़ा यह जनसैलाब नए बंगाल और भाजपा सरकार के प्रति जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है। पीएम मोदी ने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया और महिलाओं के लिए अपनी सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया। पीएण मोदी ने कहा कि वेपहले भी इस मैदान पर आए हैं, लेकिन आज की भीड़ ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह उत्साह एक उज्ज्वल भविष्य और नए बंगाल के निर्माण का संकेत है। प्रधानमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के दिन टीएमसी के गुंडे चाहे जितना डराने की कोशिश करें, आपको कानून पर भरोसा रखना चाहिए। इस चुनाव में बंगाल से डर का माहौल खत्म हो जाएगा और भाजपा की बड़ी जीत से लोगों में आत्मविश्वास जागेगा। पीएम मोदी ने कहा, 4 मई के बाद टीएमसी के पापों का पूरा हिसाब होगा। कोई भी गुंडा कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

## कोने-कोने से आ रही आवाजें स्पष्ट कर रही 'परिवर्तन' तय



रैली के पहले पीएम मोदी का स्वागत करते बंगाल के नेतागण

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर रैली की झलकियां साझा करते हुए लिखा कि ये तस्वीरें दिखाती हैं कि इस बार बंगाल में भाजपा के पक्ष में मजबूत लहर है। इन तस्वीरों में सिरों का एक समंदर नजर आ रहा है। बंगाल की जनता अब 'भय और भ्रष्टाचार' के शासन से मुक्ति चाहती है। उन्होंने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'दीदी' के सिपाही अब जनता को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बंगाल के लोग अब डरने वाले नहीं हैं।

### राज्यों के हकों की सुरक्षा होगी

प्रधानमंत्री ने देश के सभी राज्यों को एक और बड़ा भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में अच्छा काम किया है, उन्हें सीटों के मामले में कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। सभी राज्यों की भागीदारी और उनके अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। सरकार चाहती है कि संसद में इस बात पर पक्की मुहर लगे कि महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएं, ताकि राज्यों को इसका बड़ा फायदा मिल सके।

### जहां जज और कानून सुरक्षित नहीं वहां जनता...

प्रधानमंत्री ने मालदा की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां जिस तरह न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाया गया, उससे पूरा देश हैरान है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस राज्य में जज और कानूनी प्रक्रिया ही सुरक्षित नहीं है, वहां आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? मोदी ने इसे सरकार के संरक्षण में चलने वाला जंगलराज करार दिया।

सीएम ममता ने ईवीएम पर जताई गड़बड़ी की आशंका

## भाजपा के सामने कोई न बिके, हर बटन की जांच भी करें

**मुर्शिदाबाद।** बंगाल में विधानसभा चुनाव सेपहले एक बार फिर ईवीएमका मुद्दा गरमाता हुआ नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री



ममता ने ईवीएम को लेकर मुर्शीदाबाद की रैली में बूथ एजेंटों और मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील की है। सभी लोग ईवीएम मशीन को अच्छे से चेक करें और जो बूथ एजेंट बनेंगे, वे अपने निजी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि बंगाल के हित में काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति भाजपा के सामने बिके नहीं।

### जांच करें वोट सही पड़ रहा या नहीं?

कई जगहों पर ईवीएम मशीन को खराब करने की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि वीवीपैट का होना जरूरी है और यह देखना चाहिए कि वोट सही तरीके से रिकॉर्ड हो रहा है।

सरमा का पलटवार

### हम 2 दिन में खेड़ा पर करेंगे केस

**गुवाहाटी।** सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने



लिखायह कांग्रेस की गहरी हताशा और घबराहट को दिखाती है। आरोपों को दुर्भावनापूर्ण, मनगढ़ंत और राजनीति से प्रेरित झूठ बताया। हम 48 घंटे के भीतर उन पर कानूनी कार्रवाई करेंगे।

विजय के हलफनामे में खुलासा

### टीवीके प्रमुख पर 2 आपराधिक केस

**चेन्नई।** तमिलनाडु चुनाव से पहले टीवीके प्रमुख विजय ने अपने ताजा चुनावी



हलफनामे में बड़ा खुलासा किया है। पहले दाखिल हलफनामे में किसी भी आपराधिक मामले का जिक्र नहीं करने वाले विजय ने अब दो लंबित एफआईआर की जानकारी दी है।

बेपोर में शाह के रोड शो से उत्साहित जनता बोली

## हम चाहते हैं बदलाव, भाजपा की सरकार बने

**बेपोर।** केरल में एनडीए उम्मीदवार केपी प्रकाश बाबू के समर्थन में रोड शो के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बेपोर पहुंचे। यह रोड शो मथोट्टम बिजिथ जंक्शन से शुरू होकर नदुवट्टम और पेराचनंगड़ी जैसे प्रमुख इलाकों से गुजरा। शो से पहले ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। कई लोगों ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। हम बदलाव चाहते हैं। भाजपा की सरकार बने। और चाहते हैं कि यहां भाजपा की सरकार बने। शाह के आने को लेकर हम उत्साहित हैं। एक भाजपा समर्थक ने दावा किया कि इस बार हर सीट भाजपा को



### सरमा की पत्नी पर कांग्रेस के गंभीर आरोप, 3 पासपोर्ट रखे



रविवार को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरमा पर निशाना साधा, साथ ही उनकी पत्नी पर तीन-तीन देशों के पासपोर्ट होने का आरोप लगाया।

चौधरी के बयान ने बढ़ाई सरगर्मी

### ममता के रहते मैं भाजपा में नहीं जा सकता



**मुर्शिदाबाद।** मुर्शिदाबाद में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मुख्यमंत्री ममता पर निशाना साधा है। चौधरी ने कहा कि हिंदुस्तान में ममता के रहते हुए मैं भाजपा के करीब नहीं जा सकता क्योंकि बंगाल में ममता ही भाजपा को लाई थी।

### कन्नूर जिले के 2177 केंद्रों पर कैमरों से होगी निगरानी


**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनाव को लेकर शासन-प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। चुनाव आयोग के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। कन्नूर जिले के सभी मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर कैमरा लगाया जाएगा।100 फीसदी वेबकास्टिंग और बूथों के बाहर कैमरे लगाने से निर्बाध और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। कन्नूर जिले में कुल 2177 मतदान केंद्र हैं।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली-देहरादून 'वे' की सौगात 14 को

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून



एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेसवे उत्तर भारत के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर में मील का पत्थर साबित होगा। एक्सप्रेसवे से यात्रा का समय लगभग 2.5 घंटे जाएगा। 210 किलोमीटर का यह कॉरिडोर सुगम यात्रा कराएगा।

### खरात मामलाः संपत्तियों की जांच ईडी करेगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अशोक



खरात के मामले में कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) होने की जांच की जाएगी। बाबा की संपत्तियों की जांच ईडी करेगी। किसी को भी इस तरह कॉल रिकॉर्ड हासिल करने का अधिकार नहीं है। यह बयान एक अहम 'चर्चा' के बाद आया है।

### गंगा स्नान के दौरान 2 दोस्त तेज बहाव में बहे

**हरिद्वार।** कोतवाली नगर क्षेत्र के दूधिया बंध में रविवार सुबह गंगा



स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। स्नान करते समय दो युवक गंगा में डूब गए। पुलिस और जल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

### बागेश्वर में 3.7 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार की सुबह भूकंप के हल्के



झटके महसूस किए गए। सुबह 11.47 बजे पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र कपकोट तहसील के कर्मी गांव के समीप जमीन के भीतर 10 किमी की गहराई पर दर्ज किया गया। लोगों पर असर नहीं पड़ा।

---

उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, फिलहाल राहत नहीं

# कहीं गिरी छत तो कहीं पेड़, अब तक 9 लोगों की मौत, 50 जिलों में फिर अलर्ट

पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ने की बजाए राज्य में ही ठहर गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश से गुजर रहा पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ने की बजाए ठहर गया। नतीजतन शाम तक कई जिलों में बादलों की परत गहरा गई। शनिवार को तबाही मचाने के बाद आंधी-बारिश ने रविवार को एक बार फिर कहर बरपाया। कई जिलों में आंधी-बारिश के कारण हुए हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई। फसलों को भी खासा नुकसान पहुंचा है। तारों पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई और रेल-विमान संचालन पर भी असर पड़ा। अमौसी स्थित मौसम मुख्यालय ने लखनऊ समेत 50 जिलों में तेज हवा के साथ बौछार और बिजली गिरने की आशंका का अलर्ट जारी किया है। कानपुर शहर और कानपुर देहात में सोमवार की सुबह तक ओले गिरने का ऑरेन्ज अलर्ट है। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में वर्षा जनित हादसों में 9 लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं।



प्राकृतिक आपदा का कहर

### आकाशीय बिजली ने भी ली कई की जान

बुंदेलखंड के ललितपुर और हमीरपुर में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि उरई में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। ब्रज क्षेत्र के मैनपुरी में पेड़ गिरने से एक किसान की मौत हुई, वहीं फिरोजाबाद में आंधी के दौरान छत से गिरकर एक व्यक्ति की जान चली गई। रायबरेली में तेज हवा से गिरे पेड़-पोल की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई वहीं सिद्धार्थनगर में झहराव पुल के पास आंधी में बेकाबू बोलेरो नहर में गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। लखीमपुर खीरी में कार पर पेड़ गिरने और पोल्ट्री फार्म ढहने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### बीच रास्ते से वापस लौटी ट्रेन

खराब मौसम की वजह से कानपुर में 98 ट्रेनें फंसी रहीं और 112 ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। लगभग 3200 यात्रियों ने अपने टिकट रद्द कराए। मंधना में बिजली गुल होने के कारण कासगंज एक्सप्रेस को 30 साल में पहली बार बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। फर्रुखाबाद रूट करीब साढ़े सात घंटे तक ठप रहा। कई ट्रेनें प्रभावित हुईं।

### फसलों को भारी नुकसान

मेरठ, हापुड़, मुजफ्फरनगर और बुलंदशहर सहित पश्चिमी यूपी में ओलावृष्टि ने गेहूं की पकी फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। खेतों में कटी पड़ी फसल भीगने से काली पड़ने का डर है। एटा, मैनपुरी और फिरोजाबाद में ओलों की बौछार से गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद हो गई है। पूर्वांचल की बात करें तो गोरखपुर-बस्ती मंडल में आंधी ने आम की फसल को नुकसान पहुंचाया है और कटी हुई फसल खेतों में बिखर गई है।

### अंधेरे में डूबे सैकड़ों गांव नेटवर्क हो गया ठप

आंधी की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल मैनपुरी में पिछले तीन दिनों में 555 बिजली के पोल गिर गए, जिससे विभाग को 45 लाख का नुकसान हुआ है। गोरखपुर और सिद्धार्थनगर में मोबाइल टॉवर पर बिजली गिरने से नेटवर्क गायब हो गया। ग्रामीण इलाकों में पेड़ और टिनशेड गिरने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है।

### सबसे ज्यादा इटावा में बरसे बादल

बीते 24 घंटों के दौरान इटावा में 30 मिलीमीटर बारिश हुई। बारिश की वजह से इटावा का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.9 डिग्री गिरकर 31.2 पर आ गया। वहीं, अलीगढ़ में 6.4 मिमी बारिश हुई, जिससे वहां पारा सामान्य से 4.1 डिग्री नीचे चला गया। मेरठ में भी तापमान में 5.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान कानपुर में ओलावृष्टि हो सकती है। प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, फतेहपुर और औरैया समेत 20 से अधिक जिलों में 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का अनुमान है। लखनऊ, अयोध्या, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली और सहारनपुर सहित कई जिलों में मेघगर्जन के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। रविवार को मेरठ और नजीबाबाद में पारा 31.5 के आसपास रहा, जो प्रदेश में सबसे कम था।

---

किसान सम्मान पर शिवराज का फैसला

## किसान चिंता न करें, फसलों को नुकसान की करेंगे भरपाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम किसान योजना की 23वीं किश्त जुलाई में आ सकती है। इसके पहले केंद्र सरकार ने उससे पहले ही एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय के अधिकारियों को कई राज्यों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने अधिकारियों को राज्यों के अधिकारियों से संपर्क करने और फसलों को हुए नुकसान की जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। चौहान ने किसानों को आश्वासन दिया चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है।

### उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में फसलें क्षतिग्रस्त

उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं सहित खड़ी रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा है। उत्तर प्रदेश के 17 जिलों में 4,053.11 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे 14,207 किसान प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यूपी का ललितपुर जिला सबसे अधिक प्रभावित है, यहां 1,650.75 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं और 3,142 किसान प्रभावित हुए हैं। ललितपुर में मार्च में लगभग 118.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य बारिश लगभग 30.3 मिमी होती है। ललितपुर के अलावा, सहारनपुर में भी फसल का नुकसान हुआ है, जहां 11 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जिसमें पांच गांवों के लगभग 44 किसान शामिल हैं।

### पंजाब में बारिश ने किया कटाई को बाधित

पंजाब में बेमौसम भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने गेहूं की कटाई को बाधित कर दिया है, जिससे किसानों में गंभीर चिंता पैदा हो गई है राज्य के कई हिस्सों में गेहूं की फसल पक चुकी है और शेष क्षेत्रों में पकने के अंतिम चरण में है। लेकिन खेतों में अधिक बारिश के कारण कटाई में देरी हो रही है। किसानों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण कटाई मशीनों को चलाना मुश्किल हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह प्रतिकूल मौसम उत्पन्न हुआ है।

---

यह भी राजनीति...कांग्रेस के साथ गठबंधन में रहने के बाद भी शरद सुनेत्रा को दे रहे समर्थन

# समूचा महाराष्ट्र बारामती हो जाए, कांग्रेस ने उतारा प्रत्याशी, सुनेत्रा को टक्कर देंगे मोरे

उप मुख्यमंत्री अजित की हवाई हादसे में हो गई थी मौत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के हवाई हादसे में मारे जाने से रिक्त हुई बारामती की सीट, विपक्षी एकता में बड़ी 'रिक्तिता' लाती हुई दिखाई दे रही है। अजित पवार की पत्नी उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार बारामती से मैदान में हैं। पवार परिवार का समर्थन उन्हें प्राप्त है। जाहिर है कांग्रेस के साथ गठबन्धन में रहने के बाद भी शरद पवार सुनेत्रा को समर्थन दे रहे हैं।

सुनेत्रा पवार ने कांग्रेस के दूसरे साथी दल शिव सेना के उद्धव ठाकरे से समर्थन मांगा है। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने बारामती उपचुनाव से अपना उम्मीदवार घोषित कर शरद पवार और उद्धव ठाकरे पर दबाव बढ़ा दिया है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व लंबे समय से शरद पवार का ₹सियासी नाटक₹ देख रहा है। राकांपा दो फाड़ हुआ। अजित पवार ने उनकी पार्टी तोड़ दी। चुनाव चिन्ह, घड़ी और पार्टी का नाम दोनों अजित पवार ले गए। शरद पवार सुबाई सियासत में बैलेंसिंग फैक्टर बने रहे। भतीजे अजित पवार के साथ ₹पारिवारिक रिश्ता₹ निभाते रहे और कांग्रेस के साथ विपक्षी गठबंधन निभाने का ₹नाटक₹ करते रहे। कांग्रेस के एक बड़े नेता ने बताया कि मोटे तौर पर अब महाराष्ट्र में कांग्रेस अपने दमखम से आगे बढ़े उसका समय आ गया है। उसका अंतिम फैसला अभी होना है। बारामती उपचुनाव में अगर उद्धव, पवार का साथ मिला तो गठबंधन चलेगा, नहीं तो तय है कांग्रेस ₹एकला चलो रे₹ का रास्ता अख्तियार करने को तैयार है। उक्त नेता ने कहा, कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र में अब कुछ खोने को नहीं है। पाने को बहुत कुछ है। यही वजह है कि महाराष्ट्र के बारामती विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी की घोषणा कर कांग्रेस पार्टी ने विपक्षी गठबंधन में नई हलचल पैदा कर दी है। कांग्रेस ने आधिकारिक रूप से एडवोकेट आकाश विश्वनाथ मोरे को उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार बारामती उपचुनाव में समर्थन के लिए उद्धव ठाकरे गुट से संपर्क साध रही थीं। इस समानांतर घटनाक्रम ने विपक्षी खेमे के भीतर रणनीतिक तालमेल पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### गठबंधन की रणनीति पर सवाल

महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार लंबे समय से केंद्रीय भूमिका निभाते रहे हैं। लेकिन मौजूदा हालात में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विपक्षी दल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद गुट) एकजुट रणनीति बनाने में असफल दिख रहे हैं। इसकी सीधी वजह है अजित पवार के असामयिक मौत के बाद परिवार के प्रति संवेदना। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एक ओर कांग्रेस अपने दम पर चुनाव लड़ने का संकेत दे रही है, वहीं दूसरी ओर सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर स्पष्टता का अभाव है। विपक्षी गठबंधन में असमंजस स्पष्ट नजर आ रही है।

### सत्तापक्ष को मिल सकता है फायदा

इस राजनीतिक असमंजस का सीधा लाभ देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार को मिल सकता है। यदि विपक्षी दल एकजुट नहीं होते, तो बारामती जैसी महत्वपूर्ण सीट पर वोटों का बिखराव तय माना जा रहा है। वैसे भी बारामती सीट पवार परिवार की परम्परागत सीट मानी जाती रही है। बारामती लोकसभा सीट से सुनेत्रा पवार को शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने हराया था। विधानसभा में अजित पवार इस सीट से चुनकर सूबे के उपमुख्यमंत्री बने थे।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे ज्यादा नुकसान में एयरटेल रही

**नई दिल्ली।** कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 64,734.46 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत के नुकसान में रहा। यह लगातार छठा सप्ताह है जबकि बाजार नुकसान में रहा है।

### एपीएसईजेड का एक अरब टन मालवहन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अदाणी ने कहा कि उनके समूह की बंदरगाह इकाई एपीएसईजेड ने वर्ष 2030 तक एक अरब टन माल की ढुलाई का लक्ष्य तय किया है। अदाणी का यह बयान अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के 50 करोड़ टन माल ढुलाई की उपलब्धि के बाद आया है। इस अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन अदाणी ने कहा कि समूह का बंदरगाह नेटवर्क अब भारत और विदेशों में 20 बंदरगाहों के एकीकृत सिस्टम के रूप में विकसित हो चुका है।

### डाबर को मार्च में राजस्व में मध्यम वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली घरेलू कंपनी डाबर को हाल ही में समाप्त मार्च तिमाही में अपनी एकीकृत आय में मध्यम स्तर की वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि घरेलू बाजार में सुधार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अच्छी बढ़त से उसे समर्थन मिलेगा। कंपनी ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही के वित्तीय अनुमानों की जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू बाजार में मांग लौटने से भारतीय कारोबार में लगातार सुधार हो रहा है।

# सरकार सोने की खरीदारी को लेकर नियम बदलने जा रही, होंगे पहले से और सख्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार सोने की खरीदारी से जुड़े नियमों को और सख्त करने वाली है। इसके तहत, देश में सोने की टैगिंग से जुड़े और भी सख्त नियम लागू करने की तैयारी चल रही है ताकि हॉलमार्किंग के गलत इस्तेमाल को लेकर बढ़ती चिंताओं को दूर किया जा सके। साथ ही सोने की शुद्धता और प्रामाणिकता भी सुनिश्चित हो। इन्हीं नियमों के तहत, सरकार ने सोने के हर आइटम के लिए एचयूआईडी कोड के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया है। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे केवल वही ज्वेलरी खरीदे, जिन पर 6- अंकों का हॉलमार्क यूनिक आईडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) कोड हो। इसे 'बीआईएस केयर' ऐप के जरिए वेरिफाई भी किया जा सकता है। इससे नकली सामानों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

## हॉलमार्किंग के गलत इस्तेमाल को लेकर बढ़ती चिंताओं को किया जाएगा दूर

### हॉलमार्किंग क्यों है जरूरी?

हॉलमार्किंग एक सर्टिफिकेशन प्रॉसेस है, जो सोने के गहनों की शुद्धता की पुष्टि करती है। भारत में, इसे भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा रेगुलेट किया जाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सोना निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करता हो। सही हॉलमार्किंग खरीदारों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करती है और बुलियन तथा आभूषण क्षेत्र में होने वाली धोखाधड़ी से बचाती है।



### अनियमितता के कई मामले सामने आए

सोने का हॉलमार्क होना अनिवार्य है। हालांकि, बावजूद इस नियम के दुरुपयोग और अनियमितताओं के कई मामले सामने आए हैं। कुछ ज्वेलर्स कम कैरेट वाला सोना बेचते हुए या बीआईएस चिह्नों का दुरुपयोग करते हुए पाए गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान हो रहा है। इसके चलते अब सिस्टम को और मजबूत बनाने की जरूरत आन पड़ी है, जिससे सप्लाई चेन के हर एक चरण पर जवाबदेही सुनिश्चित करना होगा।

### यूनिक आईडी का दोबारा नहीं हो सकेगा इस्तेमाल

सरकार के नए नियमों के अनुसार, अब सोने के गहनों पर मौजूद हॉलमार्क यूनिक आईडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर का दोबारा इस्तेमाल नहीं हो सकेगा। यानी कि अगूंठी, सोने की चेन या हार के लिए इस्तेमाल कर लिया गया यूनिक 6-अंकों का अल्फान्यूमेरिक कोड (ए2बी1सी4) का इस्तेमाल अब दोबारा किसी और गहने के लिए नहीं किया जा सकेगा।


वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पहले अनुमान 6.8 फीसदी था

# पश्चिम एशिया संकट के बीच मूडीज ने भारत की वृद्धि दर घटाकर की छह प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण भारत की वृद्धि की रफ्तार घटेगी और इससे महंगाई का जोखिम भी बढ़ेगा। भारत पर अपनी साख परिदृश्य रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान से आने में दिनों में परिवारों के लिए खासकर रसोई गैस (एलपीजी) की कमी हो जाएगी। इसके अलावा ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी। ऐसे में जबकि भारत उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है इसका प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति तक फैलेगा।

■ वृद्धि दर घटने से महंगाई का जोखिम बढ़ेगा



### एलपीजी का 90 फीसदी आयात से होता है पूरा

यह क्षेत्र भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 55 प्रतिशत और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा करता है। मूडीज ने कहा, हालांकि, महंगाई अभी नियंत्रण में है, लेकिन भूराजनीतिक जोखिमों ने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को ऊपर की ओर कर दिया है। मूडीज का अनुमान है कि 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो जाएगी।

### खाद्य व ईंधन की मुद्रास्फीति पर पड़ेगा असर

मूडीज का मानना है कि महंगाई का जोखिम फिर से बढ़ने और वृद्धि के मजबूत बने रहने के साथ 2026-27 में नीतिगत दर रेपो को या तो स्थिर रखा जाएगा या इसमें धीरे-धीरे वृद्धि की जाएगी। हालांकि, यह भूराजनीतिक तनाव की अवधि और इसके खाद्य एवं ईंधन की मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले असर पर निर्भर करेगा।

### मूडीज ने 31 मार्च की रिपोर्ट में कहा

मूडीज की 31 मार्च की रिपोर्ट, जिसे एजेंसी ने देखा है, के मुताबिक, ''पश्चिम एशिया चल रहे सैन्य संघर्ष के भारत की अर्थव्यवस्था पर असर को देखते हुए हमारा अनुमान है कि 2026-27 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर छह प्रतिशत रहेगी। रेटिंग एजेंसी ने पहले इसके 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

### निजी उपयोग में कमी व उद्योगों में आएगी सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, ''निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती, सकल निश्चित पूंजी सृजन में कमी, दाम बढ़ने तथा लागत बढ़ने से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी।'' पिछले महीने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से घटकर 2026-27 में 6.1 प्रतिशत रह जाएगी ।

**खुदरा मुद्रास्फीति डेढ़ प्रतिशत नीचे आएगी :** इसके अलावा ईवाई की 'इकॉनमी वॉच' रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर पश्चिम एशिया संघर्ष 2026-27 तक जारी रहता है, तो चालू वित्त वर्ष में भारत की वास्तवित जीडीपी वृद्धि दर करीब एक प्रतिशत घट जाएगी जबकि खुदरा मुद्रास्फीति करीब डेढ़ प्रतिशत अंक बढ़ेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा का अनुमान है कि 2026-27 में भारत की वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रहेगी।

**विदेश से आने वाले धन में आएगी कमी :** एजेंसी का अनुमान है कि माल एवं सेवाओं का निर्यात काफी हद तक स्थिर रहेगा। वहीं ऊंची जिंस कीमतों के बीच वस्तुओं का आयात बढ़ेगा। इससे भारत का चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़ेगा। मूडीज ने कहा कि दूसरे देशों में रहने वाले भारतीयों द्वारा देश में भेजे जाने वाले धन यानी रेमिटेंस पर भी इस संकट की वजह से असर पड़ेगा। इसकी वजह यह है कि इस तरह के प्रवाह का 40 प्रतिशत हिस्सा खाड़ी देशों से आता है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष से घरेलू शेयर बाजार में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव



**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है क्योंकि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय, प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों और पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों के निवेश का रुख भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, देश में इस समय भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक सबसे महत्वपूर्ण है। निवेशक महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर केंद्रीय बैंक के रुख को ध्यान से देखेंगे।'' उन्होंने कहा, ''प्रमुख नीतिगत दर रेपो में फिलहाल बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। वहीं विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक के रुख और भविष्य के अनुमान पर नजर रहेगी।'' नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मार्च महीने के महंगाई आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इससे वहां की मौद्रिक नीति और डॉलर की स्थिति पर असर पड़ेगा।

■ आरबीआई की मौद्रिक नीति की समीक्षा इसी सप्ताह होगी जारी

# आईपीओ बाजार का आकर्षण बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कंपनियों के बीच आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर आकर्षण बरकरार है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट और मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज सहित 38 कंपनियों ने मार्च, 2026 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। इससे पता चलता है कि कंपनियों के लिए धारणा बेहतर है। हालांकि, नियामकीय समयसीमा की वजह से भी इसमें बढ़ोतरी हुई है। सेबी के आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च, 2025 में 22 और मार्च, 2024 में 16 कंपनियों ने आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए थे। यह दर्शाता है कि सार्वजनिक निर्गम को लेकर आकर्षण कायम है। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक, यह रफ्तार आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। आने वाले सप्ताहों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो सहित कई बड़ी कंपनियां आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दायर करने की तैयारी कर रही हैं। इनके अलावा सिंगापुर की सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा इकाई, स्वीडन के मॉडर्न टाइम्स समूह की अनुषंगी प्लेसिंपल, टीपीजी समर्थित ऑनलाइन कर्ज देने वाला मंच फाइब और टाइगर ग्लोबल समर्थित बैटरीस्मार्ट भी जल्द ही आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती हैं। सेबी के पास दस्तावेज जमा कराने वाली 38 कंपनियों में से जेटवर्क, एसएनवीए ट्रैवलटेक, रेडिफ.कॉम इंडिया, टोरेंट गैस, सिनर्जी एडवांस्ड मेटल्स, गरुड़ एयरोस्पेस और सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट समेत कुल नौ कंपनियों ने गोपनीय तरीके से आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए हैं।





■ मार्च में 38 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज किए दाखिल

### 124 कंपनियों को पहले ही आईपीओ की मंजूरी मिल चुकी

एक्सिस कैपिटल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 64 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं और वे मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। 124 कंपनियों को पहले ही सेबी से आईपीओ के लिए मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन अभी उनके सार्वजनिक निर्गम आए नहीं हैं। मार्च, 2025 से 20 अन्य कंपनियों ने गोपनीय मार्ग से आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए हैं।

## आईनॉक्स एयर का तरल ऑक्सीजन संयंत्र शुरू

**नई दिल्ली।** आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ने कहा कि उसने भारत के सेमीकंडक्टर एवं सौर विनिर्माण क्षेत्रों को सहायता देने के लिए तमिलनाडु के होसुर में अपना पहला अति-उच्च शुद्धता वाला तरल ऑक्सीजन संयंत्र शुरू किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह संयंत्र प्रतिदिन 17 टन (500 घन मीटर प्रति घंटा) की क्षमता के साथ ''6एन ग्रेड'' (99.9999 प्रतिशत शुद्धता) वाला तरल ऑक्सीजन का उत्पादन करता है। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स और फोटोवोल्टिक उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ने कहा कि यह संयंत्र अति-उच्च शुद्धता वाले ऑक्सीजन के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा, जिसे पहले विदेशों से मंगाया जाता था।





**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## पश्चिम एशिया संकट से टेलीविजन उद्योग की बिक्री घटने की आशंका

**नई दिल्ली।** टेलीविजन उद्योग पर बढ़ती लागत का दबाव गहराता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में बिक्री पर असर पड़ने की आशंका है। रैम की कीमतों में तेजी के साथ-साथ पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण प्लास्टिक और समुद्री ढुलाई की लागत भी बढ़ गई है। बढ़ती कीमतों का असर उपभोक्ताओं की पसंद पर भी दिखाई देने लगा है। कई ग्राहक अब बड़े परदे वाले टेलीविजन की बजाय छोटे आकार के मॉडल चुन रहे हैं। इसके अलावा रुपये में कमजोरी के कारण उत्पादन लागत बढ़ी है, जिससे खुदरा कीमतों में भी वृद्धि हुई है। बड़ी कंपनियों ने अभी तक पूरी लागत वृद्धि ग्राहकों पर नहीं डाली है और बाजार में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए कुछ बोझ स्वयं वहन कर रही हैं। इसके बावजूद उपभोक्ता अपनी खरीद टाल रहे हैं।

## अमेरिका में नियोक्ताओं ने 178,000 नौकरियां जोड़ीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने आश्चर्यजनक रूप से 1.78 लाख नई नौकरियां जोड़ीं, जिससे फरवरी की कमजोर स्थिति से उबरने में मदद मिली और बेरोजगारी दर घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई। श्रम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि नियुक्तियों में यह उछाल फरवरी में 1.33 लाख नौकरियों के नुकसान के बाद वापसी का संकेत है। नौकरियों में हुई यह वृद्धि अर्थशास्त्रियों के अनुमान से लगभग तीन गुना अधिक रही। बेरोजगारी दर फरवरी की 4.4 प्रतिशत से घटकर मार्च में 4.3 प्रतिशत हो गई। इसका एक कारण यह भी है कि मार्च में काम कर रहे और नौकरी की तलाश करने वाले लोगों की संख्या 3,96,000 कम हो गई, जिससे नौकरी के लिए प्रतिस्पर्धा कम हुई। स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों ने 76,400 नई नौकरियां बनाई।





**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फैजान पुत्र** रियासत अली **निवासी** डीएलएफ बीए–74, फ्लैट नं0 एस–5, सीमापुरी, भजनपुरा, दिल्ली, ने **FIR No. 41/2021, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन तिमारपुर, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फैजान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद फैजान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 41/2021, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन तिमारपुर, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **फैजान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.05.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02,
कमरा नं0–26, केंद्रीय जिला,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4433/N/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल पुत्र** राकेश **निवासी** वेगाबॉन्ड, साई बाबा मंदिर, लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली, ने **FIR No. 41574/2018, Dt. 23.11.2018, U/S 379 IPC, पुलिस स्टेशन हजरत निजामुद्दीन, दक्षिण–पूर्वी जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 41574/2018, Dt. 23.11.2018, U/S 379 IPC, पुलिस स्टेशन हजरत निजामुद्दीन, दक्षिण–पूर्वी जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री मनुज कौशल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
दक्षिण–पूर्व जिला, कमरा नं0–512,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4405/SE/2026
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 6187



**बाएँ से दाए**


1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी -2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

**शब्द पहेली- 6186 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | र | ग | ना | ■ | आ | म | रा | य | ■ |
| फि | ■ | न | ज | ला | ■ | फि | क | र | ■ | त |
| त | ल | ■ | ल | य | ■ | स | र | ■ | ला | ल |
| र | ह | ना | ■ | क | हा | र | ■ | ज | ल | बा |
| त | र | सा | ना | ■ | ति | ■ | ज | ल | च | र |
| ■ | ■ | ■ | र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | ता | ■ | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | ■ | स | ई | स | ■ | प | ह | रा |
| ग | ला | ■ | स | दा | ■ | ल | स | ■ | त | य |
| द | ■ | ग | ली | चा | ■ | वा | न | र | ■ | ण |
| ■ | का | श्त | का | र | ■ | र | म | जा | न | ■ |



# डेविड, पाटीदार और पडीक्कल का धमाल आरसीबी ने सीएसके को 43 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु


रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम डेविड (नाबाद 70), देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 43 रन से शिकस्त दी। यह सीएसके की लगातार तीसरी हार है जिसके कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर आरसीबी को बल्लेबाजी का न्योता दिया। आरसीबी ने डेविड और पडीक्कल के अलावा कप्तान रजत पाटीदार की नाबाद 48 रन और फिल सॉल्ट की 46 रन की पारी से तीन विकेट पर 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पडिक्कल (29 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और डेविड (25 गेंद, तीन चौके, आठ छक्के) ने धमाकेदार हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए सीएसके के बेबस गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। कप्तान पाटीदार की 19 गेंद की पारी में एक चौका और छह छक्के जड़े थे। सॉल्ट ने 30 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के जमाए। जवाब में सीएसके की टीम शीर्ष क्रम के चरमराने से उबर नहीं सकी और सरफराज खान के 50 रन के बावजूद 19.4 ओवर में 207 रन पर सिमट गई। उसके लिए सरफराज के अलावा प्रशांत वीर ने 43 रन और जेमी ओवरटन ने 37 रन बनाए। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 41 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जैकब डफी, कृणाल पंड्या और अभिनंदन सिंह ने दो दो विकेट प्राप्त किए। सूयश शर्मा को एक विकेट मिला।



# पंजाब किंग्स की जीत की रफ्तार पर ब्रेक लगाने उतरेगी कोलकाता नाइट राइडर्स

**आज शाम 7.30 बजे से कोलकाता में भिड़ेंगी रहाणे और अय्यर की टीमें**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता





मुश्किलों में घिरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोमवार को फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती संघर्ष के लिए शीर्ष तेज गेंदबाजों पेसर मुस्ताफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहरा सकती है लेकिन बड़ा मुद्दा टीम की गलत रणनीति है, जिसके कारण टीम ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं। टीम को 2024 में उसे खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) नहीं करने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अय्यर ने 2025 में अपनी अगुआई में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाकर खुद को साबित किया है और तीन अलग-अलग फ्रैंचाइजी-दिल्ली कैपिटल्स (2020), नाइट राइडर्स (चैंपियन 2024) और पंजाब किंग्स (2025) - को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने।

## खबर संक्षेप



### अरामको गोल्फ चैंपियनशिप : शीर्ष 20 में अदिति अशोक

**लास वेगास।** अदिति अशोक तीसरे दौर में चार ओवर 76 के खराब प्रदर्शन के साथ अरामको गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर खिसक गईं। तीन दौर के बाद अदिति का कुल स्कोर पांच ओवर है। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स ने तीसरे दौर में छह ओवर 78 जबकि अवनी प्रशांत ने नौ ओवर 81 का स्कोर बनाया। प्रणवी का कुल स्कोर 13 ओवर जबकि अवनी का 16 ओवर है। दोनों क्रमशः संयुक्त 69वें और संयुक्त 73वें स्थान पर चल रही हैं। इससे पहले दीक्षा डागर कट हासिल करने में नाकाम रहीं थी। अमेरिका की लॉरेन कॉफलिन ने तीसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से कुल सात अंडर के स्कोर के साथ बढ़त बरकरार रखी है।

### कोचर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पांचवें पोजीशन पर रहे



**चीबा।** भारत के करणदीप कोचर चौथे दौर के अंतिम लम्हों में बर्डी की हैट्रिक लगाकर इंटरनेशनल सीरीज गोल्फ टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस स्मिथ ने अंतिम होल में ईगल के साथ खिताब जीता। कोचर ने अंतिम दिन बोगी रहित प्रदर्शन करते हुए चार अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल में बर्डी की और कुल 12 अंडर 272 का स्कोर बनाया। वह खिताब जीतने वाले स्मिथ से तीन शॉट पीछे रहे।

### अल गौना स्क्वाश में जीते अभय सिंह अनाहत बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के अभय सिंह ने मिस्र के अल गौना में चल रही पीएसए प्लेटिनम प्रतियोगिता अल गौना ओपन के पुरुषों के एकल वर्ग के पहले दौर में मेजबान देश के दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी अली अबोउ एलीनन को 3-2 से हराया। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने शनिवार को एलीनन के खिलाफ 9-11, 11-8, 3-11, 11-4, 11-8 से जीत हासिल की। अब अभय का सामना मिस्र के ही छठे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा। इस बीच महिला एकल में दुनिया की 20वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह को मिस्र की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी हानिया अल हम्मामी ने पहले दौर में 11-8, 11-5, 9-11, 11-8 से हरा दिया।

**सनराइजर्स ने 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवाए**

### लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

# पंत की शानदार पारी, लखनऊ ने हैदराबाद को दी करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया। एसआरएच को 9 विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद एलएसजी ने 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 160 रन बनाकर जीत हासिल की। कप्तान ऋषभ पंत ने एलएसजी के लिए 50 गेंदों में सबसे ज्यादा 68 रन की नाबाद पारी खेली। एडेन मारक्रम ने 45 रन का योगदान दिया। एसआरएच के लिए हर्ष दुबे ने दो, जबकि इशान मलिंगा और शिवांग कुमार ने एक-एक विकेट लिया।

### मोहम्मद शमी ने तोड़ा जहीर खान का रिकॉर्ड

आईपीएल 2026 के 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने क्या कमाल की गेंदबाजी की। शमी ने हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 9 रन दिए और 2 विकेट हासिल किए और उनका इकॉनामी रेट 2.20 का रहा। शमी ने अपने दोनों विकेट पावरप्ले के दौरान लिए और वो अब आईपीएल में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में 7वें नंबर पर आ गए और जहीर खान से आगे निकल गए। शमी ने आईपीएल में अब तक पावरप्ले में कुल 54 विकेट लिए हैं जबकि जहीर खान ने कुल 52 विकेट लिए थे। आईपीएल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं, जिन्होंने कुल 79 विकेट लिए हैं जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद ट्रेंट बोल्ट 72 विकेट ले चुके हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर दीपक चाहर हैं, जिन्होंने 67 विकेट लिए हैं जबकि चौथे नंबर पर 62 विकेट के साथ संदीप शर्मा मौजूद हैं। उमेश यादव इस लिस्ट में 58 विकेट के साथ 5वें स्थान पर हैं।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने रचा इतिहास

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज भले ही कमाल नहीं कर पाए हो लेकिन फिर भी टीम ने इतिहास रच दिया। दरअसल, इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद ने 156 रन बना दिए। इसके साथ ही हैदराबाद के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड हो गया है। आईपीएल के इतिहास में 30 रनों के अंदर 4 विकेट गिरने के बाद इतना बड़ा रिकॉर्ड बनाने वाली हैदराबाद पहली टीम बन गई है। इससे पहले आईपीएल में 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवाने के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड गुजरात टाइटंस के नाम था।



### नीतीश-क्लासेन के नाम दर्ज हुआ बड़ा रिकॉर्ड

26 रनों के स्कोर पर 4 विकेट खोकर मुश्किल में नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की पारी को नीतीश कुमार रेड्डी और हेनरिक क्लासेन ने संभाला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी निभाई। यह आईपीएल इतिहास में एसआरएच की ओर से पांचवें विकेट या उससे निचले क्रम के बल्लेबाजों द्वारा की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। क्लासेन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। वहीं, नीतीश भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 33 गेंदों में 56 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का मारक्रम बो शमी | 07 | 8 | 1 | 0 |
| अभिषेक का सिद्धार्थ बो शमी | 00 | 2 | 0 | 0 |
| इशान किशन बो प्रिंस | 01 | 4 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टोन का पंत बो राठी | 14 | 24 | 0 | 1 |
| क्लासेन का पंत बो आवेश | 62 | 41 | 5 | 2 |
| रेड्डी का प्रिंस बो सिद्धार्थ | 56 | 33 | 3 | 5 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 02 | 5 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे बो आवेश | 00 | 1 | 0 | 0 |
| शिवांग कुमार बो प्रिंस | 05 | 4 | 1 | 0 |
| पटेल रन आउट पंत | 04 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 05 कुल योग: (20 ओवर में नौ विकेट पर) 156 रन
**गेंदबाजी :** शमी 4-0-9-2, राठी 4-0-46-1, प्रिंस 4-0-34-2, सिद्धार्थ 4-0-29-1, आवेश 4-0-36-2,

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का लिविंगस्टोन बो शिवांग | 45 | 27 | 6 | 2 |
| मिचेल मार्श का रेड्डी बो मलिंगा | 14 | 12 | 2 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 68 | 50 | 9 | 0 |
| बडोनी स्टंप किशन बो हर्ष | 12 | 9 | 1 | 0 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 01 | 4 | 0 | 0 |
| समद का लिविंगस्टोन बो दुबे | 16 | 12 | 2 | 0 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 02 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 02 कुल योग: (19.5 ओवर में पांच विकेट पर) 160 रन
**गेंदबाजी :** हर्ष 4-0-18-2, रेड्डी 1-0-14-0, उनादकट 3.5-0-50-0, मलिंगा 4-0-30-1, हर्षल 3-0-16-0, शिवांग 4-0-30-1.

**एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप**

# मीनाक्षी, जैस्मीन, लोकेश, हर्ष व आकाश सेमीफाइनल में पहुंचे


मिनाक्षी


जैस्मीन


आकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


हर्ष


लोकेश

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रविवार को खेले गए मैचों में देश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश करके अपना मेडल पक्का किया। यह प्रतियोगिता मंगोलिया के उलानबातर में आयोजित की जा रही है। वर्ल्ड की नंबर वन बॉक्सर और रोहतक की बेटी मीनाक्षी ने जापान की युका सदामत्सु को 5-0 से हराकर महिला वर्ग के 48 किलोग्राम वर्ग में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने तीखे पंचों और रणनीतिक रिंग सूझबूझ से मुकाबले पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा। वहीं, जैस्मीन ने भी 57 किलोग्राम वर्ग में चीन की जियी चेन को 5-0 से हराकर यही सफलता दोहराई। इन दोनों जीतों के साथ ही भारत की सभी यानी 10 महिला मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक जीतने का मुकाम हासिल कर लिया है। भारतीय पुरुष टीम के छह मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच गए। लोकेश ने 85 किलोग्राम वर्ग में कोरिया के गिचाई किम पर 5-0 की शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। लोकेश ने भी नियंत्रण और सटीकता का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आकाश ने तुर्कमेनिस्तान के ग्लस बख्तियारोव को 5-0 से हराया, वहीं हर्ष चौधरी ने भी किर्गिज गणराज्य के तिनिस्तान अलीबायेव को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। हालांकि, 80 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे अंकुश को जॉर्डन के हुसैन इशाइश से हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच विजय हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# टॉमी पॉल ने रचा इतिहास, पहली बार एटीपी क्ले फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶ ह्यूसटन

टॉमी पॉल ने ह्यूस्टन में यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में फ्रांसिस टियाफो को हराकर अपने पहले एटीपी टूर क्ले फाइनल में जगह बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-5, 4-6, 7-6(7) से जीत हासिल की।

■ पॉल ने रोमांचक मुकाबले में फ्रांसिस टियाफो को हराया

इस जीत के साथ, पॉल ने ह्यूस्टन में एटीपी 250 इवेंट में लगातार चौथे चैंपियनशिप मैच में पहुंचने की उम्मीदों को समाप्त कर दिया। मैच लगभग दो घंटे और 45 मिनट तक चला। मैच की शुरुआत पॉल ने बेहतरीन खेल से की और पहला सेट 7-5 से जीत लिया। टियाफो ने दूसरे सेट में जल्दी ब्रेक लेकर मुकाबले में वापसी की और सेट 6-4 से अपने नाम किया। मैच के दौरान 90 मिनट की बारिश की देरी ने पॉल के मोमेंटम को थोड़ा बाधित किया, लेकिन उन्होंने फिर भी मजबूती दिखाते हुए ब्रेक पॉइंट बचाया और सेट को अपने पक्ष में किया।



### टियाफो के साथ एक शानदार मुकाबला : पॉल

पॉल ने मैच के बाद कहा, जब मुझे जरूरत थी, मैंने अच्छा खेला। यह टियाफो के साथ एक शानदार मुकाबला था। वह हमेशा देखने में सबसे एंटरटेनिंग खिलाड़ियों में से रहे हैं। मुझे खुशी है कि हमें यह मैच यहां खेलने का मौका मिला।

### वैशाख ने किया 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से प्रभावित

**कोलकाता।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी, जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। कर्नाटक के रहने वाले 29 वर्षीय वैशाख ने इस सत्र में अपनी 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे आयुष म्हात्रे और सरफराज खान को आउट करके विपक्षी टीम को पांच विकेट पर 209 रन पर रोक दिया था, जिसे उनकी टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स वैशाख का इस्तेमाल मैच के तीन चरणों में कर रही है और यह तेज गेंदबाज इस चुनौती का भरपूर आनंद ले रहा है।

# आईएसएसएफ विश्व कप : दबदबा कायम करने उतरेंगे भारतीय निशानेबाज

एजेंसी ▶▶ ग्रेनाडा


■ आज से शुरू होगी स्पर्धा

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से शुरू होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए। मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा।

### मनु भाकर और सम्राट राणा की खलेगी कमी

टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे

## बार्सिलोना की एटलेटिको मैड्रिड पर जीत



**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मालोर्का में रियाल मैड्रिड की 1-2 की हार के बाद बार्सिलोना की स्थिति और मजबूत कर दी। बार्सिलोना और एटलेटिको की टीम अब चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में भी दो बार भिड़ेंगी। बार्सिलोना की ओर से रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने 87वें मिनट में विजयी गोल दागा। बार्सिलोना की यह सभी प्रतियोगिताओं में पिछले नौ मैच में आठवीं जीत है और टीम ने ला लीगा तालिका के शीर्ष पर रियाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के 30 मैच में 76 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैड्रिड के इतने ही मैच में 69 अंक हैं।

## मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को दी शिकस्त



**लंदन।** दूसरे टियर की टीम साउथम्पटन ने एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल को हरा दिया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हैलेंड की हैट्रिक से लीवरपूल को 4-0 से शिकस्त दी। इंग्लिश लीग कप के फाइनल में सिटी के खिलाफ हार के बाद आर्सेनल ने 85वें मिनट में गोल गंवाकर साउथम्पटन को जीत दर्ज करने का मौका दिया और संभवतः एक और खिताब जीतने का मौका गंवा दिया। दूसरी तरफ सिटी के पास मौजूदा सत्र में दोहरा खिताब जीतने का शानदार मौका है। टीम ने लीवरपूल को हराकर रिकॉर्ड लगातार आठवीं बार एफए कप सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। चेल्सी ने भी तीसरे टियर की टीम पोर्ट वेल को 7-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## बायर्न म्यूनिख ने फ्रीबर्ग को हराया



**म्यूनिख।** लेनार्ट कार्ल ने अतिरिक्त समय के नौवें मिनट में गोल करके बायर्न म्यूनिख को फ्रीबर्ग पर 3-2 से जीत दिलाई और टीम को बुंदेसलीगा फुटबॉल खिताब की दौड़ में शीर्ष पर बनाए रखा। फ्रीबर्ग 81वें मिनट तक 2-0 से आगे था और उलटफेर भरी जीत की ओर बढ़ रहा था लेकिन बायर्न के युवा मिडफील्डरों ने मैच का रुख बदल दिया। बीस साल के टॉम बिशॉफ ने लंबी दूरी से दो गोल किए जबकि 18 साल के कार्ल ने अल्फांसो डेविस के क्रॉस पर गोल दागकर बायर्न की जीत सुनिश्चित की। शीर्ष पर चल रहे बायर्न के इस जीत से 28 मैच में 73 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे बोरुसिया डोर्टमंड पर नौ अंक की बढ़त बना रखी है। डोर्टमंड ने तीसरे स्थान पर चल रहे स्टुटगार्ट को 2-0 से हराया जबकि बायर लीवरकुसेन ने 1-3 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए वोल्फ्सबर्ग को 6-3 से मात दी।




# जबरन चौधरी बन रहे पाकिस्तान को इजराइल ने लताड़ा, कहा- बिलकुल भी नहीं है भरोसे के लायक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


जंग का मैदान बना मिडिल ईस्ट में फिलहाल शांति होती नजर नहीं आ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और कहा है कि यदि होर्मुज मार्ग नहीं खोला गया तो ईरान में तबाही मचा देंगे। हालांकि इस तरह की धमकियां ट्रंप कई बार दे चुके हैं। इसी तनातनी के बीच पाकिस्तान ने चौधरी बनने की कोशिश की और शांति वार्ता कर मामले को सुलझाने का दावा किया। पाकिस्तान के दावे और और बातचीत के प्रयासों पर इजराइल ने एक झटके में पानी फेर दिया। इजराइल ने साफ तौर पर लताड़ लगाते हुए कहा कि ज्यादा चौधरी बनने की जरूरत नहीं है, पाकिस्तान खुद में एक समस्या है और वो किसी भी सूरत में समाधान नहीं करा पाएगा। इसकी बड़ी वजह ये है कि पाकिस्तान बिलकुल भी भरोसे के लायक नहीं है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि उनका देश ऐसे किसी राष्ट्र पर भरोसा नहीं करेगा, जिसके साथ उसके कूटनीतिक संबंध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल अपने फैसले खुद लेता है और इस मामले में अमेरिका के रुख पर भी भरोसा करता है। इस तरह, एक तरफ जहां ईरान और पाकिस्तान बातचीत के जरिए समाधान की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इजराइल का अलग रुख क्षेत्रीय कूटनीति को और जटिल बना रहा है।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद में बातचीत से इनकार की खबरों को गलत बताया है और पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना की है। सैयद अब्बास अराघची ने उन खबरों का खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत के लिए इस्लामाबाद जाने को तैयार नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि तेहरान का रुख बातचीत की शर्तों पर निर्भर करेगा। इसी बीच बीती रात अराघची ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से फोन पर बातचीत की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की और आगे भी संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई। इशाक डार ने तनाव कम करने के लिए पाकिस्तान के प्रयासों को दोहराया और कहा कि समस्याओं का समाधान बातचीत और कूटनीति से ही संभव है।बातचीत से पहले सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया पर कहा कि अमेरिकी मीडिया ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान ने कभी भी इस्लामाबाद जाने से इनकार नहीं किया और पाकिस्तान के प्रयासों के लिए वह आभारी है। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ईरान ने आखिरी समय में इस्लामाबाद में बातचीत से पीछे हट गया।

## मिडिल ईस्ट में तनाव खत्म कराने कर रहा था उछल-कूद

**ईरान ने पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना की लेकिन इजराइल ने साफ मना कर दिया**

**इस्लामाबाद में शांति वार्ता के प्रयास हुए थे, लेकिन बातचीत ही सफल नहीं हो पाई**


सैयद अब्बास अराघची | शहबाज खान | नेतन्याहू

### तनाव के बीच जारी कूटनीति

*ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालात को 37 दिन हो चुके हैं और अब तक युद्धविराम के कोई संकेत नहीं मिले हैं। ऐसे समय में पाकिस्तान लगातार मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है। सैयद अब्बास अराघची ने बातचीत में अमेरिका और इजराइल को क्षेत्रीय अस्थिरता के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। वहीं, इशाक डार ने फिर दोहराया कि शांति का रास्ता केवल बातचीत से ही निकलेगा और सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए।*

# ट्रंप खुद की खुद से कर रहे तारीफ बताया अमेरिकी पायलट का रेस्क्यू का पूरा हाल

## ट्रंप ने बताय हमारा बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे फंसा था



मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच बीते दिनों ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट एफ-15ई जेट को मार गिराया। इस दौरान फाइटर जेट का एक पायलट सुरक्षित बच गया, जबकि दूसरा लापता हो गया। जिसको लेकर अमेरिकी सेना बचाव अभियान चला रही थी। इस बीच ट्रंप ने पुष्टि की है कि ईरान में लापता पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने टुथ सोशल पर किए पोस्ट में लिखा, हमने उसे बचा लिया! मेरे प्यारे अमेरिकी साथियों, पिछले कुछ घंटों में, अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह अभियान हमारे एक बेहतरीन क्रू सदस्य अधिकारी के लिए था, जो एक बेहद सम्मानित कर्नल भी हैं, और मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वह अब पूरी तरह सुरक्षित और सही-सलामत हैं। ट्रंप ने बताया कि हमारा बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे फंसा हुआ था, और हमारे दुश्मन उसका लगातार पीछा कर रहे थे। ईरानी सैनिक हर घंटे उसके और करीब आते जा रहे थे। लेकिन वह कभी भी सचमुच अकेला नहीं था, क्योंकि उसके कमांडर-इन-चीफ, युद्ध सचिव, जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन और उसके साथी योद्धा दिन-रात 24 घंटे उसकी लोकेशन पर नजर रख रहे थे।

### सैन्य इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

ट्रंप ने अमेरिकी सेना द्वारा चलाए गए इस बचाव अभियान को चमत्कारी बताया। ट्रंप ने कहा कि हमने कल पुष्टि नहीं की थी, क्योंकि हम अपने दूसरे बचाव अभियान को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। सैन्य इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि दो अमेरिकी पायलटों को दुश्मन के इलाके के काफी अंदर से, अलग-अलग अभियानों में बचाया गया है। ट्रंप ने बताया कि हम कभी भी किसी अमेरिकी योद्धा को पीछे नहीं छोड़ेंगे। हमने इन दोनों अभियानों को बिना किसी एक भी अमेरिकी सैनिक के मारे जाने या घायल हुए बिना सफलतापूर्वक पूरा किए हैं। हमने ईरान के आसमान में अपना हवाई वर्चस्व और श्रेष्ठता हासिल कर ली है। यह एक ऐसा पल है, जिस पर सभी अमेरिकियों- चाहे वे रिपब्लिकन हों, डेमोक्रेट हों या कोई और सभी को गर्व महसूस करना चाहिए और एकजुट होना चाहिए।

### अराघची ने बुशहर प्लांट के पास हमले की निंदा की, कहा- नतीजे घातक होंगे

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास अमेरिका-इजराइल हमले की निंदा की और पश्चिम एशिया इलाके के लिए इसके खतरनाक नतीजों की चेतावनी दी। इससे पहले, तेहरान ने पुष्टि की कि ईरान के इकलौते ऑपरेशनल न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिसमें एक सुरक्षा कर्मी की मौत हो गई और साइट पर एक बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से यह चौथा ऐसा हमला था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, अराघची ने कहा, इजराइल-अमेरिका ने अब तक हमारे बुशहर प्लांट पर चार बार बमबारी की है। रेडियोएक्टिव फॉलआउट जीसीसी की राजधानियों में जिंदगी खत्म कर देगा।

## ईरान अमेरिका को पहुंचा रहा नुकसान

# ईरान बोला- दो अमेरिकी हेलिकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान मार गिराए


ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने एक्स पर अमेरिकी विमान के मलबे की तस्वीर शेयर की

ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 2 हेलिकॉप्टर और 2 ट्रांसपोर्ट विमान मार गिराए। इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई, जब अमेरिकी सेना अपने पायलट को रेस्क्यू करने की कोशिश कर रही थी। आईआरजीसी का कहना है कि इस ऑपरेशन के दौरान उसने 2 सी-130 ट्रांसपोर्ट विमान और 2 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर को तबाह कर दिया, जिससे अमेरिकी रेस्क्यू मिशन नाकाम हो गया। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन सफल रहा और पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान से एक बचाए गए अमेरिकी एयरमैन और कमांडो को निकालने वाले दो ट्रांसपोर्ट विमान वहीं फंस गए थे। इसके बाद अमेरिका को तीन नए विमान भेजने पड़े। रिपोर्ट के मुताबिक, बाद में अमेरिकी सेना ने उन फंसे हुए ट्रांसपोर्ट विमानों को उड़ा दिया, ताकि उनकी तकनीक ईरान के हाथ न लगे।

**रिपोर्ट में दावा- अमेरिका ने खुद जलाए, तकनीक चोरी होने का डर था**

### ईरान ने ट्रंप का अल्टीमेटम ठुकराया

ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है। ट्रंप ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा।

# ट्रंप की धमकी के बीच ओमान और ईरान की बैठक, होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया प्लान..?

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच बड़ी खबर सामने आई है। ओमान और ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में आवागमन को सुचारू बनाने के लिए उच्चस्तरीय बैठक की है। ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के उप-मंत्रियों के स्तर पर शनिवार को बैठक हुई। होर्मुज स्ट्रेट से सुगम और निरंतर नौवहन सुनिश्चित करने के संभावित विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने इस मुद्दे पर विभिन्न दृष्टिकोण और व्यावहारिक प्रस्ताव रखे, जिनका आगे अध्ययन किया जाएगा। यह बैठक ऐसे समय में हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे का समय दिया है। ओमान के विदेश मंत्रालय ने ट्वीट कर बताया कि ओमान सल्तनत और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के बीच विदेश मंत्रालयों के उपमंत्रियों के स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। विदेश मंत्रालय के ट्वीट के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को हुई इस बैठक में दोनों देशों के विशेषज्ञ भी शामिल थे। बैठक का मुख्य विषय क्षेत्र में वर्तमान परिस्थितियों के बीच होर्मुज में ट्रांजिट सुनिश्चित करने के संभावित विकल्पों पर चर्चा करना था। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के विशेषज्ञों ने कई दृष्टिकोण और प्रस्ताव पेश किए, जिन्हें आगे अध्ययन किया जाएगा।

## पिछले साल उर्वरकों का कुल स्टॉक 147 लाख टन था इस साल बढ़कर 180 लाख टन है

# खाद संकट पर सख्त पहरा: 20 देशों से आपूर्ति का जाल, सरकार का युद्धस्तर पर अभियान शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्रभावित किया है, जिसमें ऊर्जा और उर्वरक क्षेत्र प्रमुख हैं। ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक समीकरणों के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति में अनिश्चितता पैदा हुई है, जिसका सीधा असर उर्वरक उत्पादन पर पड़ा है। नाइट्रोजन और फॉस्फेट आधारित उर्वरकों की वैश्विक आपूर्ति सिमटने लगी है, जिससे कृषि आधारित अर्थव्यवस्थाओं के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। देश में खरीफ की बुवाई का समय निकट आने के साथ ही उर्वरक की उपलब्धता को लेकर चिंता स्वाभाविक है। इस परिस्थिति को देखते हुए भारत ने समय रहते वैकल्पिक स्रोतों की तलाश तेज कर दी है। सरकार ने नाइट्रोजन और फॉस्फेट आधारित उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बहुपक्षीय वार्ताओं की शुरुआत की है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े।

**खरीफ 2026 के लिए उर्वरक की आवश्यकता लगभग 390.54 लाख मीट्रिक टन आंकी**

**उर्वरकों के लिए दुनिया के 20 देशों में भारतीय राजदूत मुस्तैदी से कर रहे काम**

**देश के 652 जिलों में उर्वरक की बिक्री पर कड़ी निगरानी**



### दूतावासों की निर्णायक भूमिका

*करीब 20 देशों में स्थित भारतीय दूतावास इस संकट से निपटने में अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। ये दूतावास स्थानीय उर्वरक कंपनियों और सरकारी संस्थाओं के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं।*

### पारंपरिक आपूर्ति तंत्र में व्यवधान

*अब तक पश्चिम एशियाई क्षेत्र भारत की उर्वरक जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा पूरा करता रहा है। यूरिया, डाई-अमोनियम फॉस्फेट और एलएनजी की आपूर्ति का लगभग एक तिहाई हिस्सा इसी क्षेत्र से आता रहा है। लेकिन वर्तमान संकट ने इस स्थापित तंत्र को अस्थिर कर दिया है, जिससे भारत को नए स्रोतों की तलाश करनी पड़ रही है। यह बदलाव दीर्घकालिक रणनीतिक पुनर्संतुलन का संकेत भी देता है।*

### रूस के साथ सहयोग से मिली राहत

*रूस ने भारत की उर्वरक जरूरतों को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया है। उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान यह आश्वासन दिया गया कि खनिज उर्वरकों की आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है और भविष्य में भी सहयोग जारी रहेगा। यह भरोसा भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे तत्काल संकट को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी ।*

## ग्रीन आशा लेकर आ रहा है 20 हजार मीट्रिक टन एलपीजी

# एलपीजी पर बड़ी खुशखबरी! भारतीय ध्वज वाले जहाज ग्रीन आशा ने पार किया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

**पहले तीन दिनों की अवधि में 92,600 टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति की गई**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलपीजी के मोर्चे पर देश के लिए खुशखबरी है। भारतीय ध्वज वाले जहाज ग्रीन आशा ने ईरान के पास मौजूद संकरे समुद्री रास्ते स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। खाड़ी क्षेत्र में तनाव शुरू होने के बाद, यह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से निकलने वाला भारत का नौवां जहाज है।

ईरान ने अमेरिका, इजराइल से युद्ध शुरू होने के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया है। दुनिया के एनर्जी सेक्टर के लिए यह रास्ता काफी अहम है, क्योंकि विश्व में होने वाले पेट्रोलियम के कुल व्यापार में से 20 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रीन आशा एक एलपीजी टैंकर है



और बढ़ते जोखिमों के बावजूद इसका सफलतापूर्वक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार करना, इस क्षेत्र पर भारत की निरंतर निर्भरता को दर्शाता है। दरअसल, इस तनाव ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है, जिससे दुनिया के ऊर्जा बाजार कठिन चुनौती से गुजर रहे हैं। समुद्री आंकड़ों से पता चलता है कि इस मार्ग का उपयोग करने वाले लगभग 60 प्रतिशत मालवाहक जहाज या तो ईरान से आ रहे हैं या ईरान के लिए ही जा रहे हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारतीय जहाजों की गतिविधि अपेक्षाकृत मजबूत बनी हुई है।ग्रीन आशा की यात्रा से पहले, कम से कम आठ भारतीय जहाज इस मार्ग से गुजर चुके थे। इनमें एलपीजी वाहक बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम शामिल थे, जिन्होंने संघर्ष क्षेत्र से लगभग 94,000 टन माल का परिवहन किया। मार्च के अंत में, पाइन गैस और जग वसंत सहित चार भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकरों ने तीन दिनों की अवधि में 92,600 टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति की।

### 80,000 टन से अधिक कच्चे तेल का परिवहन किया

*इससे पहले, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी ने मार्च के मध्य में गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों तक लगभग 92,700 टन एलपीजी पहुंचाई थी।अन्य शिपमेंट में कच्चा और ईंधन शामिल थे। तेल टैंकर जग लाडकी ने संयुक्त अरब अमीरात से मुंद्रा तक 80,000 टन से अधिक कच्चे तेल का परिवहन किया, जबकि जग प्रकाश ने ओमान से अफ्रीकी बाजारों के लिए गैसोलीन ले जाते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार किया। एक अन्य एलपीजी वाहक, ग्रीन सानवी ने भी हाल ही में लगभग 46,650 मीट्रिक टन कार्गो के साथ अपनी यात्रा पूरी की।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109